खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 23°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 11 जुलाई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 331 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.

www.shahtimesnews.com

विस्तृत ख़बरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 15 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मुख्यमंत्री योगी ने सनातन धर्म को भारत की आत्मा बताया पेज 2



भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास इंग्लैंड में जीती सीरीज खेल टाइम्स



विकास की रफ्तार पर बोझ है बढ़ती जनसंख्या सम्पादकीय



अमेरिका की टैरिफ नीति से भारत को फायदा, रिपोर्ट में दावा पेज 12

## पूरे देश में मानसून का कहर जारी

# दिल्ली-NCR में बाढ़ जैसे हालात

### गुरुग्राम में गाड़ियां तैरी, घरों में घुसा पानी व रुद्रप्रयाग में पहाड़ टूटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बारिश जारी है। बुधवार शाम हुई बारिश के बाद दिल्ली और गुरुग्राम की सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात हैं। गाड़ियां पानी में तैरती नजर आईं। कई इलाकों में लोग तक पानी में डूब गए। घरों में पानी भर गया है। वहीं उत्तराखंड में बारिश के चलते कई जगहों में लैंडस्लाइड हुई है।

रुद्रप्रयाग में बद्रीनाथ रोड पर पहाड़ टूट गया। दिल्ली और गुरुग्राम में गुरुवार को बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार शाम हुई तेज बारिश के बाद शहर की अधिकतर सड़कों पर पानी भर गया। गुरुग्राम सेक्टर 6 में शीतला माता मंदिर के पास गाड़ियां पानी में तैरती नजर आईं। लोग तक पानी में डूब गए। दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे के नरसिंहपुर के नजदीक सर्विस लेन पर 2 फुट तक पानी जमा हो गया।



### बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद कर रही सेना

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना बाढ़ से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश और पूर्वोत्तर में बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान में नागरिक प्रशासन की मदद कर रही है। सेना की ओर से गुरुवार को बताया गया कि हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में हाल ही में आई बाढ़ के बाद स्थानीय प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत और बचाव अभियान में सेना की टुकड़ियां राज्य आपदा मोचन बल , राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और स्थानीय अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर मदद कर रही हैं। सेना ने थुनाग, बग्सियाड और पंडोह सहित प्रमुख स्थानों पर टुकड़ियां तैनात की हैं, जो आवश्यक आपूर्ति जारी रखने के लिए महत्वपूर्ण पहुंच मार्गों को खोल रही है। इसके अलावा थुनाग में चिकित्सा सहायता और राहत सामग्री के वितरण में भी मदद की जा रही है।

### बाढ़ प्रभावित छह राज्यों के लिए एक हजार करोड़ से अधिक की राशि मंजूर

**नई दिल्ली।** केन्द्र ने बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित राज्यों असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, केरल और उत्तराखंड के लिए 1,066.80 करोड़ रुपये की राशि जारी करने की मंजूरी दी है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार हर स्थिति में राज्यों के साथ दृढ़ता से खड़ी है।

केंद्र सरकार ने बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, केरल और उत्तराखंड राज्यों के लिए एसडीआरएफ के अंतर्गत केंद्रीय हिस्से के रूप में 1066.80 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इस वर्ष 19 राज्यों को एसडीआरएफ और एनडीआरएफ निधि से 8000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रदान की गई है। वित्तीय सहायता

■ **सभी तरह की रसद सहायता प्रदान करना केन्द्र की प्राथमिकता**

के अलावा आपदा के समय राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, सेना और वायुसेना की तैनाती सहित सभी तरह की रसद सहायता प्रदान करना केन्द्र की प्राथमिकता रही है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि छह बाढ़ प्रभावित राज्यों में से असम को 3750.60 करोड़ रुपये, मणिपुर को 29.20 करोड़, मेघालय को 30.40 करोड़, मिजोरम को 22.80 करोड़, केरल को 153.20 करोड़ और उत्तराखंड को 455.60 करोड़ रुपये राज्य आपदा मोचन निधि से केन्द्रीय हिस्से के रूप में दिए गए हैं।

## उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर दिल्ली हाईकोर्ट की रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष, मौलाना अरशद मदनी ने गुरुवार को अदालत की कार्यवाही का स्वागत किया और संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ह्हम अंतिम निर्णय का इंतज़ार कर रहे थे, लेकिन दिनभर की सुनवाई के बाद जो नतीजा सामने आया, वह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि आपत्तिजनक दृश्य हटाए जाने के बावजूद फिल्म में अब भी ऐसा सीन मौजूद है, जो हमारे समाज में नफरत का ज़हर फैला सकता है।

मौलाना मदनी ने आगे कहा कि फिल्म की स्क्रीनिंग पर स्टे और अदालत के अन्य आदेशों ने संविधान की सर्वोच्चता को मज़बूत किया है। यह एक स्पष्ट संदेश भी देता है कि कला और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कोई भी व्यक्ति संवैधानिक और नैतिक सीमाओं का उल्लंघन नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में

■ **कार्यवाही बहुत उत्साहजनक है, हम अदालत के फैसले का स्वागत करते हैं: मौलाना अरशद मदनी**

कुछ और आपत्तिजनक फ़िल्में भी बनी हैं, लेकिन वे इतनी घिनौनी नहीं थीं। इस फ़िल्म में एक हत्या की घटना की आड़ में एक पूरे समुदाय को इस तरह कठघरे में खड़ा किया गया है, मानो वे अपराधी हों। इसीलिए हमने इस मामले को अदालत में ले जाने का फ़ैसला किया। हमें खुशी है कि हमारी कोशिशें कामयाब रहीं, और हमें पूरा विश्वास है कि इंशाल्लाह अंतिम फ़ैसला भी हमारे पक्ष में ही होगा। यह फ़ैसला सिर्फ़ फिल्म पर रोक नहीं है, बल्कि सांप्रदायिक तत्वों के इरादों और एजेंडे पर एक रोक है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे वकीलों, विशेषकर देश के सबसे प्रतिष्ठित वकीलों में से एक, कपिल - **शेष पृष्ठ दो पर**

### गुरुग्राम में टेनिस खिलाड़ी राधिका की हत्या, पिता ने बेटी को मारी गोली

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में गुरुवार को बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया। यहां सुशांत लोक फेस-2 में टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। राधिका की उम्र महज 24 साल थी। शुरुआती जानकारी के मुताबिक राधिका के पिता पर ही गोली मारने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि राधिका के पिता सोशल मीडिया पर बेटी द्वारा रील बनाने से नाराज थे। जांच में यह बात सामने आई है कि पिता ने बेटी के ऊपर पांच बार फायरिंग की थी, जिसमें से तीन गोली राधिका को लगी है। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में जिस हथियार का इस्तेमाल किया गया है वो भी बरामद कर लिया है।

### बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण पर रोक नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर गुरुवार को कोई अंतरिम स्थगन आदेश जारी न करते हुए चुनाव आयोग को 21 जुलाई तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। साथ ही, आयोग से कहा कि वह मतदाताओं की पहचान साबित करने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड और मतदाता फोटो पहचान पत्र को स्वीकार्य दस्तावेजों के रूप में अनुमति देने पर विचार करे। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर से दायर याचिका पर यह निर्देश दिया।

### छांगुर बाबा के नेटवर्क का पता लगाएगी यूपी एटीएस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने गुरुवार को धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को सात दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू कर दी। अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि यूपी एटीएस ने छांगुर बाबा और उसकी मुख्य सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन को सात दिन की रिमांड पर लिया है। उनसे उनके गिरोह के नेटवर्क, पैसों के लेन-देन और उनकी अवैध संपत्तियों के बारे में पूछताछ की जाएगी।

### कोयंबटूर धमाके का मुख्य आरोपी 29 साल बाद गिरफ्तार

**चेन्नई।** तमिलनाडु पुलिस ने 1998 के कोयंबटूर सिलसिलेवार बम विस्फोटों और हत्या के मामलों में 29 साल से फरार मुख्य आरोपी को कर्नाटक के विजयपुरा जिले से गिरफ्तार कर लिया। तमिलनाडु एटीएस ने विशिष्ट और खुफिया जानकारी के आधार पर कोयंबटूर बम विस्फोट और प्रदेश में सांप्रदायिक हत्याओं के मामलों के मुख्य आरोपी सादिक उर्फ टेलर राजा उर्फ शाहजहां शेख को गिरफ्तार किया है।

## दिल्ली- एनसीआर में भूकंप के झटके लगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। यहां रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.4 थी। इसकी वजह से दिल्ली और एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। हालांकि किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है।

हरियाणा के जींद और बहादुरगढ़ के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के इलाकों में भी 10 सेकंड तक झटके महसूस किए गए। बीते छह महीने में दिल्ली और एनसीआर में तीसरी बार भूकंप आया है। इससे पहले 19 अप्रैल और 17 फरवरी को भी भूकंप आया था। अफगानिस्तान में 19 अप्रैल की

■ **4.4 तीव्रता, हरियाणा के झज्जर में था केंद्र, छह महीने के दौरान तीसरी बार भूकंप आया**

दोपहर 12.17 बजे रिक्टर स्केल पर 5.8 तीव्रता का भूकंप आया था। इसका असर जम्मू-कश्मीर और दिल्ली-एनसीआर तक महसूस किया गया था। जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ था। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलाजी (एनएससी) के मुताबिक, भूकंप का असर जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों में भी महसूस किया गया। श्रीनगर में एक व्यक्ति ने बताया कि मैं दफ्तर में था, तभी मेरी कुर्सी हिली। कुछ इलाकों से लोगों को घरों और ऑफिस से बाहर भागते देखा गया।

### स्कूलों के विलय के खिलाफ एक और याचिका हुई खारिज

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के विलय के खिलाफ दाखिल जनहित याचिका को गुरुवार को शुरुआती सुनवाई के बाद खारिज कर दिया है। याचिका का विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर आपत्ति उठाई गई कि मामले में उठाए गए मुद्दे पहले ही सीतापुर के 51 बच्चों की याचिका में एकल पीठ ने निर्णीत कर दिए हैं। ऐसे में समान मुद्दों को लेकर दाखिल यह याचिका सुनवाई को ग्रहण करने योग्य नहीं है। सरकार की इस आपत्ति पर गौर कर कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एआर मसूदी और न्यायमूर्ति श्रीप्रकाश सिंह की खंडपीठ ने यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता ज्योति राजपूत की जनहित याचिका पर दिया। इसमें राज्य सरकार के स्कूलों के विलय या दो स्कूलों को जोड़ने के राज्य सरकार के बीती 16 जून के आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था।

## गुजरात का महिसागर पुल हादसा

# नदी से 17 शव मिले, दो की तलाश जारी



अहमदाबाद, वार्ता

**गुजरात में वडोदरा** व आणंद को जोड़ने वाला पुल टूटने के बाद महिसागर नदी से 17 शव निकाले जा चुके हैं।

एनडीआरएफ को गुरुवार सुबह 2 और दोपहर में एक और शाम को एक शव मिला, जबकि 13 बॉडी बुधवार को ही बरामद हो चुकी थीं। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। अभी भी 2 लोग लापता बताए जा रहे हैं। इनकी तलाश जारी है। महिसागर नदी पर बना ब्रिज बुधवार सुबह टूट गया था। चलते ट्रैफिक के बीच पुल टूट जाने से दो ट्रक, दो कार और एक रिक्शा नदी में गिर गए थे। एक टैंकर टूटे सिरे पर फंस गया था। 45 साल पुराना यह ब्रिज दक्षिण गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ता था। इसके टूटने से भरूच, सूरत, नवसारी, तापी और वलसाड से सौराष्ट्र पहुंचना मुश्किल हो गया है। अब इसके लिए अहमदाबाद होकर जाना होगा।

### तीन बच्चों की हत्यारी मां को फांसी व प्रेमी को उम्रकैद सुनाई

**औरैया।** उप्र में औरैया जिले की एक अदालत ने प्रेम प्रसंग के चक्कर में अपने तीन मासूम बच्चों की नदी में डुबो कर हत्या करने वाली मां को फांसी की सजा सुनाई है, जबकि उसके प्रेमी को आजीवन कारावास के लिए दंडित किया गया है। घटना 27 जून 2024 की सुबह करीब 5 बजे की थी। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के फफूंद थाना क्षेत्र के गांव अटा बरूआ निवासी प्रियंका(27) की शादी इटावा के बसरेहर निवासी अवनीश से हुई थी। जिससे चार बच्चे हैं। दो साल पहले पति अवनीश की करंट लगने से मौत हो गई। इसके बाद प्रियंका अपने चचेरे देवर औरैया निवासी आशीष के साथ पत्नी के रूप में साथ रहने लगी। 27 जुलाई 2024 की सुबह करीब 5 बजे -**शेष पृष्ठ दो पर**

# थरूर ने कुरेदे इमरजेंसी के घाव, नसबंदी को बताया 'इतिहास का काला अध्याय'

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने एक आर्टिकिल में लिखा कि इमरजेंसी को सिर्फ भारतीय इतिहास के काले अध्याय के रूप में याद नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इससे सबक लेना जरूरी है। उन्होंने नसबंदी अभियान को मनमाना और क्रूर फैसला बताया।

थरूर ने मलयालम भाषा के अखबार 'दीपिका' में प्रकाशित आर्टिकल लिखा है। यह गुरुवार को प्रकाशित हुआ है। उन्होंने लिखा कि अनुशासन और व्यवस्था के लिए उठाए गए कदम कई बार ऐसी क्रूरता में बदल जाते हैं, जिन्हें किसी तरह उचित नहीं कहा जा सकता। 50 साल पहले 25 जून, 1975 को तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाई थी। यह 21 मार्च, 1977 तक लागू रही थी। इस दौरान केंद्र सरकार ने कई सख्त फैसले लिए थे। माना फैसला था। थरूर ने लिखा कि इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी का जबरन नसबंदी अभियान चलाने का फैसला क्रूरता का उदाहरण बन गया। गरीब ग्रामीण इलाकों में टारगेट पूरा करने के लिए हिंसा और दबाव का सहारा लिया गया। नई दिल्ली जैसे शहरों में बेरहमी से झुग्गियां तोड़ी गईं। हजारों लोग बेघर हो गए। उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए शशि थरूर ने अपने आर्टिकल में लिखा कि लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह एक बहुमूल्य विरासत है, जिसे लगातार संरक्षित करना जरूरी है। सत्ता को सेंट्रलाइज करने, असहमति को दबाने और संविधान को दरकिनार करने का असंतोष कई रूपों में फिर सामने आ सकता है। अक्सर ऐसे एक्शन को देशहित या स्थिरता के नाम पर उचित ठहराया जाता है। इस अर्थ में इमरजेंसी एक चेतावनी के रूप में खड़ा है। लोकतंत्र के संरक्षकों को हमेशा सतर्क रहना होगा। थरूर ने 23 जून को द हिंदू में पब्लिश एक आर्टिकल में लिखा था कि मोदी की ऊर्जा, गतिशीलता और जुड़ने की इच्छा वैश्विक मंच पर भारत के लिए प्रमुख संपत्ति बनी हुई है, लेकिन उन्हें और ज्यादा सपोर्ट मिलना चाहिए।



■ **कांग्रेस सांसद ने कहा: इससे सबक लेना जरूरी, नसबंदी अभियान मनमाना और क्रूर फैसला था**

## निमिषा की फांसी पर रोक की अर्जी, SC 14 को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय हत्या के एक मामले में केरल निवासी नर्स निमिषा प्रिया की यमन में 16 जुलाई को निर्धारित फांसी की सजा पर रोक और उसकी रिहाई के लिए केंद्र सरकार को कूटनीतिक प्रयास करने का निर्देश देने की मांग संबंधी एक याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगी।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की आंशिक कार्य दिवस पीठ ने 'सेव निमिषा प्रिया एक्शन काउंसिल' नामक एक संगठन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रागेंथ बसंत के शीघ्र सुनवाई के अनुरोध के बाद संबंधित याचिका को (14 जुलाई के लिए) सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। अधिवक्ता बसंत ने 'विशेष उल्लेख' के दौरान अदालत से यह अनुरोध किया था। वरिष्ठ अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष दलील दी कि शरीयत कानून के अनुसार, अगर पीड़ितों के रिश्तेदार 'खूंबहा' स्वीकार करने को तैयार हों, तो किसी व्यक्ति को रिहा किया जा सकता है। खूंबहा का मतलब है कि पीड़ित परिवार को मुआवजे का प्रस्ताव दिया जाए और वे इसे लेने को तैयार हों, तो अभियुक्त की सजा माफ की जा सकती है।

■ **नर्स निमिषा को यमन में 16 जुलाई को दी जानी है फांसी**

# पशुशाला की दीवार व छत गिरी

## चार पशुओं की दबकर मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** दूध कारोबारी की पशुशाला की दीवार व टीन शेड की छत गिरने के दौरान मलबे में दबकर चार पशुओं की मौत हो गई। जबकि तीन महिलाओं सहित चार घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार नहटौर के नूरपुर मार्ग से मिलक अमराबाद लिंक मार्ग पर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास तुफैल अहमद पुत्र शहाबुद्दीन का घर है। घर के पास ही उसने टीन शैड डालकर पशुशाला बना रखी है। उसने करीब 18 पशु पाल रखे हैं। वह दूध बेचने का काम करता है। बताया जाता है कि गुरुवार की सुबह करीब 4:00 बजे बारिश के दौरान अचानक पड़ोसी नागेंद्र चौधरी के घर से लगी पशुशाला की दीवार गिरने लगी। पता चलने पर नागेंद्र चौधरी ने दूध कारोबारी के परिवार को बताया, जिस पर वह पशुशाला में बंधे पशुओं को बाहर निकलने लगे। इसी दौरान दीवार पर डाला गया सीमेंट का बीम और शेष दीवार के साथ टीन शैड की छत गिर गई। मलबे की चपेट में आने से चार पशुओं की मौत हो गई। जबकि पशुओं को बाहर निकल रहे तुफैल अहमद के दामाद नफीस अहमद (40 वर्ष) पुत्र निजामुद्दीन, पुत्रियां शबाना (25 वर्ष) पत्नी विशाल, समरजहां (38 वर्ष) और जकिया (22 वर्ष) भी मलबे की चपेट में आकर घायल हो गई। उन्हें सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया गया। सूचना पर प्रभारी तहसीलदार कपिल कुमार आजाद व हल्का लेखपाल ब्रहम सिंह रवि मौके पर पहुंचे और स्थलीय निरीक्षण किया। मृत पशुओं का पशु चिकित्सा अधिकारी से पोस्टमार्टम कराकर दफन कराया गया।

हल्का लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि ने बताया कि हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

# निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर युवक की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम करने के दौरान बिल्डिंग से गिरकर एक युवक की दुखद मौत हो गई, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही परिजन घटनास्थल के लिए रवाना हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कासमपुर गढ़ी निवासी मारूफ पुत्र फारूक आज बुधवार को पीओपी का काम करने के लिए मेरठ गया था। जाते ही वह एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में काम करने लगा था। बुधवार को अपराह्न काम करने के दौरान मारूफ की बिल्डिंग से गिरकर दुखद मौत हो गई। परिजनों के साथ मेरठ जाते हुए मृतक के तयेरे भाई इकरार अहमद ने मृत्यु की पुष्टि करते हुए बताया कि मारुफ की मौत किस कारण हुई स्पष्ट पता नहीं चल पाया। बिल्डिंग से गिरकर मौत हुई है या फिर क्रेन के बौम से टकराकर मौत हुई है।

## एक नजर

### फुलसंदा में पीड़ित परिवार से मिले सांसद



**नहटौर।** गांव फुलसंदा निवासी 26 वर्षीय सरफराज को किडनी की बीमारी के चलते बिजनौर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। 14 जून को बिजनौर के जिला अस्पताल में डायलिसिस के दौरान बिजली चले जाने पर सरफराज की मौत हो गई थी। जिला अस्पताल में लापरवाही से सरफराज की मौत होने को लेकर खूब हंगामा मचा था। बुधवार की सांय करीब 7:00 बजे नगीना लोकसभा के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने गांव फुलसंदा पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने इस मामले को उच्च अधिकारियों से अवगत कराते हुए कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

### आम की बहार तोड़ने की शिकायत



**नहटौर।** गांव फतेहपुर निवासी अन्नी त्यागी, हेमवीर त्यागी, बंटी त्यागी, अरुण कुमार त्यागी, उदयवीर त्यागी , मानव कुमार त्यागी, कपिल त्यागी, राजवीर त्यागी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के एक युवक ने गांव की सरकारी संपत्ति में खड़े सरकारी आम के पेड़ की बहार को एक अन्य गांव के व्यक्ति को बेच दिया। उक्त व्यक्ति आम की बहार को तोड़ने लगा। जब उससे सरकारी संपत्ति पर खड़े सरकारी पेड़ों से बहार तोड़ने को मना किया गया तो आम तोड़कर कहीं शिकायत करने पर भुगत लेने की धमकी दी गई।

### शिविर में 140 मरीजों का परीक्षण



**धामपुर।** श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के सौजन्य से ग्राम मंझेड़ा शकरू में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा एक निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे अनुभवी डॉक्टर की टीम ने 140 रोगियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। इस शिविर में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, नेत्र जांच एवं शुगर की निशुल्क जांच की गई एवं दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गई। इस शिविर में डॉक्टर सुमित सिंह, डॉक्टर गौहर फैयाज, डॉक्टर वसीम आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा एवं श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल स्टाफ एम एम गिल, अंकुर कौशिक, वर्षा चौहान, कुलदीप कुमार, निशु रानी, का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ।

### धूमधाम से मनाई गुरु पूर्णिमा



**धामपुर।** मंदिरों और आश्रमों में गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई। राजपूत विहार कॉलोनी स्थित अनन्त श्री शिव शक्तिपीठ एवं संस्कार शाला आश्रम पर आचार्य डा. दिनेश चन्द्र भारद्वाज के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। इस अवसर पर भक्त जनों ने गुरु पूजन कर आशीर्वाद लिया। आचार्य श्री ने गुरु महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु का हृदय अपने शिष्य के लिए मां के तुल्य होता है। करुणा-स्नेह-वात्सल्य की प्रतिमूर्ति मां है, शिष्य के लिए गुरु भी मां की तरह भेद बुद्धि रहित होता है, इसीलिए इस पर्व को गुरु पूर्णिमा कहते हैं। गुरु+पूर्ण+मां= गुरुपूर्णिमा। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, एके सक्सेना, डीएस चौहान, जितेन्द्र गोयल, गीता चौहान, रेनू चौहान, सुधा चौहान, मनोज चौहान, संजय गोयल, संगीता गोयल, पारस पुष्पक, पिंकी पुष्पक मीनाक्षी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मोती शर्मा, शौर्य आदि ने किया। नगर के बड़ा शिव मंदिर ठाकुरद्वारा बजरिया मंदिर संकट मोचन हनुमान मंदिर चामुंडा मंदिर पंजाबी कॉलोनी शिव मंदिर श्री राम मंदिर में भी गुरु पूर्णिमा मनाई गई।

# पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए 2700 पौधे रोपे



## पालिका में अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर पालिका प्रशासन ने नगर में पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए 2700 पौधे रोपे है।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका प्रशासन ने 2951 पौधे रोपने के लिए बनाई गई कार्य योजना के तहत शुक्रवार को नगर पालिका परिसर से इस अभियान का शुभारंभ किया था। अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि इस अभियान के तहत जामुन, अनार, अमरुद, नींबू, आम आदि वैरायटी के पौधे रोपे गए है। जिसमें नगर के एचएमआई इंटर कॉलेज, श्याम नारायण सिंह स्मारक इंटर कॉलेज, मुस्लिम कन्या इंटर कॉलेज, जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और झील पार्क के अलावा नहटौर बाईपास के कब्रिस्तान आदि स्थानों पर 2700 पौधे रोपे गए।

इस मौके पर रमेश कुमार हर्ष जैन, कपिल कुमार, सलीम अहमद, अकरम अहमद, शाहवेज, आमिर आदि ने पौधे रौपे।

# विद्युतकर्मी निजीकरण के विरोध में सड़क पर उतरे

## एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज और इंजीनियर्स के राष्ट्रीय आह्वान पर देश के 70 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिवसीय निजीकरण के विरोध में सांकेतिक हड़ताल की। इसी क्रम में जनपद शाखा बिजनौर द्वारा मंडल कार्यालय आवास विकास के प्रांगण में विरोध सभा आयोजित की।

एक दिवसीय हड़ताल को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल कुमार व जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही, भारतीय किसान यूनियन (वीएम सिंह) जिलाध्यक्ष बिट्टू कुमार, अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह एवं डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने पूर्ण समर्थन दिया। सभी ने निजीकरण का खुल के विरोध किया और कहा निजीकरण देश की अर्थव्यवस्था के लिए घातक है जिससे देश में महंगाई एवं बेरोजगारी बढ़ेगी और पूंजीपतियों को बढ़ावा मिलेगा। विरोध सभा में निजीकरण के विरोध नारेबाजी करते हुए सरकार से बिजली के निजीकरण के निर्णय को वापस लेने की मांग की।

इस अवसर पर विद्युत प्रतिभा पश्चिमांचल उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार गुर्जर, शेर सिंह जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन, एकता अटेवा जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत, राकेश कुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ तथा अन्य संगठन के पदाधिकारी द्वारा सभा में प्रतिभाग किया। विरोध सभा की अध्यक्षता अधिशासी अभियंता इंजीनियर अजय कुमार व संचालन जितेंद्र कुमार गुर्जर द्वारा किया गया।

विरोध सभा में राजेंद्र कुमार, ओंकार शर्मा, अरविंद बिंद, विवेक विश्वकर्मा, संजय सिंह यादव, मनोज कुमार, राजेंद्र कुमा,र विश्राम यादव, आईपी सिंह, ऋषिकांत गौड, अमित कुमार, पुरंजय, उमेश अग्रवाल, रामावतार, लोकेंद्र सिंह, सौरभ कुशवाहा, लोकेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष राज्य विद्युत परिषद प्रावैधिक कर्मचारी संघ खड़क सिंह, गजराज सिंह, सूर्यमणि कुशवाहा, विनोद कुमार आदि ने भी विरोध दर्ज कराया गया।

# मुस्सेपुर में गुरु पूर्णिमा पर किया भंडारे का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मंडावली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुस्सेपुर के समाधि श्री राजा जी महाराज पर आज गुरु पूर्णिमा का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर शुभम, भोले एवं सन्दीप ने विशाल भंडारे का आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों ने ग्राम वासियों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर समाधि श्री राजा जी महाराज के व्यवस्थापक महन्त अमित विवेकानन्द जी को भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित करके आशीर्वाद प्राप्त किया।

साथ ही ईश्वर से प्रार्थना की कि हमारे क्षेत्र में भगवान जी की कृपा सभी पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि हम सर्वे भवंन्तु सुखिन: सर्वे संतु निरामया, सर्वे भद्राणि पश्यंतु मां कश्चित दु:ख भाग भवेत्त, की कामना के साथ गुरु पूर्णिमा का पर्व मना रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से चौधरी ईशम सिंह, नरपाल सिंह, जोगेंद्र राठी, रामेंद्र सिंह, कर्मेंद्र सिंह, दुष्यंत कुमार, अमित कुमार, नीरज कुमार, पंडित धर्मेंद्र कुमार शर्मा, ओंकार सिंह, मा. नरेंद्र सिंह, राजकुमार प्रजापति,भीम सिंह, सुरजीत सिंह सत्यम कुमार, रुमन राठी, जगवती देवी, सुनीता राठी, सविता राठी, यादराम सिंह,वीर सिंह, राजबाला देवी,गीता देवी, सतपाल सिंह, राजपाल भगत जी आदि ने भंडारे में प्रतिभाग कर सेवा की।

# शेख अंजार विधानसभा क्षेत्र नगीना के प्रभारी नियुक्त



## संगठन को मिलेगी मजबूती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने शेख मौ. अंजार को पार्टी के लिए उनकी निष्ठा, इमानदारी, लगन व पूर्व में दी गई जिम्मेदारियों के ठीक से निर्वहन से प्रसन्न होकर उनकी पदोन्नति कर जिला महामंत्री से जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही उन्हें कांग्रेस का नगीना विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी भी नियुक्त किया गया है।

शेख मौ. अंजार को मिली इन बड़ी जिम्मेदारियों पर पूर्व आईएएस अधिकारी आरके सिंह, पूर्व सांसद ओमवती देवी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इश्तियाक अहमद उर्फ बाबू भाई लाठी वाले, अब्दुल वाहिद अंसारी नगर अध्यक्ष नगीना कांग्रेस कमेटी, इरफान सिद्दीकी, रईस अहमद राज, आमिर इकबाल आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए और भरोसा दिखाते हुए कहा कि इस नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलेगी।

वहीं शेख अंजार ने भी पार्टी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं देश की सांप्रदायिक, जातिवादी ताकतों को हराने एवं सामाजिक समरसता व भाईचारा बनाए रखने व संविधान विरोधी ताकतों से संविधान को बचाने के लिए पूरी निष्ठा और सर्म्पण के साथ काम करूंगा।

उन्होंने कहा कि मैं शोषित, पीड़ित एवं वंचितों को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस की विचारधारा एवं गांधीवादी सिद्धान्तों के अनुरूप ही पार्टी का निष्ठापूर्वक कार्य करूँगा।

# कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य पहुंचीं चीनी मिल गेस्ट हाउस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य नजीबाबाद चीनी मिल गेस्ट हाउस पहुंची। इससे पूर्व भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सैनी की माता के निधन पर उनके गांव हुर नंगला श्रद्धांजलि देने पहुंची।

नजीबाबाद पहुंचने पर भाजपा के जिला अध्यक्ष सुधीर भुईयार के नेतृत्व में जिला मंत्री गायत्री निराला, पूर्व ब्लाक प्रमुख अवधेश कुमार, चौधरी योगेंद्र सिंह, संदीप चौधरी, शोभित चौधरी, बहादुर सिंह रवि, जिला मंत्री बलराज त्यागी, राजकुमार प्रजापति, नितिन त्यागी, मिथुन भारती, वरुण अत्रेय, सुभासपा नेता रणवीर सिंह निराला ने कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य का स्वागत किया।

तत्पश्चात बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने की। बैठक में जनपद बिजनौर जिला कार्यक्रम अधिकारी, समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविकाएं व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री बेबी रानी मौर्य ने पोषण ट्रैकर पोर्टल पर उपलब्ध रिपोर्टों का गहनता से समीक्षा की और सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने पोषण पोटली में राजमा एवं अन्य पौष्टिक प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थों को सम्मिलित करने का सुझाव भी दिया। इसके अतिरिक्त, आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण एवं अन्य लंबित कार्यों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उसके बाद मंत्री बेबी रानी मौर्य सिद्धबली बाबा धाम कोटद्वार में बाबा के दर्शन कर नोएडा के लिए रवाना हो गई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उदयपुर फाइल्स....**

सिब्बल ने अदालत को सफलतापूर्वक यह बताया की यह फिल्म देश के बहुलवादी समाज के लिए कितनी खतरनाक हो सकती है। मौलाना मदनी ने यह भी कहा कि इस फिल्म के बारे में लिया गया फैसला भविष्य के लिए भी एक नज़ीर माना जाएगा और अन्य फिल्म निर्माताओं को भी एक बड़ा सबक मिलेगा, जो फिरकापरस्त ताकतों को खुश करने की नापाक मंशा से ऐसी फिल्में बनाकर देश की शांति, एकता और सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते हैं।

**तीन बच्चों की...** प्रियंका अपने चारों बच्चों सोनू (9), माधव (6), आदित्य (4) व मंगल (2) को साथ लेकर घर से निकल पड़ी और ऑटो करके केशमपुर में सेंगर नदी के घाट पर पहुंच गई। जहां से प्रियंका ने अपनी ताई गीता को फोन करके कहा की वह मरने जा रही है और फोन काट दिया। ताई गीता प्रियंका को तलाशने औरैया गई, लेकिन प्रियंका घर पर नहीं मिली। इधर प्रियंका ने चारों बच्चों को कुछ नशीला पदार्थ खिलाकर नदी में डूबो दिया। मगर ग्रामीणों को आते देख वह वहां से भाग गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और ग्रामीणों ने नौ साल के सोनू को बाहर निकाला, जो जीवित था। जिसने पुलिस को नाम पता और घटनाक्रम बताया। इस पर परिजनों को सूचना दी गई। गोताखोर को बुलाकर नदी से छह साल के आदित्य और चार साल के माधव के शव को बाहर निकाल लिया। जबकि दो वर्ष के मंगल का शव करीब दो घंटे बाद मिला था। पुलिस ने बच्चों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने प्रियंका के सगे देवर मनीष की तहरीर पर प्रियंका एवं उसके प्रेमी (चचेरे देवर) आशीष उर्फ डैनी के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की और 20 दिन में दोनों आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल ली। जिसके बाद मामला एडीजे थर्ड सैफ अहमद की कोर्ट में चला।

जहां पर सात लोगों सोनू (जीवित बचा पुत्र), मनीष वादी मुकदमा (मृतकों का चाचा), दिनेश (एफआईआर व जीड लेखक), शकील खान (आदित्य व माधव का पंचनामा भरा), सौरभ कुमार (मृतको का पीएम कराया), हरीश कुमार (मंगल का पंचनामा भरा) व एसआई भूपेंद्र सिंह (पर्याप्त साक्ष्य संकलन के साथ आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 307 व 120बी में 20 दिन के अंदर आरोप पत्र दाखिल किया) की गवाही के बाद 9 माह 14 दिन बाद आरोपी मां प्रियंका को फांसी एवं उसके प्रेमी चचेरे देवर आशीष उर्फ डैनी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वादी को ओर जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक मिश्र आदि ने पैरवी की। जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा ने बताया कि कोर्ट ने इसे क्रूरतम से क्रूरतम अपराध माना है। सजा दिलाने में एडीजीसी उमेश राजपूत ने कड़ी से कड़ी सजा की पैरवी की थी।

## मुख्यमंत्री ने सनातन धर्म को भारत की आत्मा बताया

# राम विरोधियों की दुर्गति तय है: योगी

**गोरखपुर, वार्ता**

सनातन धर्म को भारत की आत्मा बताते हुए गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि प्रखर समाजवादी डा. राममनोहर लोहिया के विचार से इतर आज के समाजवादी रामभक्तों पर गोली चलाते हैं।

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि डा. लोहिया के वर्तमान चेले भले ही उनकी बात न मानते हों, लेकिन यह बात तय है कि जो राम विरोधी है, उसकी दुर्गति होनी ही है। डा. लोहिया कहते थे कि भारत में जब तक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, लीला पुरुषोत्तम मुरलीधर भगवान श्रीकृष्ण और देवों के देव भगवान शंकर की पूजा होती रहेगी तब तक दुनिया में कोई माई का लाल भारत का बाल भी बांका नहीं कर पाएगा और यह सच भी है भगवान श्रीराम, प्रभु श्रीकृष्ण और देवाधिदेव महादेव शंकर के बिना भारत का पत्ता भी नहीं हिल सकता है।

गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गोरखनाथ मंदिर में चार जुलाई से चल रही श्रीरामकथा के विश्राम सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीराम कथा और देवी-देवताओं से जुड़ीं अन्य कथाएं भारतीय संस्कार का हिस्सा हैं। उन्होंने रामायण मेलों की शुरुआत करने वाले डा. राम मनोहर लोहिया का उल्लेख कर सनातन धर्म पर सवाल उठाने वालों को आईना दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डा. लोहिया, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर समाजवादी और कांग्रेस के प्रखर विरोधी थे। आजादी के बाद जब भारतीयों की एकजुटता को लेकर कुछ लोगों ने शंका जताई थी तब उन्होंने जवाब दिया था कि राम, कृष्ण और शंकर की पूजा होने तक भारत की एकजुटता का प्रश्न ही खड़ा नहीं होता। उन्होंने कहा कि उच्चकुल में पैदा होने के बावजूद मारीच की दुर्गति सबको पता है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि0/उत्तर रेलवे मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित करते हैं।

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | **SNT-ARC-CEL-Cards-MB-2024** रिपेयरिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर 3 इयर्स ऑफ वेरियस टाइप ऑफ सीईएल मेक एसएसडीएसी/एचएएसएसडीएसी/एमएसडीएसी कार्डो ओवर मुरादाबाद डिवीजन | 23911319.70 | 269600.00 | Nil | 11.08.2025 15:00 hrs. |
| 2 | **SNT-Sig-DDN-SRE-RDPMS-mb** प्रोविजन ऑफ आईओटी बेस्ड रिमोट डायग्नोस्टिक एंड प्रिवेंटिव मेंटेनेंस सिस्टम इन डीडीएन-एसआरई सेक्शन ओवर रूट ऑफ वंदे भारत ट्रेन | 80288828.37 | 551500.00 | Nil | 11.08.2025 15:00 hrs. |
| 3 | **RT-SNT-TELE-RAILNET-22-23** मुरादाबाद मंडल के प्रमुख स्टेशन, डिपो, स्टोर पर रेलनेट कनेक्टिविटी। | 31997196.04 | 310000.00 | Nil | 11.08.2025 15:00 hrs. |

नोटः- निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा सूचना- SNT-ARC-CEL, DDN-SRE-RDPMS-TELE-RAILNET दिनांक 10.07.2025 2077/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### गुरु पूर्णिमा पर योगी ने किया महायोगी गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन

**गोरखपुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गुरुवार को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का नाथपंथ की परंपरा के अनुसार विशिष्ट पूजन किया।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलटी

## आधा दर्जन से अधिक विद्यार्थी व अध्यापिकाएं घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** स्कूल मिनी बस दूसरी बस को ओवरटेक करने के प्रयास में पेड़ से टकराकर अनियंत्रित होकर खेतों के किनारे गड्ढे में जा गिरी। बस में लगभग 25 से 30 स्कूल के बच्चे व अध्यापिकाएं सवार थे। सभी लोग चोटिल हो गए, जिसमें आधा दर्जन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। बड़ा हादसा होने से टला। घटना को लेकर बच्चों के अभिभावकों में दहशत का माहौल है अधिकतर स्कूलों में बिना कागजों और बिना फिटनेस के डग्गामार खस्ताहाल, खटारा वाहनों द्वारा स्कूल के बच्चों को ढ़ोया जाता है। आरटीओ सहित जनपद के आला अधिकारी शिकायत करने के बावजूद भी स्कूलों में चल रहे वाहनों की जांच नहीं करते हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के विजयनगर (कादराबाद) स्थित सन साइन स्कूल की बस गुरुवार को प्रातः स्कूल के बच्चे व अध्यापिकाएं लेकर स्कूल जा रही थी, जिसे नई कॉलोनी कालागढ़ (उत्तराखंड) निवासी रवि कुमार चला रहा था। बस चालक द्वारा दूसरी बस को ओवरटेक करने के प्रयास में बस कालागढ़ अफजलगढ़ मार्ग स्थित चौहड़वाला मोड़ पर अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकराकर खेत के किनारे गड्ढे में जाकर पलट गई। बस में लगभग 25 से 30 स्कूल के बच्चे व अध्यापिकाएं सवार थे। बस पलटते ही चीख पुकार मच गई। राहगीरों ने स्कूल के बच्चों व अध्यापकों को खिड़की व शीशे तोड़कर बाहर निकाला एवं उन्हें तुरंत ही पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर रूप से घायल आधा दर्जन स्कूल के बच्चे व एक अध्यापिका को सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कर दिया गया। बस का रजिस्ट्रेशन संख्या HR45A1445 है, जिसकी 2007 को समय सीमा समाप्त हो गई है। बस का रजिस्ट्रेशन हरियाणा प्रदेश का है। बस का रजिस्ट्रेशन किसके नाम पर है। कुल मिलाकर उक्त बस डग्गामार में चल रही थी। साथ ही खस्ताहाल बस का फिटनेस भी नहीं थी। प्राइवेट स्कूलों में भारी मात्रा में एक्सपायरी रजिस्ट्रेशन व खस्ताहाल मिनी बसों, कारों, पिकअप व ई-रिक्शाओं में भूसे की तरह भरकर स्कूल के बच्चों को ढ़ोया जाता है जो स्कूल के बच्चों को जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे है।

गौरतलब है कि इस घटना के पूर्व भी जनपद में कई स्थानों पर खस्ताहाल स्कूल बसें दुर्घटना ग्रस्त हो चुकी है, जिसमें कई बच्चों की जान जा चुकी है परंतु शिकायत करने के बावजूद जनपद के अधिकारी स्कूलों का निरीक्षण करना गंवारा नहीं समझते हैं। सूत्रों की माने तो इन बसों के स्वामी व स्कूल संचालक एआरटीओ कार्यालय को दलालों के माध्यम से तयशुदा मासिक रकम पहुंचाते हैं, जिस कारण खस्ताहाल डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई नहीं हो पाती है। जनपद की कर्मठ इमानदार जिलाधिकारी को संज्ञान में लेकर स्कूलों में चल रहे इस प्रकार के वाहनों की जांच कराकर वाहन स्वामियों व स्कूल संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही करनी चाहिए।

घायल होने वालों में मुख्य रूप से स्कूल की अध्यापिका निधी (12 वर्ष) पत्नी चेतन मीरापुर तथा विद्यार्थियों में पवन कुमार (12) वर्ष पुत्र दिनेश कुमार बनियोविला, दक्ष कुमार व मयक पुत्रगण राजकुमार बनियोवाला, रघुवीर 14 वर्ष पुत्र इंद्रजीत बनियोवाला, निशा 8 वर्ष पुत्री रोहित कालागढ़, शुभ पदमोल पुत्र नरेश पदमोल भिककावाला, राकेश पुत्र दिनेश बनियोवाला, प्रभदीप कौर 12 वर्ष पुत्री विचित्र सिंह मीरापुर घायल हो गए।

# चिल्लर के वायरल वीडियो को लेकर पूर्व जज मनोज गंभीर

## आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता, पूर्व जज एवं नगीना लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सपा प्रत्याशी मनोज कुमार ने मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक सहित अन्य अधिकारियों को पत्र लिख कर सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में 'चौधरी हर्षवर्धन चिल्लर' द्वारा दिए गए भड़काऊ, प्रशासन को धमकाने एवं सामाजिक वैमनस्य फैलाने वाले भाषण की तत्काल जांच व दंडात्मक कार्यवाही सहित शांति स्थापित करने का अनुरोध किया है।



पत्र में कहा गया है कि मैं अत्यंत गंभीरता और तात्कालिकता के साथ आपके संज्ञान में एक वायरल वीडियो भाषण लाना चाहता हूँ, जो हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और मैसेजिंग ग्रुप्स में व्यापक रूप से प्रसारित हुआ है। इस वीडियो में 'चौधरी हर्षवर्धन चिल्लर' नामक व्यक्ति स्वयं को 'जाट समाज' का प्रतिनिधि बताता है। उसके द्वारा एक आक्रामक, भय और नफरत फैलाने वाला तथा शासन-प्रशासन को सीधा-सीधा धमकाने वाला भाषण दिया गया है। यह घटना केवल इसीलिए चिंताजनक नहीं है कि इसमें क्या कहा गया है, बल्कि इसलिए भी कि वह भाषण जिस लहजे और मंशा से दिया गया है, वह और भी अधिक गंभीर है। वह जातीय आधार पर भीड़ को संगठित करने का आह्वान करता है। साथ ही

मुजफ्फरनगर की हिंसात्मक मिसाल का हवाला देता है। वह सीधे तौर पर कानून के बाहर कार्रवाई की धमकी देता है। वह स्पष्ट रूप से पुलिस एवं प्रशासन को चुनौती देता है। वह खतरनाक बात कहता है कि 'शासन- प्रशासन को जो कार्रवाई करनी है, जो धाराएं लगानी हैं, वह लगाए।' साथ ही कहता है कि 'प्रशासन कान खोल के सुन ले, ऐसी पंचायत बिजनौर में करूँगा, हाथ-पाँव फुला दूँगा प्रशासन के।' वह कहता है कि 'बिजनौर एसपी और पूरा प्रशासन कान खोल के सुन ले।' पत्र में उन्होंने कहा है कि ऐसी बयानबाजी से बिजनौर के आम लोगों में गहरी चिंता एवं दहशत का माहौल बन गया है। यह जातिगत वैमनस्य और सामाजिक विभाजन को बढ़ावा देती है तथा शांति व्यवस्था को भंग करने का प्रयास दिखाती है। जब इस तरह के भाषण बिना किसी भय या रोक-टोक के दिए जाते हैं, तो यह कानून-शासन पर आमजन का विश्वास कमजोर कर देता है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो की प्रमाणिकता एवं प्रसारकारों की पहचान की उच्चस्तरीय जांच। वक्ता 'चौधरी हर्षवर्धन चिल्लर' की पृष्ठभूमि, संबद्धताओं एवं मंशा की गहन पड़ताल की जाएं। भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत प्राथमिकियां दर्ज कर अभियोजन की प्रक्रिया आरंभ की जाएं। साइबर क्राइम सेल एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स द्वारा वीडियो को हटाने एवं प्रसार पर रोक लगाने के निर्देश दिए जाएं। बिजनौर एवं आसपास के जिलों में सामाजिक समरसता बनाए रखने हेतु पुलिस व प्रशासन द्वारा सतत संवाद व जागरूकता अभियान चलाया जाए। जिला प्रशासन व पुलिस विभाग की ओर से एक सार्वजनिक वक्तव्य जारी कर नफरत फैलाने वाली बयानबाजी की भर्त्सना करते हुए आमजन का भरोसा बहाल किया जाए। भविष्य में ऐसे भड़काऊ भाषणों पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट नीति वक्तव्य जारी किया जाए।

गौरतलब है कि पूर्व जज मनोज कुमार ही अकेले एकमात्र ऐसे गंभीर नेता है, जो शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवाज उठा रहे हैं। वह दबे कुचले समाज की आवाज बने हुए हैं। उनके द्वारा समाज में भाईचारा बनाए रखने के लिए आवाज उठाई जा रही है। जबकि कई नेता अपनी जिम्मेदारियां से बच रहे हैं।

## विद्युत लाइन पर पेड़ गिरने से आपूर्ति बाधित

**कोतवाली देहात।** ग्राम बांकपुर के जंगल में बिजली की लाइन पर पेड़ टूट कर गिर गया। इसके चलते चार खंभे टूट गए तथा कई गांव की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। विद्युत कर्मचारी आपूर्ति सुचारू करने का प्रयास कर रहे हैं।

बृहस्पतिवार दोपहर लगभग 3:30 बजे हल्की बारिश आई, जिसके बाद ग्राम बांकपुर में लाइन के पास खड़ा एक पेड़ टूट कर गिर गया। पेड़ गिरने से लाइन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा चार खंबे टूट गए। लाइन क्षतिग्रस्त होने के चलते कई गांव की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। फीडर से जुड़े ग्राम शादीपुर, सलेमपुर गधेली, वेगावाला, कुम्हेडा, आलूवाला, सहसूवाला तथा बांकपुर सहित कई गांव की विद्युत आपूर्ति हो गई। सूचना पर विद्युत कर्मचारी पहुंचे तथा लाइन सुचारु करने का प्रयास किया। ग्रामीण चौधरी देवेंद्र सिंह ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा बेहद लंबी लाइन कर दी गई है, जिससे जरा सा फाल्ट आने पर कई गांव की बत्ती गुल हो जाती है। पेड़ों वाले स्थान पर विद्युत लाइन बना दी गई है । पेड़ गिरने से आए दिन विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती है।

इस संबंध में अवर अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि लाइन पर पेड़ गिरने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हुई है। शीघ्र ही आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

# अतिक्रमण से बिजनौर मुख्यालय बेहाल

## शहर कोतवाली से घंटा घर तक अतिक्रमण चिंता का विषय





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद मुख्यालय पर अतिक्रमण की समस्या नासूर बन गई है। मगर प्रशासन न तो इसे ईमानदारी के साथ हटवाने के लिए तैयार है और न ही अतिक्रमणकारी सुधरने को तैयार है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद मुख्यालय बुरी तरह से अतिक्रमण की चपेट में है। वैसे तो मुख्यालय का कोई भी मार्ग ऐसा नहीं है, जिस पर अतिक्रमण न हो। मगर सबसे ज्यादा अतिक्रमण शक्ति चौक से घंटाघर तक है। सिविल लाइन में इतना ज्यादा अतिक्रमण है कि यहां पर अक्सर जाम लग जाता है। खासतौर पर जब स्कूलों की छुट्टी होती है, तो लंबा जाम लग जाता है। मगर जाम की इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए न तो प्रशासन ही तैयार है और न ही अतिक्रमणकारी सुधर रहे है। अतिक्रमणकारियों के बीच ज्यादा अतिक्रमण करने की होड़ लगी हुई है। जितना सामान उनकी दुकानों एवं शोरूमों के अंदर होता है, उससे कहीं ज्यादा बाहर सजा दिया जाता है। इसके आगे ठेले खड़े हो जाते है। कई शोरूम संचालकों के पास ग्राहकों के वाहनों के लिए अपनी पार्किंग की व्यवस्था ही नहीं है। उनके यहां आने वाले ग्राहक अपने वाहन सड़कों पर ही खड़े कर देते है। जिससे जाम लग जाता है। कई नर्सिंग होम संचालकों ने अपने जनरेटर भी अतिक्रमण कर बाहर सड़क पर रखवा दिए है। इन जनरेटरों के पास ही मरीज व तीमारदार अपने वाहन खड़े कर देते है। नर्सिंग होमों का कचरा भी बाहर डाल दिया जाता है। जिसकी वजह से समस्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। प्रशासन इन अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही नहीं करता है। जब अभियान चलाया जाता है, तो वह महज खानापूर्ति के लिए ही होता है। सिर्फ बोर्ड व ठेले हटवा दिए जाते है। अभियान की गाज सिर्फ गरीबों पर ही गिरती है। शोरूम एवं नसिद्ध होम संचालकों के जनरेटर व अन्य सामान जब्त नहीं किया जाता है। अगर एक बार सख्ती करते हुए इनके सामान व जनरेटर जब्त कर लिए जाए, तो फिर किसी की हिम्मत अतिक्रमण करने की नहीं होगी। अतिक्रमणकारी खुद सुधर जाएंगे। मगर अधिकारी ऐसा नहीं कर सकते है। उन्हें भारी विरोध का सामाना करना पड़ता है। क्योंकि अतिक्रमण करने वाले व्यापारी नेता नेताओं के रिश्तेदार एवं चुनावों में मोट चंदा देने वाले होते है।

पूर्व में जब भी अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया गया, वो कामयाब ही नहीं हुआ। बिजनौर मुख्यालय का यही दुर्भाग्य है। जिसकी वजह से दिन व दिन अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है।

### सिविल लाइन में डिवाइडर की जरूरत

**बिजनौर।** सिविल लाइन में शक्ति चौक से लेकर पालिका कार्यालय तक अगर डिवाइडर बना दिया जाए और किनारे नालियों तक वाहनों के गुजरने के लिए सड़क चौड़ी कर दी जाए, तो इस समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा। साथ ही अतिक्रमणकारी सामान बाहर रखने का जोखिम भी नहीं उठा पाएंगे। साथ ही अन्य मार्गों पर किया गया स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण भी बिना भेदभाव के ईमानदारी के साथ हटा कर सामान जब्त कर लिया जाए, तो बड़ी राहत मिलेगी। लेकिन ऐसा करने के लिए नीति और नियत सही करनी होगी।

## एक नजर

### पालिकाध्यक्ष का शांतिभंग में चालान



**स्योहारा।** नगर पालिका द्वारा शासन के निर्देशानुसार लागू किए गए हाउस टैक्स के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए धरने के दौरान पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी और कुछ भाजपा नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने पालिका अध्यक्ष को रात्रि लगभग 9 बजे थाने बुलाया और उन्हें रातभर थाने में बैठाए रखा। अगले दिन उन्हें शांति भंग की धारा में चालान कर धामपुर एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उनकी जमानत मंजूर कर दी गई।

### दलदल में फंसी रोडवेज बस



**बढ़ापुर।** गुरुवार की सुबह छह बजे एक बिजनौर डिपो की बस बढ़ापुर से आधा दर्जन सवारी लेकर बिजनौर के लिए रवाना हुई। बढ़ापुर-नगीना मार्ग पर रसूलपुर मुज्जफर उर्फ मुजफ्फरनगर में धर्मकाटे के पास ट्रैक्टर-ट्राली से बचाव करते समय बस बरसात के चलते सड़क किनारे हुई दलदल में फंस गई। चालक ने ट्रैक्टर की मदद से बस को दलदल से निकलवाने का प्रयास किया लेकिन बस और ज्यादा दलदल में फंस गई और सड़क किनारे की ओर झुक गई। बस में सवार यात्रियों को दूसरी बस ने नगीना भेजा गया। गनीमत रही की बस सड़क किनारे गड्ढे में नही उतरी वरना गंभीर हादसा भी हो सकता था। शाम को क्रेन के पहुंचने पर बस को दलदल से बाहर निकाला गया।

### पुलिया से टकराई कार, चार घायल



**बढ़ापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम अफजलपुर भाऊ उर्फ भाऊवाला निवासी कुछ ग्रामीण देर शाम क्षेत्र के ही ग्राम जहानाबाद खोबड़ा से एक लगन कार्यक्रम में शामिल होकर जाइलो कार से अपने गांव वापस आ रहे थे कि रास्ते में ग्राम सादातपुर गढ़ी के समीप कार का संतुलन बिगड़ने पर कार पुलिया से टकराकर नीचे खेत में चली गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस घटना में कार चालक पवन कुमार व सवार रामवीर सिंह, किरन कुमार व एक अन्य के मामूली चोटे आई हैं।

# शिक्षा और वृक्षारोपण समय की जरूरत

## जमीयत उलेमा-ए-हिंद की बैठक में सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** जमीयत उलेमा ए हिंद जिला बिजनौर की एक अहम मीटिंग बृहस्पतिवार को मरियम गर्ल्स कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों उलेमा और दानिश्वर लोगों ने शिरकत की। बैठक की शुरुआत से पहले जमीयत उलेमा हिंद के झंडे को फहराया गया और जमीयत का तराना भी पढ़ा गया। उसके बाद संगठन की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान के संदेश से बातें शुरू हुई, वहीं मुख्य फोकस शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर रहा। इससे पूर्व हदिया तशक्कुर कारी मेहरबान ने पेश किया और खुतबा इस्तकबालिया मौलाना शमीम अख्तर ने पढ़ा।





बैठक को संबोधित करते हुए जमीयत उलेमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासमी ने कहा कि "हमारा संगठन न केवल हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की बात करता है, बल्कि सर्वसमाज को साथ लेकर चलने की सच्ची मिसाल भी पेश करता है। हमारा मकसद देश में अमन, शांति और सौहार्द का पैगाम फैलाना है। उन्होंने कहा कि जमीयत हमेशा से गरीबों, पीड़ितों और वंचित वर्गों की मदद के लिए आगे रही है और आज भी बिना किसी भेदभाव के समाज के हर तबके के साथ खड़ी है। मौलाना ने शिक्षा की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह जरिया है जिससे एक इंसान न सिर्फ अपने जीवन को बेहतर बना सकता है, बल्कि समाज को भी सशक्त बना सकता है। शिक्षित व्यक्ति जागरूक होता है, अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझता है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जब समाज में शिक्षा का स्तर ऊँचा होगा, तभी देश आर्थिक और सामाजिक तौर पर प्रगति करेगा। उन्होंने मुस्लिम समाज से खास तौर पर अपील की है कि वे अपने बच्चों को आधुनिक और धार्मिक दोनों तरह की शिक्षा दिलाने पर जोर दें। इस मौके पर मौलाना हकीमुद्दीन द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं है, बल्कि यह धरती को बचाने की दिशा में एक जिम्मेदारी भरा कदम है। उन्होंने वृक्षारोपण के फायदे गिनाते हुए कहा यह वायु को शुद्ध करता है और प्रदूषण को कम करता है। जलवायु परिवर्तन की रफ्तार को धीमा करता है। मिट्टी के कटाव को रोकता है और पर्यावरण को स्थिर बनाए रखता है पशु-पक्षियों को प्राकृतिक आवास देता है। साथ ही मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। और सबसे अहम, यह भावी पीढ़ियों के लिए एक सुंदर और सुरक्षित पर्यावरण छोड़ता है। मौलाना ने जोर देकर कहा कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद का यह उद्देश्य रहा है कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चला जाए, ताकि कोई भी व्यक्ति जाति, धर्म या वर्ग के कारण पीछे न रह जाए।



जिला अध्यक्ष मुफ्ती उवैस अकरम की अध्यक्षता में हुई इस बैठक का संचालन जिला महासचिव मुफ्ती शमशुद्दीन ने किया। कार्यक्रम में मौलाना मोहम्मद आकिल, अध्यक्ष जमीयत उलेमा उत्तर प्रदेश और कारी मोहम्मद यामीन, प्रदेश सचिव ने भी अपने अपने ख्यालात का इजहार किया और सैकड़ों की संख्या में उलेमा और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मनोज पारस, सपा नेता हाजी रोशन, सपा नगर अध्यक्ष शब्बन जुनैदी, शिहाब अतहर उर्फ कल्लू खां, पुरुषोत्तम कुमार उर्फ बब्बी, हुमायूं खान, पप्पू जुनैदी, शेखध जाहिद, असलम भट्टे वाले, तौफीक मलिक आसपा नेता एडवोकेट अशरफ जमील, रफीक कुरैशी, इकरार नेता, कारी अहमद हसन, मौलाना शमीम अख्तर, मुफ्ती सादिक, मुफ्ती इफ्तखार, कारी नईम, कारी नजर आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मेजबान मोहम्मद साईम राजा और नगर अध्यक्ष मौलाना मोहम्मद यूसुफ, नगर सचिव कारी मोहम्मद अय्यूब ने सभी मेहमानों का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया। यह बैठक समाज को शिक्षित, सुरक्षित और एकजुट बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम साबित हुई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# मामूली विवाद में भाई का कत्ल

## भैंसा बुग्गी में डाल कर शव को खेत में जलाने के लिए ले जा रहा था आरोपी, गिरफ्तार

**आफताब आलम**

**स्याऊ।** ब्लाक जलीलपुर के ग्राम भोगपुर में कत्ल का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बड़े भाई ने अविवाहित छोटे भाई पर कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। कत्ल के बाद वह शव को भैंसा बुग्गी में डाल कर जलाने ले जाने लगा। इस बीच ग्रामीणों के विरोध करने पर वह भाग खड़ा हुआ।

प्राप्त समाचार के अनुसार चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भोगपुर में स्वर्गीय रामपाल सिंह का मकान है। वर्तमान में मकान में उसका बड़ा बेटा मदन (54 वर्ष) अपने परिवार व छोटे भाई कमल (50 वर्ष) के साथ रह रहा है। मदन के एक बेटा व एक बेटी है। जबकि उनकी बुजुर्ग माँ भी उनके साथ रहती है। कमल की शादी नहीं हुई है। कमल और मदन के नाम आठ-आठ बीघा जमीन है। बताया जाता है कि एक माह पूर्व रामपाल सिंह की मौत हुई थी। तेहरवी कार्यक्रम में उनके बेटे मदन और



कमल ने खर्च किया था। लेकिन दोनों के बीच तेहरवी में हुए खर्च को लेकर विवाद रहने लगा। साथ ही कई बार तनातनी हुई। बताया जाता है की खेती की जमीन के साथ मकान में भी मदन के साथ कमल का हिस्सा था। फिर से दोनों के बीच विवाद हुआ। ऐसे में कमल ने मकान में बने बाथरूम में ताला लगा दिया और कहा कि यह मेरे हिस्से में है। उसने कहा कि देखता हूं कौन इसका ताला तोड़ता है। ऐसे में मदन को गुस्सा आ गया और उसने घर में रखी कुल्हाड़ी उठा कर उसके सिर में मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह देख घर में मौजूद उनकी मां और परिवार के



चाचा गोपाल के होश उड़ गए। लेकिन मदन ने उन्हें किसी को वह बात न बताने की धमकी दी। दोपहर के समय उसने कमल के शव को भैंसा बुग्गी में डाला और जंगल में जलाने के लिए ले जाने लगा। कुछ देर बाद ही कमल के कत्ल की खबर ग्रामीणों को पता लग गई। उन्होंने मदन को घेरते हुए रोक लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संजय तोमर पुलिस बल के साथ वहां पहुंच गए। इस बीच आरोपी कमल के शव को मौके पर छोड़ कर भाग निकला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी संजय तोमर ने बताया कि मृतक कमल के चाचा गोपाल की तहरीर पर आरोपी भाई मदन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। आरोपी अभी फरार है। जल्द ही उसकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी। कमल के कत्ल से ग्रामीण हैरत में है। दोनों भाइयों के बीच चल रहे विवाद की बात तो किसी से नहीं छिपी थी।

बताया जा रहा है कि कमल शादी करना चाहता था। लेकिन मदन इसके लिए राजी नहीं था। ऐसे में कमल ने कई बार कहा कि वह शादी जरूर करेगा। जमीन का लालच ही कमल की हत्या की मुख्य वजह बना। पुलिस के अनुसार मदन और कमल के अलावा इसका एक छोटा भाई भी था। उसकी मौत भी काफी समय पहले हो चुकी है। इसके बाद उसके हिस्से की जमीन भी उनके नाम आ गई थी। अब जमीन का बंटवारा होने की आशंका भी मदन को परेशान कर रही थी। पुलिस ने आरोपी को पकड़ कर जेल भेज दिया है।

# नवागत एसडीएम शैलेंद्र सिंह ने नजीबाबाद पहुंचकर चार्ज लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नवागत एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने नजीबाबाद पहुंचकर चार्ज लेते हुए कार्यभार ग्रहण किया। चार्ज लेने के बाद एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कार्यालय के स्टाफ के साथ बैठक की।

एसडीएम ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि क्षेत्रीय जनता को शत-प्रतिशत लाभ दिलाया जाए। जनता की समस्याओं का समय रहते गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए।

एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि शासन के आदेशों व दिशा निर्देशों तथा सरकार की योजनाओं को अक्षरशः पालन करना/लागू करना उनका कर्तव्य है। सामान्य



नागरिक अपने किसी भी कार्य के लिए उनसे सीधे मिलकर अपनी समस्या रख सकता है। सभी की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा

# भाकियू टिकैत की मासिक बैठक संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की एक मासिक पंचायत ब्लॉक कोतवाली के डबाकरा हाल में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता चौधरी बलजीत सिंह व संचालन राहुल चौधरी ने किया। पंचायत में किसानों की समस्याओं पर विचार मंथन किया गया।

इस दौरान नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान का 14 जुलाई को स्वागत समारोह शहनाई बैंक्वेट हॉल बिजनौर में होने की जानकारी दी गई और सभी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई। इस दौरान मांग की गई कि बंद पड़े चक मार्गों को तुरंत खुलवाया जाए और भ्रष्टाचार को खत्म किया जाए अन्यथा 14 जुलाई के बाद भारतीय किसान यूनियन तहसील में बड़ा आंदोलन करने को विवश होगी।

कार्यक्रम में डॉ. धर्मवीर सिंह, शौवीर सिंह, राम भजन सिंह, बबलू भाई, अनीस अहमद, अमित कुमार, महेंद्र प्रधान, सचिन प्रधान, महेश प्रधान, निर्मल कुमार, इमरान अहमद, नसीरूल हसन, लियाकत अली आदि उपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर संगोष्ठी का आयोजन

## भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता : गोविंद बौद्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आषाढ़ी पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा) के महामंगल पर्व के अवसर पर बुद्ध संस्कृति विश्वविद्यापीठ के द्वारा एक विचार गोष्ठी का आयोजन तिरुपति बालाजी कॉलोनी स्थित विश्वविद्यापीठ के कार्यालय पर किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती प्रज्वलित /पुष्प अर्पित कर किया गया। बौद्ध भिक्षु संघरत्न एवं जीवन ज्योति रत्न द्वारा समस्त प्राणियों की मंगल कामना के लिए बुद्ध वंदना, त्रिशरण, पंचशील एवं महामंगल गाथा का पाठ किया गया।

गुरु पूर्णिमा के मंगल अवसर पर बुद्ध संस्कृति विश्वविद्यापीठ के अध्यक्ष गोविंद सिंह बौद्ध ने कहा कि भगवान बुद्ध के समय में वर्षाकाल में बौद्ध भिक्षु अपने-अपने बुद्ध विहारों में रहकर अध्ययन करते थे और वर्षा काल समाप्त होने पर भगवान बुद्ध शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने कार्य करतें थे। आज भी उनकी शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने



की आवश्यकता है।

इस अवसर पर दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के महासचिव राकेश मोहन भारती ने कहा कि आषाढ़ी पूर्णिमा को भगवान बुद्ध ने प्रथम पंचवर्गीय भिक्षुओं को सारनाथ में उपदेश दिया था। उनके ज्ञान से प्रभावित होकर उन्होंने बुद्ध के मार्ग पर चलने का निश्चय किया और उनके मार्ग को जन-जन तक पहुंचाने का दृढ़ संकल्प किया। इस दिन को धम्मचक्र परिवर्तन दिवस के नाम से भी जाना जाता है।

इस अवसर पर अमन कुमार त्यागी, धर्मवीर सिंह, अंजूषा सिंह, ऋषा बौद्ध, ओजस्व सिंह गोविंद आदि की गरिमामय में उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गोविंद सिंह बौद्ध एवं संचालन इंद्रराम सिंह बौद्ध ने किया।

# बिजनौर में चल रहा फर्जीवाड़ा: टीम स्वराज

## पीड़िता ने न्याय न मिलने पर दी बच्ची सहित आत्महत्या की चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रजिस्ट्री ऑफिस में आज भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज टीम ने फर्जी वाडे का भाँडा फोड़ किया।

रश्मि राजपूत पत्नी स्व. सौरभ राजपूत की दुख भरी दास्तान सुनकर टीम स्वराज उनके समर्थन में उतर गयी और कलेक्ट्रेट स्थित राजिस्टार आफिस पहुँच कर फर्जी तरीके से किये गए दान पात्र और बैनामे की जानकारी ली, जिस पर राजिस्टार गोल मोल जवाब देते नजर आये। रश्मि राजपूत के द्वारा लगाई गयी आपत्ति पर भी उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई और चुपचाप फर्जी वसीयत को आधार मानकर सास ने बहू के नाम संपत्ति दान पात्र कर दी!

टीम स्वराज के द्वारा हंगामा करने पर और रश्मि राजपूत की शिकायत पर फिलहाल बैनामे को निरस्त करने का आश्वासन दिया गया है!



भारतीय महिला महाशक्ति स्वराज टीम के द्वारा इस प्रकरण में कल जिला अधिकारी बिजनौर से मिलकर इस फर्जी वाड़े में शामिल लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने की माँग की जायेगी और कार्यवाही ना होने पर टीम स्वराज के द्वारा कलेक्ट्रेट में आंदोलन किया जायेगा!

टीम प्रबंधक हरवेंद्र राणा ने बताया कि जिला बिजनौर में भ्रस्टाचार अपने चरम पर है। नीचे से लेकर ऊपर तक सभी की मिलीभगत से फर्जी काम किये जा रहे हैं और जिले के अधिकारी और जन प्रति. निधि मंत्रियों के स्वागत में बिजी हैं उनको आम जनता की कोई फिक्र नही है।

पीड़िता रश्मि राजपूत का कहना है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला तो वह अपनी बच्ची सहित आत्महत्या कर लेगी जिसके जिम्मेदार उसके ससुराल पक्ष के लोग और इस सभी में लिप्त भ्रस्ट अधिकारी होंगे और उन्होंने इस सबके पीछे एक बड़े किसान नेता का हाथ होने की बात कही और कहा कि सब कुछ उनकी सह पर हो रहा है और जल्द ही वह उन सभी लोगों का नाम मीडिया के सामने सार्वजनिक करेंगी।

टीम स्वराज की तरफ से जिला महासचिव सुजाता कौशिक, डॉ. फातिमा सुलेमान नगर अध्यक्ष मंडावर, रस्मी चौधरी नगर अध्यक्ष बिजनौर, ललिता चौधरी मुख्य ब्लॉक उपाध्यक्ष किरतपुर, रिंकू चौधरी ग्राम अध्यक्ष महल्कि, सुनीता अग्रवाल, ब्लॉक सचिव, नीरू देवी, अनु देवी, कमला देवी, बबली देवी, सुरेखा देवी, मँजू देवी, पिंकी देवी, ममता देवी, शशि बाला, मनोज राजपूत, धर्मपाल सिंह, बिपिन कुमार, बलराम सिंह आदि शामिल रहे।

# गुरु को समर्पण करने का दिन होता है गुरु पूर्णिमा : अभिनव अग्रवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** गुरु पूर्णिमा, गुरु-शिष्य परंपरा का सबसे पवित्र और आध्यात्मिक पर्व माना जाता है। आज का दिन गुरु को समर्पित होता है। गुरु पूर्णिमा का महत्व न केवल आध्यात्मिक है, बल्कि यह जीवन में गुरुओं के महत्व को भी दर्शाता है।

ग्रुप पूर्णिमा उत्सव गुरु से कुछ मांगने का नहीं बल्कि गुरु को समर्पण करने का दिन होता है। इस दिन शिष्य अपने गुरु के चरणों में शीष झुकाकर, श्रद्धा से नमन कर, आभार व्यक्त करते हैं और उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। गुरु को जीवन का मार्गदर्शक और आत्मज्ञान की ओर ले जाने वाला दीपक माना जाता है। ज्योतिष के अनुसार इस दिन गुरु पूजन करने से कुंडली में गुरु की अशुभ फलों से मुक्ति मिल जाती है और जीवन में सकारात्मकता और सफलता की प्राप्ति होती है।

# हाजियों का स्वागत कर सांसद ने सुनीं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** आजाद समाज पार्टी के नगीना कार्यकर्ताओं व उलेमा ए दीन द्वारा संयुक्त रूप से हज 2025 मुकम्मल कर वापस आए हाजियों के लिए एक सम्मान समारोह नगीना धामपुर रोड स्थित एक मैरिज हाल में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज मोहम्मद जैद के कलाम ए पाक की तिलावत से हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुफ्ती उवैस अकरम ने व संचालन बहारुद्दीन ने किया। उसके बाद मौलाना लईक ने एक नजम हुजूर ए पाक की शान में नजराना ए अकीदत पेश करते हुए पढ़ी। इस दौरान मुफ्ती कफील द्वारा दी गई तकरीर में इस सम्मान कार्यक्रम को अन्य कई प्रकार के सम्मान कार्यक्रमों से बेहतर बताया गया। उन्होंने कहा कि हज इस्लाम का एक अहम फरीजा है जिसके मुकम्मल होने पर सभी हाजी साहेबान इस्तकबाल के हकदार हैं। इसके बाद हाफिज अकदस व जैद ने नात पेश की।

कार्यक्रम में नगर व आसपास के इलाकों से आए बड़ी संख्या में हाजी साहेबान के अलावा मुफ्ती उवैस अकरम, रईस कुरैशी, मुफ्ती अबरार, परवेज पाशी, आरिफ मालिक, विवेक सेन, सत्येंद्र कुमार, रोहित सागर, परवेज आदिल माही, दीपक कुमार, असलम सिद्दिकी, मौलाना इल्यास, मौलाना इश्तियाक, मौलाना अतीकुर्रहमान, प्रसिद्ध आलिम हाफिज रफीक अहमद , आफताब मुल्तानी, अरशद प्रिंस, तनवीर अख्तर, सरफराज मलिक, हारून अंसारी, ज्ञान सिंह, विपिन आजाद, ज्ञानचंद, इरशाद अली मुल्तानी, उस्मान जैदी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में चंद्रशेखर आजाद के अलावा रईस कुरैशी, मुफ्ती उवैस अकरम, मुफ्ती अबरार, हाफिज रफीक और अन्य अतिथियों ने अपना संबोधन दिया।

हाफिज रफीक ने अमल को सुधारने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि हज पूरा करने के बाद भी किसी व्यक्ति की बुराइयां दूर नहीं हुई तो यह निश्चित ही एक चिंता की बात है। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी



हज के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए मिनी हज है जबकि इससे कम आयु के लोग साधारण रूप से आवेदन कर सकते हैं।

मुफ्ती अबरार ने इस इस्तकबालिया प्रोग्राम उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हाजी और उमरा वाले अल्लाह के मेहमान होते हैं, अगर ये अपने या किसी दूसरे के लिए दुआ मांगे तो पूरी होती हैं। उन्होंने कहा कि अल्लाह के मकबूल बंदों के साथ इस प्रोग्राम में शरीक होकर अगर हमने इनकी हौसला और इज्जत अफजाई कर दी तो अल्लाह हमसे भी खुश हो जाएगा। अल्लाह नेक लोगों की दुआएं कबूल करता है। हाजियो ने जान, माल, वक्त की कुर्बानियां दी हैं और अल्लाह की राह में सफर की तमाम मुश्किलात और दुश्वारियों के बाद हज मुकम्मल किया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद, उलेमा इकराम व अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से हाजियों को शील्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने हाजियों को उनके हज मुकम्मल होने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं और अतिथियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के बाद उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और उनके अविलंब समाधान का आश्वासन दिया।

इसके बाद वे वहाँ से सीधे कालाखेड़ी रेलवे फटक के पास एडवोकेट धर्मपाल सिंह के आवास गए जहां उन्होंने धर्मपाल सिंह व उनके पुत्र के साथ शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। गत माह केदारनाथ जाते समय हेलीकॉप्टर के क्रेश होने से अधिवक्ता धर्मपाल सिंह की पत्नी विनोद व नातिन सृष्टि सिंह का निधन हो गया था।

नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद को कालाखेड़ी रेलवे फाटक पर बन रहे अंडरपास के निर्माण कार्य में हो रही देरी से उत्पन्न समस्याओं की शिकायतें मिल रही थी, जिसका उन्होंने मौके पर जाकर निरीक्षण किया और सीधा विभागीय अधिकारियों से शिकायत कर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने का भी आश्वासन दिया।

## एक नजर

### बिलाई मिल में पौधारोपण



**हल्दौर।** बिलाई चीनी मिल में एनएलसी एरिया में केके गुप्ता अस्सिटेंट लेबर कमिश्नर बिजनौर, लेबर एनफोर्समेंट ऑफिसर बिजनौर और मिल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत मियावकी तकनीक के द्वारा विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित किए गए। मिल के यूनिट हेड विजयवीर सिंह ने कहा कि एक पौधा मां के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। कहा कि अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर एक पौधा लगाना और एक स्थाई समृद्धि बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा, बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। मां और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार है। इस मौके पर मिल के अधिकारी, कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

### कच्चा मकान भरभरा कर गिरा



**हल्दौर।** गांव नांगलजट निवासी अमित कुमार वर्मा का कच्चा मकान स्थित है। पास ही एक अन्य दूसरा कमरा बना हुआ है। मकान स्वामी उसकी पत्नी व बेटा नंदन कमरे में सो रहे थे। तेज बारिश से अचानक उसका मकान भरभराकर गिर गया। कमरे में सो रहे लोग जाग गए और भागकर जान बचाई। मकान गिर जाने से घर में रखा घरेलू अन्य सामान दब गया और दूसरे कमरे में भी दरारें आ गई। उनका कहना है कि कई बार प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत प्रार्थना पत्र देने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई है। परिजनों को पड़ोसी के घर पर रहने को मजबूर हैं। ग्राम प्रधान रेखा देवी के पति कल्लन सिंह का कहना है कि उन्होंने उच्च अधिकारियों को अवगत करा रखा है।

### बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

**नहटौर।** क्षेत्र में नूरपुर मार्ग पर दो बाईकों की भिड़ंत हो गई, जिसमें मुरादाबाद के नवीं बटालियन पीएसी निवासी रूपेश यादव (18 वर्ष) पुत्र महेश यादव व उसकी मां अरूणा यादव (45 ) वर्ष व दूसरी बाईक सवार नूरपुर के मोहल्ला रविदास नगर का आकाश (22 वर्ष) पुत्र ब्रिजेश घायल हो गए। तीनों घायलो को एंबुलेंस से नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया गया।

### जंगल से सड़क पर आए हाथी



**कालागढ़।** रामगंगा बांध पर जाने वाले मार्ग पर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से निकलकर एक हाथी सड़क पर आ गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में भीड़ एकत्र हो गई। आए दिन जंगलों से निकलकर हाथी व टाइगर कॉलोनी के आसपास चहल कदमी करते रहते हैं लेकिन वन विभाग इन वन्य जीवों को रोकने में असमर्थ ही साबित हुआ है। दिन प्रतिदिन जंगलों से निकलने वाले हाथी फसलों को खाने के लिए निकलते हैं जिन्हें वह खाकर सुबह जंगल की ओर रवाना हो जाते हैं। फसलों को हाथियों के हुए नुकसान से वन विभाग मुआवजा भी नहीं किसानों को उपलब्ध करा पाता है। उससे किसानों को भारी भरकम फसल का नुकसान उठाना पड़ता है। जंगल से निकलने वाले वन्य जीव आए दिन किसानों को नुकसान पहुंचाते है। हाथियों की रोकथाम के लिए कोई उपाय वन विभाग नहीं निकल पाया है।

### अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा, तीन घायल

**शेरकोट।** नगर के मोहल्ला निकम्माशाह निवासी सूरज और तीन अन्य युवक बुधवार की देर रात ट्रैक्टर ट्राली से हरेवली शेरकोट मार्ग स्थित एक ईंट भट्टे के पास आम की पेटियों को देकर वापस लौट रहे थे। जब वे नहर के पास पहुंचे, तभी चालक ट्रैक्टर से अपना नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर ट्राली खाई में जा गिरी। हादसे में चालक सूरज, भूरा और दो अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने निजी चिकित्सक के पास भेजा और उनके परिजनों को घटना की सूचना दी। जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर ट्राली को खाई से बाहर निकलवाया गया।



# चार्ली कंपनी बनी ओवरऑल चैंपियन

## सभी खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम मोरना में 32 यूपी बटालियन एनसीसी धामपुर के चल रहे दस दिवसीय एनसीसी शिविर में चार्ली कंपनी ओवरआल चैंपियन बनी।

चार्ली कंपनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता में दमखम दिखा ब्रैवो कंपनी को पछाड़ने में कामयाब रही। दूसरी और रस्साकसी में भी उसने अपनी प्रतिद्वंदी टीम को धूल चटाई स कैल्चरल प्रोग्राम में भी चार्ली कंपनी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चार्ली कंपनी के कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा ने अपनी कंपनी की जीत पर बधाई दी तथा कहा कि वास्तव में कंपनी खेल की शैली उच्च स्तरीय रही, जिससे वे चैंपियन बने। वहीं हवलदार संजय सिंह ने अपनी कंपनी के लिए रात दिन एक कर दिए। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को दाव पेज सिखाएं, जिससे कंपनी चैंपियन की तरह खेली।

सूबेदार पलजर भूटिया भी समय-समय पर अपनी कंपनी का आकर उत्साह वर्धन करते रहे। सभी खिलाड़ियों का कहना है कि अगर कंपनी कमांडर लेफ्टिनेंट धीरज शर्मा, सूबेदार पलजर भूटिया तथा हवलदार संजय सिंह ना होते तो मोराल डाउन जरूर रहता और हम पिछड़ सकते थे। चार्ली कंपनी के सभी कैडेट्स चैंपियन बनने पर काफी उत्साहित दिखाई दिए। सभी खिलाड़ियों को कैंप कमांडेंट ने मेडल देकर पुरस्कृत किया तथा उनकी हौंसला अफजाई की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करी।

डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल ललित भट्ट ने भी सभी खिलाड़ियों की पीठ थपथपाई तथा आगे इसी प्रकार करने लिए प्रोत्साहित किया।

# गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी के दौरान वसूल रहे अधिक रकम

**ाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी के दौरान उपभोक्ताओं से मनमानी राशि वसूलने का मामला सामने आया है। इसको लेकर नगरवासियों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। पीड़ित कनेक्शन धारकों ने गैस एजेंसी की इस कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए मामले की शिकायत संबंधित विभागीय अधिकारियों से की है।

नगर निवासी एक घरेलू उपभोक्ता के घर जब सिलेंडर की डिलीवरी के लिए एजेंसी का सेल्समैन पहुंचा तो उसने निर्धारित मूल्य से अधिक रुपये की मांग की। उपभोक्ता ने विरोध जताया, लेकिन सेल्समैन ने जबरन अधिक राशि देने के लिए कहा। अंततः उपभोक्ता ने तय दर से अधिक रकम ऑनलाइन भुगतान कर सिलेंडर प्राप्त किया। घटना से आहत उपभोक्ता ने इसकी लिखित शिकायत गैस एजेंसी के प्रबंधक एवं आपूर्ति विभाग के उच्च अधिकारियों को भेज दी। शिकायत में उपभोक्ता ने मांग की है कि होम डिलीवरी के नाम पर अतिरिक्त वसूली कर उपभोक्ताओं को आर्थिक रूप से परेशान करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस संबंध में जब मीडिया ने संबंधित गैस एजेंसी के मालिक विवेक कुमार से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि उन्हें शिकायत प्राप्त हुई है और वे पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि यदि जांच में कोई कर्मचारी दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस एजेंसियों के कुछ कर्मचारी लंबे समय से इस तरह की मनमानी कर उपभोक्ताओं से अतिरिक्त धन वसूल रहे हैं। विभागीय अधिकारियों को चाहिए कि नियमित जांच अभियान चलाकर उपभोक्ताओं को राहत दिलाई जाए। नगर के सामाजिक संगठनों ने भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए गैस उपभोक्ताओं के हित में कार्रवाई की मांग की है।

## एक नजर

### आश्वासन के बाद धरना समाप्त



**नजीबाबाद।** अधिशासी अभियंता विद्युत नजीबाबाद के कार्यालय पर चल रहा भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत का अनिश्चितकालीन धरना एक्सईएन रामकुमार से वार्ता के बाद समाप्त हो गया। उन्होंने संगठन की ओर से रखी गई सभी मांगों को एक सप्ताह के अंदर पूरा करने का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद संगठन की आपसी सहमति से इस शर्त पर धरने का समापन किया गया कि यदि एक सप्ताह के अंदर-अंदर इन सभी समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत आठवें दिन फिर से धरना देने के लिए बाध्य होगी। धरना स्थल पर जिला अध्यक्ष चौधरी सुखविंदर सिंह, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप मोर, जिला महामंत्री जितेंद्र हुड्डा, तहसील प्रभारी सुनील चौधरी, तहसील अध्यक्ष नजीबाबाद सतपाल शर्मा, जिला महासचिव विकास चौधरी, जिला प्रवक्ता पुष्पेंद्र, चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष किरतपुर गजेंद्र सिंह, कपिल चौधरी, कृष्ण कुमार, सूरज कुमार, मीडिया प्रभारी जकी मलिक और शहजाद मलिक आदि लोग उपस्थित रहे।

### डिग्री कॉलेज में तीन सौ पौधों का रोपण



**नूरपुर।** क्षेत्र के गांव गोहावर एलबीएसएस डिग्री कॉलेज में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें लगभग तीन सौ पौधों का रोपण किया गया। एलबीएसएस ग्रुप ऑफ कॉलेज के अध्यक्ष कुंवर रविंदर कुमार, प्राचार्य डॉक्टर जीएस कश्यप, एचओडी ऑफ फार्मेसी डॉ. रॉबिंस कुमार, प्रवक्ता डॉ. निमित्त कुमार, डॉ. दीपांशु कुमार, डॉ. सचिन कुमार डॉ, प्रशांत कुमार व छात्रगण उपस्थित रहे।

### विषैले जंतु के काटने से हालत गंभीर



**कासमपुर गढ़ी।** ग्राम लालपुरी निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र रामवीर सिंह पशुओं के लिए चारा काटन लगभग सुबह ९:०० बजे ग्राम लालपुरी स्थित अपने खेत पर गया था। अचानक से आई चीती ने जितेंद्र के बाएं हाथ में डंस लिया। उसके शोर मचाने पर जितेंद्र का चचेरा भाई अंकित जो दूसरे खेत पर कुछ दूरी पर चारा काटने गया था, ने फौरन जितेन्द्र को मोटरसाइकिल से उसको घर लाया और परिजनों को घटना से अवगत कराया। उसके बाद परिजन उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कासमपुर गढ़ी ले गये और उसे भर्ती कराया समाचार लिखे जाने तक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है और उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

### नगीना में वृक्षारोपण महाअभियान शुरू



**नगीना।** कस्बा कोटरा स्थित शहीद भगत सिंह अमृत सरोवर परिसर में भाजपाइयों द्वारा एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण महाअभियान चलाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने अमृत सरोवर पर सफाई अभियान चलाकर पेड़ लगाए एवं पूर्व में लगाए पेड़ों का निरीक्षण भी किया। भाजपा पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं ने 5-5 वृक्ष अपनी मां के नाम लगाए। वृक्ष रोपने के उपरांत नए व पुराने पेड़ों को पानी देने का काम भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक सतीश गौतम, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कृष्ण बलदेव सिंह, रोहित कुमार रवि, मंडल महामंत्री सचिन शर्मा, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष धर्मेंद्र राठी, मंडल उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, पूर्व नामित सभासद संजय शर्मा, ग्राम प्रधान आफताब अहमद, सभासद बृजमोहन बिश्नोई, सभासद गोपाल शर्मा, पूर्व प्रधान संजीव चौधरी, मंडल मंत्री हरमीत सिंह, अनवर कुरैशी, डॉ उदय राज, आकाश कुमार, अमन कुमार, कलुआ सिंह, मूल सिंह, रमेश कुमार, जितेंद्र कुमार, राकेश कुमार, तिलक राज, सोनू कुमार, जयदेव रामकुमार, ललित कुमार, घनश्याम कुमार, छोटे कुमार सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं ने वृक्षारोपण किया।

### नूरपुर में पालिका ने लगाए पौधे



**नूरपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। पालिकाध्यक्ष डा.एम पी सिंह के नेतृत्व में नहटौर चौराहे से चाँद तारा मस्जिद तक तथा नहटौर चौराहे से अन्नापूर्ण होटल तक सड़क पटरी व डिवाईडर निकाय के कूड़ा प्रबन्धन स्थल चाग. ीपुर, शमशान घाट तथा गाटा सं.-999 स्थित तालाब पर शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य 1112आम, आंवला, अमरुद व छायादार पौथों का जन सहभागिता से रोपण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन डा. महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस अभियान के तहत शहर को हरा भरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मानसून में ज्यादा से ज्यादा पौधा रोपण करने की जरूरत है, पेड़ों का हमारे जीवन में विशेष योगदान है। इस दौरान पालिका अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, सभासद ऋषभ देव शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार गुणवंत सिंह राठौर सहित नगर के गणमान्य लोगो और पालिका स्टाफ ने एक एक पौधारोपण किया।

# वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में पर्व चौधरी ने जीता रजत पदक

## उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गांव में खुशी का माहौल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में एशियन यूथ और जूनियर वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2025 में भारत की ओर से भाग लेने वाले गांव फुलसंदा के वेटलिफ्टर पर्व चौधरी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। पर्व चौधरी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गांव में खुशी का माहौल है।

जानकारी के अनुसार कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में 4 जुलाई से 10 जुलाई तक आयोजित एशियन यूथ और जूनियर वेटलिफ्टिंग चौम्पियनशिप 2025 में भारत की ओर से गांव फुलसंदा के वेटलिफ्टिंर पर्व चौधरी पुत्र विकास कुमार ने भाग लिया। जिला भारोत्तोलन संघ जिला सचिव एवं कोच करन सिंह ने बताया कि पर्व चौधरी ने स्नैच में 145 किलोग्राम व क्लीन एड जर्क में 183 किलोग्राम भार उठाते हुए रजत पदक प्राप्त किया। पर्व चौधरी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गांव में खुशी का माहौल है। पर्व चौधरी किसान परिवार से है। उनके पिता विकास कुमार खेती करते है और वह भाकियू टिकैत के पूर्व तहसील अध्यक्ष भी रह चुके है। पर्व चौधरी पूर्व में भी कई चौम्पियनशिप में पदक प्राप्त कर चुके है।

# विधायक सुशांत ने किया पौधारोपण का शुभारंभ

## पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रामीणों से पौधारोपण करने की अपील



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** संपूर्ण उत्तर प्रदेश में चलाएं जा रहे वृहद पौधारोपण अभियान के अंतर्गत बुधवार को अमानगढ़ टाइगर रिजर्व वन रेंज, नगीना वन रेंज और सिंचाई विभाग द्वारा क्षेत्र में विशाल पौधारोपण अभियान चलाया गया। जिसमें अलग-अलग स्थानों पर 23100 पौधे रोपित किए गए। इस दौरान बढ़ापुर विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रामीणों से पौधारोपण करने की अपील की।

अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के गांव मोहम्मद अलीपुर पट्टाघाट उर्फ छतरीपट्टा में पांच बढ़ों के निकट वन विभाग की दो हेक्टेयर भूमि में 3200 पौधे रोपित करके शक्ति वन लगाया गया। शक्ति वन में बढ़ापुर विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने पौधा रोपित करके पौधा रोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार उर्फ बबली, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सरदार मलकीत सिंह, थानाध्यक्ष विकास कुमार, वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर, डिप्टी रेंजर श्यामलाल यादव, वन दरोगा रवि कुमार, वनरक्षक स्वाती आदि लोग मौजूद रहे।

उधर नगीना वन रेंज द्वारा काकोरी कांड के शहीदों की याद में पीलीबांध जलाशय के बैराज के निकट 100 पौधे और पीली बांध के सुरक्षा बांध पर स्थित प्लांटेशन में 22400 पौधे रोपित किए गए। यहां वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा और कासमपुर गढ़ी के ग्राम प्रधान मौ. रजी ने संयुक्त रूप से पौधा रोपित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी नगीना प्रदीप कुमार शर्मा, कासमपुर गढ़ी के ग्राम प्रधान मौ. रजी, तसव्वर कुरैशी, वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर ए आर रहमान, वन दरोगा मजरुल हसन, वनरक्षक नईम अली, निशू चौधरी, अंकित कुमार, मोहम्मद अब्बास आदि लोग मौजूद रहे। इसके अलावा अफजलगढ़ सिंचाई खंड धामपुर के अधिशासी अभियंता अवधेश कुमार शर्मा, सहायक अभियंता पंकज कुमार जैन, जूनियर इंजीनियर नरेश कुमार, शिवेंद्र भारद्वाज, गजेंद्र कुमार द्वारा पीली बांध जलाशय के बंधें पर विभिन्न प्रजातियों के 1000 पौधे रोपित किए गए। सहायक अभियंता पंकज कुमार जैन ने बताया कि अफजलगढ़ सिंचाई खंड धामपुर को 4000 पौधे रोपित करने का लक्ष्य मिला है, जिसमें से 1000 पौधे पीलीबांध जलाशय के बंधें पर रोपित किए गए हैं।

# जोगीरम्पुरी के इमाम बारगाह हैदरी में शब्बेदारी का आयोजन

## देर रात तक नोहो और मातम का जारी रहा सिलसिला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोगीरम्पुरी/नजीबाबाद।** इमाम हुसैम के सोयम (तीजे) की रात में एक अजीमुशशान शब्बेदारी का आयोजन किया गया।

इमाम बारगाह हैदरी मैं एक मजलिस हुई जिसकी मरसिया ख्वानी हाजी जावेद हुसैन, कुदरत हुसैन, जमाल अहमद ने की तथा संचालन मशहूर शायर कसीम हैदर कसीम ने किया। मजलिस को खिताब करते हुये मौलाना जाफर रिजवी छोलस ने कहा कि करबला में इमाम हुसैन की दस मोहर्रम को शहादत के बाद उनके परिवार पर यजीदी फौज द्वारा ढहाये गये जुल्मों पर विस्तार से बयान किया, जिसे सुनकर अजादार जार जार रोये।

शब्बेदारी में अंजुमन बकाये हुसैनियत कोतवाली सादात, अंजुमन हैदरी करोंदा, अंजुमन सिपाहे अब्बासिया। इसके अलावा हिंदुस्तान के मशहूर नोहा ख्वान आबिस रजा सुल्तानपुरी ने भी नोहा ख्वानि की, जिनके नोहे सुन कर अजादार जार जार रोते रहे।

शब्बेदारी में मेजबान अंजुमन जीनते अजा और शमशीरे हैदरी ने भी नोहा ख्वानी की। जोगीरम्पुरी की अंजुमन अजाये हुसैनी, अंजुमन नजफ ए हैदरी ने भी अपने मकसूस अंदाज में नोहा ख्वानी की। शब्बेदारी का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। अंत मैं प्रोग्राम के संयोजक हैदर इमाम ने सभी अंजुमनों और नोहा ख्वानो, मातमदारों और अजादारों का शुक्रिया अदा किया।

प्रोग्राम को सफल कराने के लिये रियाज हैदर, शबी हैदर, नजफ अली, हुसैन अब्बास, सुहैल, कुमेल, सादिक, कामरान, मोमिन, गाजी, मुजफ्फर बख्तियार काजमी आदि का विशेष योगदान रहा।

# नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे चंद्रशेखर आजाद

## पीड़ित परिवार से की मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद ने नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। दौरे की शुरुआत उन्होंने ग्राम भागूवाला से की, जहां उन्होंने पूर्व प्रधान डॉ. अयूब व उनके बड़े भाई अब्दुल हई अंसारी के आवास पर जाकर लोगों से भेंटवार्ता की।

इसके बाद चंद्रशेखर आजाद ग्राम आलम सराय पहुँचे, जहाँ हाल ही में एक भीषण सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी की दुखद मृत्यु हो गई थी। सांसद ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की तथा हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। दौरे के क्रम में उन्होंने ग्राम लहाक शाहपुरा कला, सिर्धनी, कल्हेड़ी सहित कई अन्य गांवों का भी भ्रमण कर जनसंपर्क किया। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। दौरे में उनके साथ आजाद समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता शामिल रहे, जिनमें विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, सुखबीर प्रधान, विवेक सेन, जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, प्रशांत महा. सागर, ललित कुमार, रजत, पूर्व प्रधान शमशीद, आलम सराय प्रधान शहजाद अहमद, भागूवाला के पूर्व प्रधान डॉ. अय्यूब व उनके बड़े भाई अब्दुल हई अंसारी, जगमीत चहल, फहीम अहमद, साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी, मो. अनस, रिजवान अहमद, इस्तकार प्रधान, सरदार हरजीत सिंह, सरदार जीत सिंह, साबू प्रधान, फिरोज अहमद, आसिफ महमूद, बाबू प्रधान, हाफिज शरीफ, नजाकत हुसैन, शकील अहमद, शब्बीर हसन प्रधान, मो. शाहबाज, मो. आबिद, सरफराज उर्फ सब्बू सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

चंद्रशेखर आजाद ने दौरे के दौरान सामाजिक सौहार्द और जनसेवा को प्राथमिकता देने का संदेश दिया और लोगों से अपील की कि वे एकजुट होकर अन्याय और भेदभाव के खिलाफ खड़े हों।

# विद्युत उपकेंद्र पर ग्रामीणों का हंगामा



**कोतवाली देहात।** बिजली न आने से गुस्साए ग्रामीणों ने शादीपुर विद्युत उपकेंद्र पर जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने बिजली घर के सभी फीडर बंद करवा दिए। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों को समझाया। विद्युत व्यवस्था सुचारु करने के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए। मंगलवार की रात्रि लगभग 8:30 बजे शादीपुर विद्युत उपकेंद्र के बरुकी फीडर पर विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। विद्युत आपूर्ति बन्द होने पर क्षेत्र के ग्राम मालीवाला, नगला, लक्खुवाला, बरुकी के काफी लोग शादीपुर विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचे तथा जमकर हंगामा किया। इस दौरान अवर अभियंता से ग्रामीणों ने बात की लेकिन ग्रामीण सहमत नहीं हुए। इसके बाद ग्रामीणों ने शादीपुर विद्युत उपकेंद्र के सभी फीडर बंद करा दिए। इस दौरान दस मिनट तक सभी फीडर बन्द रहे। विद्युत कर्मचारियों ने मामले की सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया। ग्रामीण राजीव कुमार ने बताया कि विद्युत व्यवस्था बुरी तरह खराब है। विद्युत कर्मचारी लापरवाही करते हैं। यदि विद्युत कर्मचारी चाहते तब लाइन का फाल्ट निकाला जा सकता था। लेकिन विद्युतकर्मी के कारण ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। लगभग डेढ़ घंटे तक हंगामा चलता रहा। इस दौरान दूसरे गांव के लोग भी मौके पर पहुंचे। 11:30 बजे ग्रामीण वापस लौटे और विद्युत आपूर्ति सुचारू हो पाई। इस संबंध में अवर अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि लाइन पर पेड़ गिरने के कारण फाल्ट आने से विद्युत आपूर्ति बंद हुई थी। लाइन की पेट्रोलिंग कर फाल्ट तलाश कर बुधवार सुबह विद्युत आपूर्ति सुचारू हो गई है। इस दौरान अंजार अहमद, अजय सिंह, डिंपल त्यागी, अंकुर कुमार, नबील अहमद, राजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण संपन्न

**धामपुर।** आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में नगर पालिका में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य सामुदायिक नेतृत्व में विकेन्द्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को नगर निकाय स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करना था। प्रशिक्षण में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विकास कुमार लोहरा, हेमेंद्र कुमार, सफाई क्लर्क नितिन अग्रवाल, विकास गुप्ता सहित समस्त सफाई नायक, डोर टू डोर सुपरवाइजर एवं अन्य संबंधित कर्मचारी शामिल हुए। कार्यशाला में आईटीसी मिशन सुनहरा कल के कुशल प्रशिक्षकों तबरेज एवं रजनीश लाम्बा द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र में कचरे की मूल अवधारणा, उसके प्रकार, पृथकीकरण का महत्व एवं नजदीकी इकाइयों पर प्रभावी प्रबंधन की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया गया। इसके साथ ही होम एवं कम्युनिटी कम्पोस्टिंग, स्वच्छ वातावरण निर्माण में मोहल्ला निगरानी समिति की भूमिका, जन जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता और व्यवहार परिवर्तन के सात चरणों पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, यह भी बताया गया कि सूखे कचरे का निस्तारण किस प्रकार एमआरएफ व तत्त केंद्रों के माध्यम से किया जा सकता है। प्रशिक्षण के उपरांत इन सभी बिंदुओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। कार्यक्रम से जुड़ी टीम और नगर निकाय द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर किए जा रहे प्रयास निश्चित रूप से धामपुर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित नगर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होंगे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई प्रोपर्टी डीलर की मौत

## पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी फुटेज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** प्रोपर्टी डीलर की लाश मिलने से क्षेत्र व ताजपुर में सनसनी फैल गई थी। परिवार के लोगों में कोहराम मच गया था। लाश की खबर सुनकर थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह व चौकी प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ घटना पर पहुंच गए थे। प्रोपर्टी डीलर नईम अंसारी की घटना को लेकर लोग तरह तरह की चर्चा कर रहे थे, हर कोई अपने हिसाब से इस घटना को हत्या मान रहा था। पुलिस से भी हर कोई घटना का सही खुलासा चाहता था। एसओजी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए इस घटना की बारीकी के साथ जांच कर दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया।

पुलिस एसओजी टीम ने ताजपुर नूरपुर तक लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगालने के दौरान नईम अंसारी पैदल चलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसी दौरान स्योहारा रोड की तरफ से आ रही अज्ञात तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसमें नईम अंसारी सिर व सीने में चोटें आने से गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनकी ज्यादा खून निकलने से उनकी मौत हो गई। नईम अंसारी अक्सर शाम का खाना खाने के बाद अकेले घूमने जाते थे। ऐसे ही बीत दिन भी खाना खाने के बाद नूरपुर स्योहारा रोड पर लगभग साढ़े दस बजे के आस पास टहलने के लिए निकल थे। मगर नईम अंसारी को क्या पता था देर रात सड़क पर टहलना उनकी जान का दुश्मन बन जायेगा। पुलिस की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किसी अज्ञात वाहन ने जो पीछे से टक्कर मारी है उसी की वजह से उनके सिर और पीठ में चोटें आई हैं। जिसकी वजह से सिर का ज्यादा खून बह जाने से मौत हुई है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज निकाल कर अज्ञात वाहन की तलाश करने में जुट गई।

उधर परिवार के लोग पुलिस प्रशासन से अज्ञात वाहन की तलाश कर घटना का खुलासा करने की मांग कर रहे हैं।

# पाताली शिव मंदिर पर एसडीएम व सीआ ने देखी व्यवस्थाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** श्रावण मास को शिव मंदिरों का उपजिलाधिकारी व सी ओ ने पाताली शिव मंदिर का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर मंदिर कमेटी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

गुरूवार को पाताली शिव मंदिर गुन्नौर में श्रावण मास में कांवरियों को शिवजी के जलाभिषेक करने को भीड़ रहती है। इसके लिए गुन्नौर एसडीएम वंदना मिश्रा, सीओ दीपक तिवारी, कोतवाल अखिलेश प्रधान ने पहुंचकर मंदिर कमेटी अध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार उर्फ चिंअू यादव व कमेटी सदस्यों से मंदिर पर तैयारियों को लेकर जानकारी ली। जबकि आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंदिर पर बैरिकेटिंग, पार्किंग की व्यवस्था प्रत्येक वर्ष की जाती हैं इस बार भी यह सभी व्यवस्थाएं रहेंगी। इसके साथ ही मंदिर परिसर में लगने वाले मेले के लिए व्यवज्ञथाओं को पूर्ण किया जा रहा है।



**पाताली शिव मंदिर पर व्यवस्थाओं की जानकारी लेते एसडीएम व सीओ।**

# नियमों की धज्जियां उड़ाकर चलाए जा रहे नामचीन स्कूलों के वाहन

## परिवहन विभाग ने कई वाहनों को किया सीज़, बच्चों के बैठे वाले वाहनों पर ठोका जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** ओवरलोड वाहनों व निजि वाहनों का व्यवसायिक प्रयोग के खिलाफ परिवहन विभाग की नींद टूट गइ है।

आला अधिकारियों और शासन से मिले सख्त निर्देशों पर चलाये गए चैकिंग अभियान में कई वाहनोंको सीज किया जब कई वाहनों पर जुर्माने से अधिरो. पित किया। जनपद में बड़ी संख्या में निजी वाहनों का व्यवसायिक प्रयोग किया जा रहा है जबकि अनफिट वाहनों से स्कूली बच्चों को लाया ले जाया जा रहा है।

कई बार हादसे होने के बाद परिवहन विभाग की अंदेखी समाचार पत्रों की सुर्खियां बन चुकी है। इसी को लेकर शासन और स्थानीय उच्चाधिकारियों ने इसे गम्भीरता से लेकर चैकिंग अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देशों पर परिवहन विभाग की नींद टूट गई।सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रर्वतन) अमिताभ चतुर्वेदी के नेतृत्व में अभियान चलाकर स्कूलों में संचालित अनफिट और ओवर लोड तथा व्यवसायिक प्रयोग में लाये जा रहे निजी वाहनों चैकिंग की गई, जिसमें कुछ वाहनों को सही नहीं पाये जाने पर थाना- मण्डी समिति चौकी, कोतवाली,

सम्भल में निरूद्व किया गया। जबकि जिन वाहनों में बच्चे सवार थे, उनका चालान किया गया। अभियान के दौरान बसों, मैजिक,प्राइवेट मारूति वैन, प्राईवेट इंको आदि का चालान व सीज करने की कार्यवाही की गयी। इसके अलावा बेबी गार्डन पब्लिक स्कूल, एमएस पब्लिक स्कूल, श्रीमति मनोरमा राघव इण्टर कालेज, मुलायम सिंह यादव इण्टर कालेज, त्रिवेणी इण्टर कालेज, श्री साईं अराधना पब्लिक स्कूल, सेंट मेरी सीनियर सेकेन्डरी स्कूल आदि वाहनों पर कार्रवाई की गयी। इसके अलावा निजी वाहनों का व्यावसायिक वाहन के रूप में प्रयोग करने एवं माल वाहनों द्वारा ओवरलोड माल परिवहन करते हुए पाए जाने पर चालान/बन्द करने की कार्यवाही की गई।अभियान में दो पहिया वाहन मोटर साईकिल पर बिना हेलमेट का प्रयोग करने पर चलान किये गए।



**निजी वाहनों का व्यवसायिक प्रयोग व अनफिट वाहनों का चालान करते उपसम्भागीय परिवहन अधिकारी।**

# विश्व धरा पर जब भी भारी संकट आया तब अवतारी चेतना धरती पर हुई अवतरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बबराला।** गुरू पूर्णिमा पर नो कंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। जबकि गायत्री परिवार के परिवाव्राजक कुलदीप शर्मा की समारोह पूर्वक विदाई हुई।

गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में आयोजित नो कुंडीय महायज्ञ में आचार्य अखिलेश व प्रेमपाल ने मंत्रों के साथ विधि विधान से यज्ञ में आहूतियां दिलाई। प्रेमपाल व महेश ने कहा कि जब भी कोई भारी संकट और विपत्तियॉ आइं तब-तब किसी न किसी रूप में अवतारी चेतना धरती पर अवत. रित हुई और मानव में देवत्व जगाने का कार्य किया।सूर्य की पहली किरणों के सज्ञथ श्रृद्धावानों में नया सवेरा नयी उजाला लाकर उनमें नूतन ऊर्जा का संचार करती हे। यज्ञ के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। इस दौरान रविन्द्रपाल यादव, राधे श्याम शर्मा, जगदीश यादव, गंगाराम यादव, लक्ष्मी यादव, नरेन्द्र राघव,प्रेमपाल सिंह, डा. सुधीन्द्र शर्मा,रामौतार गुप्ता, राकेश कुमार, आरती, मीरा शर्मा, मीना यादव आदि मौजूद रहे।



**गायत्री शक्तिपीठ बबराला पर नौ कुंडीय यज्ञ में आहूतियां देते श्रद्वालु।**

### गुरु का जीवन में बड़ा महत्व

**बबराला।** नगर के सन्तोषी माता श्रीबॉंकेबिहारी मन्दिर के पण्डित श्याम बिहारी ने कहा कि गुरु का जीवन मे बड़ा महत्व है। गुरु हमें ज्ञान की शिक्षा देते हैं।उनका अनुसरण करने से जीवन सफ़ल हो जाता है। उधर नगर गुन्नौर के मौहल्ला सराय में गुरु कुलदीप माथुर ने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर्व गुरु की महत्ता को समर्पित है। गुरु पूर्णिमा वो दिन है,जब आदि योगी ने आदि गुरु में रूपांतरित होकर विश्व को आध्यात्मिक प्रक्रिया भेंट की। यह पर्व जीवन में गुरु की महत्ता व् महर्षि वेद व्यास को समर्पित है। भारतवर्ष में कई विदान गुरु हुए हैं किन्तु महर्षि वेद व्यास प्रथम विद्वान् थे जिन्होंने सनातन धर्म हिन्दूधर्म के चारों वेदों की व्याख्या की थी। सिख धर्म में भी गुरु को भगवान माना जाता है। इस कारण गुरु पूर्णिमा सिख धर्म का भी अहम पर्व है। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर्व आषाढ़ मास की पूर्णिमा को कहते हैं। इस दिन गुरु पूजा का विधान है। यह दिन महाभारत के रचियता कृष्ण देयापन व्यास का जन्मदिन भी है। वे संस्कृत के विद्वान थे। उन्होंने चारों वेदों की भी रचना की थी। इस कारण उनका एक नाम वेद व्यास भी है। उन्हें आदि गुरु भी कहा जाता है। उनके सम्मान में गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। शास्त्रों में गुरु का अर्थ अंधकार को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाले को बताया है। जीवन में गुरु और शिक्षक के महत्व को आने वाली पीढ़ी को बताने के लिए यह पर्व आदर्श है। गुरु का आशीर्वाद सबके लिए कल्याणकारी व् ज्ञानवर्धाक होता है। इसलिए इस दिन गुरु पूजन के बाद गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। गुरु हमें धर्म का मार्ग दिखाता है। हमारे अज्ञान का निराकरण करता है।

### श्रद्वालुओं ने किए हरिबाबा के दर्शन

**बबराला।** श्रीहरिबाबा गुरु महोत्सव हरिबाबा धाम आश्रम,गंवा पर चल रहा है। यहां काफी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। यह महोत्सव प्रत्येक वर्ष होता है। दूर दूर से आने वालों की भीड़ लगी है। आश्रम पर मेला सा लगा है। दर्शनों को लाइने लगी हैं। रविवार को गुरु पूर्णिमा पर्व पर काफी संख्या में श्रृद्वालु दर्शन को आये। मन्दिर के व्यवस्थापक ने बताया है। गुरु पूर्णिमा पर पंजाब हरियाणा दिल्ली मध्य प्रदेश राजस्थान के राज्यों से लोग आयेंगे। प्रत्येक वर्ष यहां आकर ठहरते हैं और दर्शन करके कार्यसेवा में लगे रहते हैं। लोग आकर यहां भंडारे कर रहे हैं। जबकि धाम पर प्रतिदिन भण्डारा चलता रहता है। चौबीस घण्टे भजन कीर्तन चलता रहता है। प्रतिदिन वैसे तो दर्शन को लोग आते ही हैं लेकिन गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर संख्या लाख में पहुँच गयी। इस समय धाम परिसर में श्रृद्वालुओं की भीड़ जमा है। यहां लगे मेले में लोग खरीददारी भी कर रहे हैं।

### रामलीला देख लोग मंत्रमुग्ध हुए

**बबराला।** श्रीहरि बाबा धाम आश्रम पर चल रही रासलीला का मंचन देखकर लोग मन्त्रमुग्ध हो रहे हैं। इसमें चल रहे गीत व् भजन पर लोग खूब झूम रहे हैं। रासलीला का आनंद धाम पर आने वाले लोग पूरी तरह से ले रहे हैं। वृन्दावन के कलाकार अच्छी प्रस्तुति दे रहे हैं। यहां भागवत कथा भी चल रही है।इ समें श्रृद्वालु काफी संख्या में आ रहे हैं। इसमें स्थानीय लोगों की सहभागिता अधिक है। यहां आकर लोग बाबा के चौबीस घण्टे चलने वाले भजन कीर्तन में भी भाग ले रहे हैं। उनके रहने वाले स्थान के दर्शन कर रहे हैं। इसके साथ ही बॉंधपर मिटटी डालने की परम्परा का निर्वहन कर रहे हैं। यहां दर्शन करने आने वाले श्रीहरिबाबा के बनाये बॉंध पर मिटटी डालकर कारसेवा अवश्य करते हैं।

# किंवदंतियों और इतिहास को संजोए है चक्की का पाट

## भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के तहत संरक्षित स्मारकों की सूची में नही अधिसूचित उप्र सुन्नी सैंट्रल वक्फ बोर्ड में चला आ रहा है इसका इंद्राज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नवनिर्मित लाल पत्थर की दीवार पर स्थापित एतिहासिक चक्की के को नये रंग रूप में देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई किवदंतियों भरे चक्की का पाट नगर पालिका चैयरमेन पति और ईओ के के संयुक्त प्रयासों से नये क्लेवर स्थापित कराने की चहुंओर प्रशंसा हो रही है।

ऐतिहासिक चक्की के पाट के बारे में कई तरह की किवदतिया सुनने को मिलती है। शहर के बीचों बीच स्थापित ऐतिहासिक चक्की के पाट की दीवार ककैया ईट की बनी हुई थी। जो काफी जर्जर हो गई थी और कई दिनों तक हुई भयंकर बारिश में दीवार भरभरकर गिर गई थभ। इसी के साथ एतिहासिक चक्की का पाट भी टूट गया था। एतिहासिक धरोहर के टूटने और इसका लुप्त होने की सम्भावनाओं पर प्रशासनिक अधिकारियों लोगां की आलोचनाओं का सामना करना पड़ने लगा था। एतिहासिक धरोहर फिर अपने रूप में स्थापित हो इसके लिए कई नगर पालिका परिषद की चैयरमेन असिया मुशीर उनके पति और प्रतिनिधि चौधरी मुशीर ने प्रयास शुरू कर दिये थे। जबकि कई माह पूर्व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार व वक्फ निरीक्षक प्रवेन्द्र कुमार सिंह के साथ तत्कालीन एसडीएम विनय मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर नगर पालिका प्रशासन से इस ऐतिहासिक धरोहर को सुरक्षित रखने के लिए उपाय किए जाने का आग्रह किया था। हांलाकि चक्की का पाट भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अंतर्गत संरक्षित स्मारकों की सूची में अधिसूचित नहीं है। जबकि इसका पंजीकरण उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ में वर्षो से चला आ रहा है। जिसके प्रबंध के लिए वर्तमान में मौहल्ला लाडम सराय निवासी मुसव्विर हुसैन के पुत्र सय्यद शान मिंया मुत्वल्ली नियुक्त है। वहीं इस चक्की के पाट से सटी करीब दो दर्जन दुकानें भी है। जो वर्षो से किराये पर है। नगर पालिका के अधीशासी अधिकारी डा. मणि भूषण तिवारी ने बताया कि चक्की के पाट के नवनिर्माण के लिए पालिका द्वारा 32 लाख रूपए का बजट पास कर टेंडर जारी किया था। जबकि इससे पूर्व वक्र बोर्ड से अनुमति प्राप्त की गई थी। जिसके बाद निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया। ककैया ईट के स्थान पर बडी ईटों से दीवार तैयार की गई और रि उस पर लाल पत्थर लगाकर सौन्दर्य करण किया गया। करीब छह माह के बाद कार्य पूर्ण हाने पर नगर पालिका प्रशासन के कर्मचारी व ठेकेदार मुख्य बाजार में पहुंचे तो लोगों में उत्सुकता का माहौल पैदा

# नीलगाय की टक्कर से कार चालक घायल

**बबराला।** बोलेरो कार नीलगाय से टकराने से कार चालक घायल हो गया। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार को मेरठ बदायूं राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव जगन्नाथपुर के पास बोलेरो कार नीलगाय से टकरा गयी।कार में चालक अजीज पुत्र बुंदू निवासी बंजारे नगला थाना छतारी जिला बुलंदशहर,बदायूँ जिले के गांव दहगवां से वापस आ रहे थे।तभी गुन्नौर-जुनावई के बीच गांव जगन्नाथपुर के पास कार से नीलगाय टकरा गई।जिससे नीलगाय की मौके पर ही मौत हो गई। कार चालक को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गुन्नौर लाया गया। जहां डाक्टर ने गंभीर हालत देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# समारोह पूर्वक दी एसबीआई के प्रबंधक को विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक को स्थानांतरण पर समारोह पुर्वक विदाइ दी गई। गुरूवार को भारतीय स्टेट बेंक के मुख्य शाखा प्रबंधक के स्थानांतरण पर समारोह का आयोजन किया गया। प्रबंधक उद्या नंद झा का लखीमपुर खीरी के लिए स्थानांतरण हो गया है।समारोह में वक्ताओं ने उद्यानंद झा विगत तीन वर्षो से अधिक समय के कार्य काल की प्रशंसा की।

जबकि उनके मृदु स्वभाव सर्वाधिक चर्चित रहा। इस अवसर पर क्षेत्रिय प्रबंधक प्रभात कुमार, सम्भल शाखा के नए मुख्य प्रबंधक श्री आरिफ खान, लेखाधिकारी, चेतन शर्मा, उमेश कुमार, अनुज, दीपक द्विवेदी, बिलाल, काजल, दीपशिखा, शैफाली, आमिर खान,नाजिर खान आदि मौजूद रहे।



**स्थानांतरित एसबीआई के प्रबंधक को विदाई देते कर्मचारी।**

# रोजगार मेले में चयनित किए जाएंगे बेरोजगार अभ्यर्थी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विश्व युवा कौशल दिवस पर प्रशिक्षित बेरोजगार युवक व युवतियों के चयन को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

जबकि रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण व पूर्व में सेवायोजित अभ्यर्थियों को यूथ आईकॉन सम्मान व सेवायोजन में सहयोग करने वाले स्थानीय उद्योग बंधुओं का प्रोत्साहन व सम्मान किया जायेगा। रोजगार मेले का आयोजन मिशन निदेशक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के निर्देशानुसार राजकीय आईटीआई सम्भल परिसर में 14 जुलाई को रोजगार मेला तथा 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन स्तुति गुप्ता ने बताया कि रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, कौशल विकास अन्तर्गत प्रशिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियां प्रतिभाग कर सकते है। इस रोजगार मेले में 10 प्रतिष्ठित सेवायोजित कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार/लिखित परीक्षा द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

# नवनिर्मित अस्पताल में मिलेगा रोगियों को उपचार

## विधायक पुत्र ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** क्षेत्र के लोगों की आवश्यकता ओर रोगियों की सुविधाओं को देखते हुए एक ऐसे हॉस्पिटल का शुभारंभ किया गया है जिसमें कई प्रकार के रोगों के रोगियों का उपचार सम्भव हो सकेगा।

सदर विधायक पुत्र ने नवनिमित अस्पताल का उदघाटन किया। बहजोई के कृष्ण कुंज भारत पेट्रोल पंप के निकट अहसान हॉस्पिटल का विधायक पुत्र सुहैल इकबाल एवं सपा जिला महासचिव कृष्ण मुरारी संख्यधार ने फीता काटकर उदघाटन किया। अस्पताल के संचालक सुहैल उमर ने बताया कि अस्पताल में डा. यतेंद्र पाल सिंह, लेप्रोस्कोपिक, डा. मंसूर बेग ईएनटी, डा. मोहम्मद हसीब बैग कंसलटेंट आई सर्जन, डा. मोहम्मद आजम जर्नल फिजिशियन, डा. मोहम्मद सलमान फिजिशियन, डा. मोहम्मद उवैस खान ऑप्टो, डा. फैजान खान ईएनटी स्पेशलिस्ट, डा. उजमा गायनी ओबीएस मरीजों को अपनी सेवाएं देंगे। इस मौके पर मुंशी वाहिद, सुहैल चमन, गुफरान, प्रधान नूर अहमद, प्रधान शाहिद हुसैन, शराफत हुसैन, राहुल गुप्ता, अंश वरनवाल, ललतेश यादव, डा. अब्दुल कादिर आदि लोग उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल रहे।




**बहजोई में अस्पताल का उदघाटन करते विधायक पुत्र सुहैल इकबाल।**

# दिव्य ऊर्जा से खुलता है धरती पर प्रभु के अवतरण का मार्ग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रृंखला के तहत शिव गोरख मंदिर समिति द्वारा आयोजित योगेश्वर गोरक्षनाथ महोत्सव के पैतालिसवें महापर्व के तीसरे दिन आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली के नेतृत्व व यज्ञाचार्य योगी डा. नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने समिति की सभी इकाइयों के एक सौ आठ साधक साधिकाओ से योगेश्वर गोरक्षनाथ महायज्ञ में ग्यारह लाख इक्यावन हजार आहुतियाँ आहुत करा कर श्रीकल्कि के शीघ्र प्राकटय, विश्व शान्ति व भारत राष्ट्र प्रगति और समृद्वि को प्रार्थना कराई। तत्पश्चात अमृत भोग भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमे हजारों भक्तों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण कर अमृत गाथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त किया। इस अवसर पर आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली ने कहा की जैसे जप केवल जपकर्ता का,सेवा सेवक का,योग योगी का,दान दानी का कल्याण करने में सहायक होता है। किन्तु महायज्ञ सारे विश्व का हित करने में सहायक तो होता ही है। साथ ही महायज्ञ के ताप से निर्मित दिव्य उर्जा अन्न की वृष्टि भी करती हैं।

# मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना में सम्भल ने पाया पहला स्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओ में माह जून 2025 में विकास से सम्बन्धित मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की जारी रिपोर्ट में जनपद ने फिर एक बार प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है।

जिलाधिकारी ने योजनाओं से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को एक सप्ताह के भीतर आवेदनों का स्थलीय सत्यापन कर उसका निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। जनपद में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया व मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट निर्देशन में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना में का संचालन किया जा रहा है। जनपद में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में माह अगस्त 2024 में प्रदेश मे द्वितीय स्थान जबकि माह सितंबर 2024 में तृतीय स्थान, माह अक्टूबर 2024 में प्रदेश में प्रथम स्थान, माह नवम्बर 2024 में प्रदेश में द्वितीय स्थान, माह दिसम्बर 2024 में प्रदेश में प्रथम स्थान, पाया था। जिलाधकारी ने योजना के क्रियान्वयन से जुड़े समस्त अधिकारियों, सभी उपजिलाधि कारियो, समस्त खण्ड विकास अधिकारियो एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत सभी पात्र बालिकाओ/महिलाओं का आवेदन कराते हुए, प्राप्त आवे. दन पत्रें पर अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के अन्दर नियमानुसार उसका स्थलीय सत्यापन कर निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

# भंडारे में बच्चों को ग्रहण कराया भोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** तहसील क्षेत्र के कैला देवी धाम पर गुरु पूर्णिमा पर भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं सिंहावली स्थित श्री गोपाल धाम बाबरे बाबा आश्रम पर भी भागवत कथा के समापन पर भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया।

जनपद भर में गुरु पूर्णिमा का त्यौहार गुरु की पूजा कर बड़े धूमधाम से मनाया गया। जबकि कहीं भंडारा तो कहीं भागवत कथा का आयोजन किया गया। कैला देवी धाम पर गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया। जहां बाबा रतन गिरि जी महाराज की चरण पादुका पूजन किया। तत्पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें दर्जनों गांवों के हजारों श्रृद्वालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया तो वहीं कैला देवी क्षेत्र के स्कूली बच्चों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। आश्रम के महंत व अंतर्राष्ट्रीय हरिहर सेना के संस्थापक श्रृषि राज गिरी महाराज के नेतृत्व में भंडारे का आयोजन हुआ। दूसरी ओर सिहावली स्थित श्री गोपाल धाम बाबरे बाबा आश्रम पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर सप्त दिवसीय भागवत कथा का आयोजन हुआ। जिसके समापन व गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन किया गया।



**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र वसीम व उसकी पत्नी यासमीन बुरी संगत में पड़ गये हैं और वह गाली-गलौंच एवं झगड़ा करते हैं। इसलिए मैने वसीम व उसकी पत्नी यासमीन को दिनांक 10.07.2025 को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरा पुत्र व पुत्रवधु मुझे व मेरे परिवार को झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देते रहते हैं। मेरा पुत्र व पुत्रवधू भविष्य में कोई घटना को अंजाम देते हैं अथवा कोई गैर कानूनी काम करते हैं तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। मैं व मेरे परिवार का उनके कृत्य से कोई ताल्लुक वास्ता नहीं होगा।

**शौकीन पुत्र वाहिद**
**नि. हासिमपुर नवादा जिला सम्भल।**

# क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कृषि योग्य भूमि पर नियमों की अनदेखी कर अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए गुरुवार को बहजोई क्षेत्र में बुल्डोजर चलाकर अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई उपजिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार सत्येन्द्र कुमार, लेखपाल वरुण कुमार और नगर पालिका टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई। जानकारी के अनुसार, बहजोई में इरफान, गुलाब, साबिर और बिलाल नामक व्यक्तियों द्वारा कृषि भूमि पर बिना धारा 80 और बिना ले-आउट पास कराए कॉलोनी विकसित की जा रही थी जिसमें न तो जलनिकासी, पार्किंग और पार्क जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था थी और न ही नगर नियोजन के अनुरूप कोई



नक्शा स्वीकृत कराया गया था। पूर्व उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा पहले भी इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू कर चुके थे और उनका स्पष्ट तर्क था कि बिना नियामक अनुमति के की गई प्लाटिंग अवैध मानी जाएगी। उनके स्थानांतरण के बाद कुछ समय तक स्थिति ढीली पड़ी रही, लेकिन वर्तमान प्रशासन ने पुनः सख्ती के साथ कार्रवाई आरंभ कर दी है। सूत्रों के अनुसार, चन्दौसी-बहजोई क्षेत्र में ऐसे 60-70 स्थान चिन्हित किए गए हैं, जहां प्लाटिंग ग्रुप बनाकर बगैर किसी वैध अनुमोदन के आम नागरिकों को प्लॉट बेचे जा रहे हैं। इन स्थानों पर न तो विकास प्राधिकरण की मंजूरी है और न ही बुनियादी ढांचे का ख्याल रखा गया है। उपजिलाधिकारी कार्यालय की ओर से साफ कहा गया है कि निर्धारित समय सीमा के बाद कोई भी अवैध प्लाटिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों के उल्लंघन पर बुल्डोजर कार्रवाई जारी रहेगी और संबंधित लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे प्लॉट खरीदने से पहले संबंधित प्लॉट की धारा 80 की स्थिति, ले-आउट स्वीकृति और नक्शा पास होने की स्थिति अवश्य जांच लें ताकि भविष्य में उन्हें आर्थिक नुकसान या कानूनी झंझटों का सामना न करना पड़े।

## बिजली का बिल निकालने गए मीटर रीडर से मारपीट

**कांठ।** अधमपुर निवासी इस्तकार पुत्र सत्तार अली पावर टेक कन्सलटेन्ट प्रा० इण्डिया लि० कम्पनी मे मीटर रीडर है । वह 08 जुलाई को फोल्डा पट्टी मै बिलिग कार्य करते हुए सुबे सिंह पुत्र थान सिंह के मकान पर रिडिग लेने पहुँचा उसके साथ विभागीय कर्मचारी देवेन्द्र सिंह व संविदा कर्मी लाइनमैन टींकू भी थे। तभी फतेह सिंह पुत्र थान सिंह ने अपने बिल के वारे मे जानकारी ली, सुवे सिंह ने गाली गलौज शुरू कर दी गाली देने को मना किया तो उसके दोनो भाई जिले सिंह व सुवे सिंह पुत्र थान सिंह तीनो ने मिलकर लाठी डन्डो से मारपीट की, जिसमे उसके दोनो हाथो मे चोट आई। मारपीट में मशीन भी टूट गई। पीड़ित मीटर रीडर थाना छजलैट पहुंचा और हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तीनों मारपीट करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# ब्लॉक प्रमुख ने रखी श्मशान घाट की नींव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत चमरौआ खानपुर लक्खी गाँव में, श्मशान घाट के लिए ब्लॉक प्रमुख डाक्टर नवदीप यादव, विधायक पुत्र गौरव ठाकुर ने नींव रखी, जिसके बाद ग्रामीणों ने उनका आभार व्यक्त किया। इस पहल से गाँव में एक सुव्यवस्थित और सम्मानजनक अंतिम संस्कार स्थल उपलब्ध होगा, खानपुर लक्खी गांव के रजेड़ा नदी किनारे ग्रामीणों की सुविधा के लिए श्मशान घाट का निर्माण किया जा रहा है , पंडित मोहित कुमार शर्मा ने मंत्रोचार के साथ पूजा पाठ कर ब्लॉक प्रमुख के द्वारा इस परियोजना की नींव रखवाई, जिससे ग्रामीणों को एक स्थायी और सम्मानजनक अंतिम संस्कार स्थल मिल सकेगा, ग्रामीणों ने इस पहल के लिए कुंदरकी विधायक ठाकुर रामबीर सिंह और मूंढापांडे ब्लॉक प्रमुख नवदीप यादव का धन्यवाद किया और कहा कि यह उनके लिए बहुत उपयोगी होगा, ग्रामीण सुरेश चंद्र वर्मा,




डाक्टर महेंद्र सिंह प्रजापति, नेत्रपाल चंद्रवंशी, ओमशंकर चंद्रवंशी, हरिराम, बब्लू प्रजापति, तुलाराम, राजपाल ने बताया कि गांव का श्मशान घाट न होने की वजह से हमें अंतिम संस्कार के लिए मुरादाबाद रामगंगा नदी या रामपुर कोशी नदी जाना पड़ता था, जिससे हमें कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था,गांव के बाहरी छोर पर रजेड़ा नदी के करीब शमशान घाट के शिलान्यास होने से ग्रामीणों को राहत मिलेगी,इस दौरान बीडिओ मूंढापांडे अशोक कुमार, संजीव कुमार, राजू, गोकल, हरद्वारी, डाक्टर सुनील कुमार, सोनू, डाक्टर राजू, रामलाल सिंह, डाक्टर विशाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# टीएमयू का फिजिकल एजुकेशन कॉलेज नॉर्थ इंडिया के अग्रणी कॉलेजों में शुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादाबाद।** नैक से ए ग्रेड प्राप्त तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद का तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन नॉर्थ इंडिया में खेल शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी कॉलेजों में शुमार है। 2011 में स्थापित इस कॉलेज की झोली में एनसीटीई की मान्यता भी है। एनआरआईएफ 2025 रैंकिंग में टीएमयू ने उत्तर प्रदेश में चौथा स्थान और देशभर में 42वां स्थान प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया है कि यह यूनिवर्सिटी न केवल शिक्षा, बल्कि अनुसंधान, नवाचार और खेल संस्कृति में भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पताका लहरा रही है। फिजिकल एजुकेशन कॉलेज ने अब तक रणजी ट्रॉफी जैसे प्रतिष्ठित क्रिकेट टूर्नामेंट सहित राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खेल






प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया है, जिनमें कर्नल सीके नायडू क्रिकेट टूर्नामेंट, कूच बिहार ट्रॉफी, सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चौंपियनशिप, यूथ नेशनल वॉलीबॉल चौंपियनशिप और नेशनल कैरम चौंपियनशिप शामिल हैं। कॉलेज में 12वीं के बाद चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम बीपीईएस, दो वर्षीय बीपीएड, दो वर्षीय स्नातकोत्तर एमपीएड के संग-संग शारीरिक शिक्षा में पीएचडी पाठ्यक्रम संचालित हैं। इन सभी पाठ्यक्रमों को इस प्रकार डिजाइन किया गया है, स्टुडेंट्स खेल, कोचिंग, अनुसंधान, शिक्षा और फिटनेस इंडस्ट्री में स्वर्णिम करियर बना सकें। टिमिट फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनु मिश्रा बताते हैं, कॉलेज के स्नातक और स्नातकोत्तर एल्युमिनाई देशभर के प्रतिष्ठित स्कूलों, विश्वविद्यालयों, खेल अकादमियों और फिटनेस संस्थानों में शारीरिक शिक्षा शिक्षक, कोच, फिटनेस ट्रेनर, स्पोर्ट्स ऑफिसर और शोधकर्ता के रूप में कार्यरत हैं। कॉलेज अपने विद्यार्थियों को उच्च प्लेसमेंट सहायता प्रदान करता है। उन्हें करियर मार्गदर्शन, इंटर्नशिप और उद्योगिक प्रशिक्षण का भी अवसर मिलता है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। विशेष रूप से खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए 100 प्रतिशत तक की खेल छात्रवृत्ति योजनाएं भी उपलब्ध हैं। प्राचार्य प्रो. मिश्रा का मानना है कि हमारा उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व, आत्मनिर्भरता और उत्कृष्टता के ऐसे गुण विकसित करना है, जो उन्हें न केवल खेल क्षेत्र, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाएं। टीएमयू के इस कॉलेज की महत्वपूर्ण विशेषता यहां की विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं हैं। विशाल इंडोर हॉल है, जिसमें बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, योग प्रदर्शन, स्क्वैश, टेबल टेनिस और विभिन्न इनडोर खेलों की उच्च स्तरीय व्यवस्थाएं हैं। कॉलेज का विश्व स्तरीय क्रिकेट ग्राउंड है, जिसमें पवेलियन और प्रैक्टिस नेट की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही बहुउद्देश्यीय आउटडोर ग्राउंड भी मौजूद है, जिसका उपयोग क्रिकेट, फुटबॉल, ट्रैक एवं फील्ड तथा अन्य बाहरी खेलों के लिए किया जाता है।

इसके अतिरिक्त आधुनिक फिटनेस सेंटर, योगा हॉल, खेल विज्ञान प्रयोगशालाएं और आईसीटी-सक्षम कक्षाएं भी विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाती हैं।

## स्थापना दिवस पर लिया सेवा समर्पण का संकल्प

**कांठ।** भारत विकास शाखा कांठ के तत्वाधान में गुरुवार की शाम भारत विकास परिषद का 63 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया स जिसमें संस्कार सेवा समर्पण के साथ समाज की सेवा करने का संकल्प लिया गयास एस वी चिल्ड्रन एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में भारत विकास परिषद की स्थापना पर विस्तार से प्रकाश डाला गयास एडवोकेट दीपक बिश्नोई ने कहा कि भारत विकास परिषद की पूरे देश में 1600 शाखाएं काम कर रही हैंस इससे जुड़े लाखों लोग विभिन्न क्षेत्रों में समाज की सेवा कर रहे हैंस इस अवसर पर अध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता , सचिव गौरव बिश्नोई , दीपक चौहान, अशोक कुमार बिश्नोई, सचिन चौहान उर्फ बंटी, सुरेश चौहान, पंकज भदौरिया, प्रद्युम्न बिश्नोई, आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### बारिश आते ही कांठ बिजली घर की मशीन खराब, टाउन के लोग बिजली को तरसे

**कांठ।** बारिश आते ही कांठ बिजली घर की मशीन खराब हो गई जिसके कारण टाउन की बिजली चली गई और दिनभर लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा बतादे की कांठ की बिजली गुल करने के लिए जरा सी बारिश ही काफी है रात को अचानक बारिश पड़ी तो बिजली घर की एक मशीन ने काम करना बंद कर दिया जिसकी वजह से टाउन की बिजली गुल हो गई सुबह को लोग बिजली आने का इंतजार करते रहे लेकिन दोपहर बाद तक बिजली नहीं आई बाद में पता चला की



मशीन को ठीक करने में काफी लंबा समय लग गया इसके बाद ही लोगों को बिजली मिल पाई टाउन के उपभोक्ताओं का कहना है कि वह समय पर बिजली का बिल भर रहे हैं तो विभाग को भी बिजली सुचारू रूप से देने के लिए अच्छी मशीनों को स्थापित करना चाहिए बिजली विभाग की इस व्यवस्था से लोगों में नाराजगी देखने को भी मिली है।

### कांवड़ शिविर को लेकर विश्व हिंदू परिषद की बैठक में 17 जुलाई से शिविर शुरू करने का ऐलान



**कांठ।** गांधी आश्रम कांठ में विश्वहिंदू परिषद की बैठक 10 वे विशाल भंडारे को लेकर सम्पन्न हुई जिसमें नगर पंचायत की टीम नितिन विश्नोई वजीर अहमद आदि को साफ सफाई के विषय में अवगत कराया। तय हुआ कि 17 जुलाई गुरुवार को शिव भंडारे का शुभारंभ किया जाएगा। जो कि पूरे श्रवण मास चलेगा। भंडारे में शिव भक्तों के लिए भोजन चिकित्सा ब रात्रि विश्राम की व्यवस्था रहेगी। इस मौके पर मोनू बिश्नोई बजरंगी अजयपाल तोमर अखिलेश चौहान नगर सह संयोजक हर्ष निपेंद्र सिंह प्रजापति गोलू विश्नोई हरीश सैनी आवेश सैनी पवन सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### युवती की तहरीर पर भाभी समेत तीन के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने युवती की तहरीर पर भाभी के खिलाफ पर्सनल फोटो वायरल करने की धमकी देने और दो युवकों के खिलाफ मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। गुरुवार को मोहल्ले के प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में बगिया वाला निवासी प्रियंका पुत्री अशोक ने कहा कि डबल फाटक निवासी भाभी मुस्कान ने मेरे मोबाइल से पर्सनल फोटो अपने मोबाइल में ले लिया। भाभी फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रही है। मोहल्लेवासियों के मौके पर पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महर्षि वेदव्यास की जयंती मनाई



चन्दौसी। महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान मे अठारह पुराण, एक वेद को चार वेद में विभक्त करने वाले, उपनिषदों तथा विश्व के सबसे बड़े महाकाव्य महाभारत के रचयिता महर्षि वेदव्यास जी की जयंती मनाई गई। साथ ही अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर डा0 महेश कुमार गुप्ता, डा0 अरविन्द कुमार गुप्ता, डा0 निशा गुप्ता, सरोज कुमारी, संतोष पाल, शमा, अरुण, अफजल खां, आमिर खान, विजय सिंह, मनीषा, प्रेमवती, जीत पाल, ज्ञानवती, अनिल कुमार, रामवती, श्यामा देवी आदि मौजूद रहे।

# मां तो नहीं दिला सकता लेकिन अपनी मासूम बच्चियों को न्याय जरूर दिलाउंगा: जियाउद्दीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** सना उर्फ नेहा को मौत देने के आरोपी ससुराल वालों को सजा दिलाने के लिए मृतका का पिता अधिकारियों के समक्ष अपनी बात रख रहा है। डीआईजी ने उन्हें एक बार फिर न्याय का भरोसा दिलाया है पीड़ित पिता का कहना है कि वह अपनी मासूम नातिनों को न्याय दिलाए बगैर चौन से नहीं बैठेगा। हल्द्वानी निवासी जियाउद्दीन की बेटी सना उर्फ नेहा की शादी गढ़ी गांव में हुई थी मार्च में उसका शव फांसी के फंदे में लटका मिला मृतका के पिता ने दहेज के लिए उसे लगातार प्रताड़ित करते चले आ रहे ससुरालियो पर उसकी हत्या का आरोप लगाकर थाना कांठ में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज करा दिया जिसमें पुलिस ने खालिद की गिरफ्तारी कर ली लेकिन बाकी आरोपी आराम से घर बैठे हैं। मृतका के पिता



ने अधिकारियों के चक्कर लगाए बाद में उन्हें पता चला कि पुलिस इस मामले में कुछ लोगों को क्लीन चिट देने की फिराक में है तो पीड़ित ने अधिकारियों के समक्ष गुहार लगाई और मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर अपनी दो साल की नातिन किंजा और 11 माह की आयरा को न्याय दिलाने की मांग की, मुख्यमंत्री के आदेश से डीआईजी ने इस मामले की सुनवाई की और विवेचन के साथ-साथ पीड़ित पिता को भी बुलाकर उन्हें बात रखने का मौका दिया। पीड़ित पिता का कहना था कि वह अपनी दोनों मासूम नातिनों को मां तो नहीं दिला सकता लेकिन उन्हें न्याय जरूर दिलाएगा। मोहम्मद जियाउद्दीन का कहना है कि भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता और पदाधिकारी होने के नाते उसे पुलिस से काफी उम्मीद है और डीआईजी के न्याय दिलाने के भरोसे के बाद वह निश्चिंत है। उनका कहना था कि पुलिस ने सुरक्षा के लिए उन्हें सुरक्षा गार्ड भी उपलब्ध कराया है और भरोसा दिलाया है कि किसी भी कीमत पर आरोपियों को क्लीन चिट नहीं दी जाएगी।

कुल मिलाकर मासूम नातिनों को न्याय दिलाने के लिए एक नाना ने जांच यहां से हटाकर बरेली ट्रांसफर कराए जाने की भी मांग की है।

# चार्टर्ड अकाउंटेंसी कंपनी ने दिया टिमिट की छात्रा को ज्वाइनिंग का ऑफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट ने छात्र-छात्राओं के प्लेसमेंट के नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंसी कंपनी-"हरि प्रताप भारद्वाज एसोसिएट्स" ने एमबीए की छात्रा को सेलेक्ट कर ज्वाइनिंग लेटर प्रदान किया है। यह टिमिट के छात्र-छात्राओं के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंसी के क्षेत्र में अपने आप को स्थापित करने का अनुपम अवसर है। यह टिमिट के सर्वोत्तम सिलेबस, प्रैक्टिकल ज्ञानपरख शिक्षा व सवोत्तम फैकल्टिज व प्लेसमेंट सेल के अथक प्रयासो का परिणाम है कि नामी गिरामी चार्टर्ड अकाउंटेंसी कंपनियाँ भी टिमिट के छात्रों को चयन करने को वरीयता प्रदान करती है। हरि प्रताप भारद्वाज एसोसिएट्स की ओर से सीनियर पार्टनर ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से न केवल कंपनी की कार्यप्रणाली बल्कि जॉब प्रोफाइल से जुड़ी विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत की। इसके उपरांत चयन प्रक्रिया को विभिन्न योग्यता मापदंडों के आधार पर मूल्यांकन किया गया। इन सभी चरणों को सफलतापूर्वक पार करते हुए एमबीए के प्रतिभाशाली छात्रा मेघा कौशिक का अंतिम रूप से चयन किया गया। कंपनी ने उन्हें अपने कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया है। टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के डीन प्रो. विपिन जैन नेछात्रा को बधाई देते हुए कहा कि टिमिट हमेशा कोर इंडस्ट्रिज व कंपनियों की मांग के अनुसार बेहतरीन मेनेजमेंट प्रोफेशनल को तैयार कर अच्छा कैरियर बनाना है। टिमिट अपने विद्यार्थियों को रोजगार परक ज्ञान, सम्यक चरित्र व सम्यक दर्शन देने को कटिबद्ध है इस अवसर पर सीआरसी के असि0 डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को हर उपलब्ध अवसर का भरपूर लाभ उठाना चाहिये और उन्हे पूरी लगन व मेहनत से अपने सपनों को साकार करना चाहिये। चयनित छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाये दी व कहा कि बदलते परिदृश्य में छात्र-छात्राओं को जॉब के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड रहा है व हर छात्र-छात्रा पूरी तैयारी व मनोबल के साथ प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेना चाहिए।

# बालाजी दरबार गुलडिया में गुरु पूर्णिमा पर बड़े भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** श्री बालाजी दरबार एवं कमलनाथ आश्रम में श्रद्धालुओं को कंठी-ब्रह्मसूत्र ग्रहण कराया गया, श्रद्धालुओं ने मत्था टेका और अपने परिवार में सुख समृद्धि की कामना की, हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारा चखा। गुलड़िया बहादुरपुर में स्थित श्री बाला. जी दरबार एवं कमलनाथ आश्रम के संस्थापक संत बाबा तेजराम उर्फ कमलनाथ द्वारा सामूहिक रूप से श्री रामचरित मानस अखंड पाठ का समापन, सुंदरकांड, रामस्तुति, हनुमान चालीसा, बजरंगवाण, शनिचालीसा, भजन, आरती भंडारे का आयोजन किया गया, इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने कंठी-ब्रह्मसूत्र ग्रहण किया। शनि सेवक सुरेन्द्रनाथ ने श्री शनिदेव जी को चोला अर्पित कर कहा कि जो श्रद्धालु बाबा सिद्धबली और बाबा शनिदेव जी की परिक्रमा करते हैं उनकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है । सतपाल सिंह,



मुखराम सिंह, मानू, व अरविन्द ने गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि गुरु के बिना मानव जीवन की रक्षा असंभव है, इस लिये गुरु का सम्मान करना चाहिए।

इस अवसर पर मुखराम सिंह, सतपाल सिंह, मानू, कुंवरपाल सिंह, रजत, अरविन्द, वेदप्रकाश शर्मा, धर्मेन्द्र यादव, सुरेन्द्रनाथ, डॉ हरिओम सिंह, राजीव कुमार, साबिर हुसैन, हरि यादव होटल, मा, विपिन सलारपुर, अर्जुन कारीगर, नीरज, विकास विश्नोई, डॉ चन्द्रहास, अमर सिंह, राजेश, राहुल, राकेश प्रधान जी, विनय कुमार, मोहन पहलवान, राजीव कुमार, मुकेश, शिवा, शीला देवी, अंजू, मंजू, ज्योति, मनीषा, निहारिका, चंचल, निक्की, डोली, रेखा, नीतू, विमला, बबीता, छाया, अमरावती, पुष्पा, वर्षा, प्रया, यश आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।


## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र मुकम्मिल व पुत्रवधू श्रीमती रेशमा निवासी मोहल्ला धीमरी एक कुआं वाली मस्जिद, थाना मझोला, मुरादाबाद को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। श्रीमती राशिद जहां पत्नी सुलेमान निवासी इस्लामनगर धीमरी करुला थाना मझोला, तहसील व जिला मुरादाबाद।

## बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र विशाल कुमार को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में विशाल कुमार के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **दिनेश कुमार पुत्र हरगोविंद सिंह व श्रीमती उषा देवी पत्नी दिनेश कुमार निवासीगण बल्देवपुरी पीतल बस्ती थाना व पोस्ट कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## बेदखली सूचना

हमने अपने पुत्र हैदर अली व पुत्रवधू श्रीमती शाहजहां को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **श्रीमती अफरोज जहां पत्नी अतीक हुसैन व अतीक हुसैन पुत्र अजीज हुसैन निवासीगण नूर जम्माल मस्जिद जयंतीपुर थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र शिवम कुमार को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में शिवम कुमार के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **सोम प्रकाश पुत्र उदल सिंह निवासी ग्राम माधोवाला पोस्ट गोपीवाला तहसील व थाना ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद।**


# 'प्लास्टिक मुक्त प्रदेश-अब बने सबका उद्देश्य' के तहत हुई बैठक

**चन्दौसी।** नगरपालिका परिषद् चन्दौसी के अस्थाई कार्यालय गांधी पार्क में प्लास्टिक उन्मूलन महा अभियान 'प्लास्टिक मुक्त प्रदेश-अब बने सबका उद्देश्य' के तहत प्लास्टिक विक्रेता व्यापारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अधिशासी अधिकारी द्वारा बताया गया कि एकल प्लास्टिक को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है जिसका विक्रय करना पूर्णतः प्रतिबंधित है। सभी लोग प्लास्टिक का बहिष्कार करे, चंदौसी को साफ-स्वच्छ रखने में सहयोग प्रदान करें। साथ ही कहीं भी पर भी कोई भी कार्यक्रम करने से पूर्व नगरपालिका को सूचित करें जिससे कार्यक्रम के दौरान निकलने वाले कचरे का सही समय पर निस्तारण किया जा सके। नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय द्वारा सभी से शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में सहयोग प्रदान करने तथा साथ ही सिंगल प्लास्टिक का प्रयोग न करने की अपील की गई जिसके कारण बरसात के दौरान नाले-नालियां चोक हो जाते हैं और चारों तरफ गंदगी दिखाई देती है। यदि हम पॉलिथीन का प्रयोग न करें तो शहर साफ व स्वच्छ रहेगा। बैठक के पश्चात सभी को थैला वितरण कर शपथ दिलाई गई कि पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करेंगे। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष पति अखिलेश कुमार खिलाड़ी, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, सुनील कुमार व शहर के व्यापारीगणों में अरविंद एमडीएच, अनु वार्ष्णेय, विनय सर्राफ,आदि मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा संपन्न कराने के लिए पुलिस ने कसी कमर सीसीटीवी कैमरों को जगह-जगह करा दिया स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** आज से एक माह चलने वाली कावड़ यात्रा शुरू होने जा रही है और इस यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने भी अपनी तैयारी मुकम्मल कर ली है सीसी टीवी कैमरे जगह-जगह स्थापित कर हर रूट की निगरानी पुलिस ने शुरू कर दी है। सर्वविदित है कि आज शुक्रवार 11 जुलाई से सावन माह में चलने वाली कावड़ यात्रा का शुभारंभ हो रहा है। जिसको संपन्न कराने और सुरक्षा देने की जिम्मेदारी पुलिस के कांधो पर होती है थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह के निर्देशन में पुलिस ने कावड़ मार्गो को



सीसीटीवी कैमरो की नजर में रखने के लिए कैमरो की स्थापना कराई है। नहर मार्ग पर भी वाई-फाई कैमरे स्थापित किए गए हैं इसके अलावा सलेमपुर पुलिस चौकी कावड़ पथ में मुख्य मार्ग आदि जगहों पर पुलिस ने अपनी निगरानी में कैमरे स्थापित कराकर उन्हें चालू कर दिया है। जिन दुकानों पर पहले से कैमरे लगे हैं उनके भी कैमरे दुरुस्त करते हुए उन्हें सुचारू कर दिया है इन कैमरो की मदद से कावड़ यात्रा पर पुलिस पूरी तरह निगरानी रखने वाली है। वाई-फाई से लैस कैमरो की नजर में अब हर गतिविधि रहेगी थाना प्रभारी निरीक्षक ने क्षेत्र के लोगों से भी इस कावड़ यात्रा को संपन्न कराने के लिए सहयोग की अपील की है।

# फैक्ट्री में हाइड्रोजन सिलेंडर फटा एक की मौत, कई लोग घायल

■ फैक्ट्री में मचा हड़कंप, एनडीआरएफ की टीम मौके पर तैनात, मंडलायुक्त ने दिए जांच के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** काशीपुर मुरादाबाद रोड पर स्थित सूर्या रोशनी लिमिटेड फैक्ट्री में गुरुवार सुबह 11:30 बजे बड़ा हादसा हो गया। फैक्ट्री परिसर में हाइड्रोजन सिलेंडर फटने से जबरदस्त विस्फोट हुआ, जिसकी आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई कर्मचारी घायल हो गए हैं। हादसे के बाद फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी मच गई। विस्फोट के बाद फैक्ट्री प्रबंधन ने तुरंत सभी कर्मचारियों को छुट्टी देकर फैक्ट्री से बाहर भेजा और परिसर को सील कर दिया। घटना के बाद एचआर हेड संजीव कुमार ने केवल एक महिला के मामूली रूप से घायल होने की बात कही, लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि 10 से 12 कर्मचारी गंभीर रूप से झुलसे हैं। प्रशासन सतर्क, राहत कार्य जारी

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने राहत एवं बचाव कार्यों को तेज करने के निर्देश दिए और एनडीआरएफ की टीम को भी मौके पर भेजा गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. के. अग्रवाल को अस्पताल में मौजूद रहकर घायलों के इलाज की निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं।

मंडलायुक्त ने दिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश मंडलायुक्त दीपक रावत ने इस गंभीर घटना की जांच के आदेश दिए हैं। जांच के दायरे में फैक्ट्री के सुरक्षा मानक, सिलेंडर का रख-रखाव, श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधन की भूमिका को रखा गया है। सवालों के घेरे में औद्योगिक सुरक्षा इस हादसे ने एक बार फिर फैक्ट्रियों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी को उजागर कर दिया है। हाइड्रोजन जैसी ज्वलनशील गैसों के साथ काम करते समय विशेष सतर्कता और प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। जानकारों का कहना है कि यदि सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाता तो यह हादसा टाला जा सकता था। घटनास्थल पर काशीपुर के महापौर दीपक बाली, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, अभय प्रताप सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# अवैध अतिक्रमण को कराया कब्जा मुक्त, व्यापारियों में मचा हड़कंप

**ठाकुरद्वारा।** नगर की मंडी समिति परिसर में वर्षों से आवंटित व्यापारियों ने बिना किसी अनुमति के अवैध रूप से अस्थाई तौर पर कब्जा कर अतिक्रमण कर दिया था । इस संबंध में व्यापारियों को कई बार मौखिक पर लिखित रूप में चेतावनी दी गई लेकिन व्यापारियों ने अतिक्रमण नहीं हटाया । गुरुवार को मंडी समिति इंस्पेक्टर अनूप सिंह ने पुलिस बल के साथ जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटवा दिया । कुछ व्यापारियों ने स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटाने मे जुट गये। बताते चलें कि आवंटित व्यापारियों ने खाली पड़ी भूमि पर भी अस्थाई तौर पर बांस बल्ली लगाकर अतिक्रमण कर लिया था । इस संबंध में कई बार मौखिक पर लिखित रूप में भी उन्हें सूचना दी गई लेकिन व्यापारियों ने अतिक्रमण नहीं हटाया जिस पर शासन आदेश के तहत प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए जेसीबी मशीन से अति कुमार हटवा दिया है । मंडी समिति प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए कहां की भविष्य में अतिक्रमण करने का प्रयास किया तो सामान जप्त करते हुए जुर्माना भी अदा करना पड़ेगा मंडी समिति इंस्पेक्टर अनूप कुमार ने बताया प्रदेश शासन के आदेशों के क्रम में मंडी समिति प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि मंडी केवल किसानों और पंजीकृत व्यापारियों के लिए है।

## शांति भंग के आरोप में सात गिरफ्तार


**ठाकुरद्वारा।** पुलिस ने अलग अलग मामले में मारपीट पर उतारू सात लोगों को शांति भंग के आरोप में गिरफतार किया है। उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार ने बताया कि नगर के मोहल्ला बहेड़ावाला वार्ड 18 निवासी जुल्फेकार पुत्र मो0 इकबाल व काशीराम आसरा कालौनी निवासी अमृत पुत्र ज्ञानी व राजेश शर्मा पुत्र टीकाराम को शांति भंग के आरोप में गिरफतार किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव कमालपुरी खालसा निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र रोशन सिंह, निशांत कुमार पुत्र हरपाल सिंह व रंजौत सिंह, भजनपाल सिंह, व भजनपाल सिंह पुत्र हरवंश को शांति भंग में गिरफतार किया है। गुरूवार को सभी आरोपितों का पुलिस ने शांति भंग में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां उन्हे जमानत पर छोड़ दिया गया।

# श्री बालाजी शक्ति पीठ मंदिर पर गुरु पूर्णिमा पर विशाल भंडारा व संकट मोचन यज्ञ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** गुरू पूर्णिमा के पावन पर रामपुर बलभद्र स्थित श्रीबाला जी शक्ति पीठ मंदिर पर एक दिवसीय संकट मोचन यज्ञ और संकट निवारण दरबार का आयोजन किया। इस दौरान श्री बालाजी भक्तों ने अपने गुरू महंत विक्रम सिंह को तिलक कर आर्शिवाद प्राप्त किया।

ब्लाक क्षेत्र के गांव रामपुर बलभद्र स्थित श्री बाला जी शक्ति पीठ मंदिर पर गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी गुरू पूर्णिमा पर संकट मोचन यज्ञ और संकट निवारण बालाजी दरबार का आयोजन किया। जिसमें मंदिर के महंत विक्रम सिंह ने श्री बालाजी मेंहदीपुर दरबार से श्री बाला जी के दर्शन करके आए श्री बालाजी भक्तों को एक दिवसीय हवन में आहूतियां दिलाकर श्री बाला जी से आकर नियम करने वाले श्रद्धालुओं को उदयान कराया। साथ ही कार्यक्रम के आए नये भक्तों से श्री बाला जी की अर्जी लगाकर उनके संकटों को निवारण किया। गुरू पूर्णिमा पर आए श्री बाला जी भक्तों ने अपने गुरू



महंत विक्रम सिंह का तिलक का सम्मान किया। इस मौके पर जसपुर महंत राजीव राणा, मुकेश कुमार गोला, महंत सोमपाल सिंह, महिपाल, महेंद्र सिंह, आदेश कुमार, चौधरी सुधीर कुमार, गजेंद्र सिंह, कार्तिक यादव, महंत अनीता राणा, मंदिर की प्रमुख सेविका प्रिया यादव, मंदिर की अध्यक्ष गुड्डी यादव, रेनू चौधरी, मान्या चौधरी आदि शामिल रहे।

## विद्युत करंट लगने से आवारा पशु की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजन नगर।** बुधवारकी रात्रिको सुरजन नगर में ठाकुरद्वारा रोड पर पुरानी शराब हट्टी के सामने रखे ट्रांसफार्मर में लटके केवल कीचपेट में आकर छुटवा गाय की मौत हो गई। बुधवार की रात्रि को एक गाय घास चरती -चरती ट्रांसफार्मर के नीचे पहुंच गई। ट्रांसफार्मर के चारों तरफ बैरिकेडिंग हुई थी। लेकिन बैरिकेडिंग इतनी चौड़ी थी जिसमें गाय का मुंह आराम से अंदर जा सकता है गाय ने चारा खाने क लिए अपना मुंह बैरिकेडिंग के अदर कर चारा चल रही थी तभी उसका मुंह ट्रांसफार्मर पर लटके केविल की चपेट में आकर करंट लग गया करंट लगने से गाय की मौके पर ही मौगईहो गई। ग्रामीणों का कहना है सुरजन नगर में सड़क किनारे रखें ट्रांसफार्मरों की बैरिकेडिंग तो की गईहै लेकिन इस बैरिकेडिंग से पशु सुरक्षित नही है।

# नम आंखों के बीच निकले शबीहे ताबूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** नवासा ए रसूल हजरत इमाम हुसैन ओर उनके परिवार के सदस्यों की शहादत के गम में 18 बनी हाशिम के शबीहे ताबूत नम आखों के बीच निकाले गए। नगर स्थिति इमामबाड़ा हजरत अबुतालिब में देर रात मजलिस हुई जिसमे कमर अब्बास काजमी ने मरसिया पढ़ा ओर मजलिस को खिताब करते हुए काशिफ अब्बास काजमी ने कहा कि रसूले करीम ओर अहलेबेत ने इल्म हासिल करने और तरक्की हासिल करने का पैगाम दिया / रसूले करीम और अहलेबैत की जिंदगी हमारे लिए नमूने अमल है / रसूले करीम और अहलेबेत की मोहब्बत ही जन्नत की कुंजी है। अहलेबेत की मुहब्बत के बगैर कोई इबादत कुबूल नहीं हो सकती है । कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों ने इंसानियत को बचाने के लिए कुर्बानी पेश की । मौलाना नय्यर रजा नकवी ने कहा कि कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन और उनके परिवार के 18



सदस्यों सहित 72 शहीदों ने अपनी कुर्बानियां पेश करके इंसानियत को बचा लिया । यही वजह है कि हजरत इमाम हुसैन को सिर्फ एक धर्म विशेष के लोग ही नहीं मानते हैं बल्कि हर वर्ग और समाज के लोग हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों को श्रद्धांजलि पेश करते हैं कर्बला के मैदान में हिंदुस्तान के ब्राह्मण हिंदुओं का भी खून शामिल है हजरत इमाम हुसैन कर्बला आना चाहते थे उन्होंने हजरत इमाम हुसैन और 72 शहीदों की शहादत का बयान किया तो आजादारों की नम आंखें हो गई । नाम आंखों के बीच है हाय हुसैन की सद्दाओं के साथ 18 बनी हाशिम के शबीहे ताबूत का जुलूस बरामद हुआ जो की अपनी राहो से होते हुए हसन मेहंदी रिजवी के आजाखाने में पहुंच कर समाप्त हुए / जुलूस के दौरान अंजुमन अकबरी अंजुमन अल मुर्तजा साजिद रजा काजमी ने नौहा ख्वानी की तथा संचालन शबी अब्बास काजमी ने किया।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने महिला को उतारा मौत के घाट, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना मझोला क्षेत्र में फिर एक बार विवाहिता पर ससुरा. लियों द्वारा अत्याचार करने का मामला सामने आया है। बता दें कि, मंगलवार शाम विवाहिता के स्वजन को सूचना मिली तो वह बेटी की ससुराल पहुंचे जहां बेटी को म्रत देखकर रो पड़े स्वजन के शिकायती पत्र के आधार पर पुलिस ने पति समेत चार ससुरालियों के खिलाफ दहेज हत्या की प्राथमिक दर्ज की है। आपको बता दे कि, संभल की रहने वाली 26 वर्षीय नेहा की शादी 3 साल पहले मझोला रामेश्वर कॉलोनी के रहने वाले विकास के साथ हुई थी नेहा के चाचा राहुल सिंह ने बताया शादी के नेहा ने बेटे विनायक को जन्म दिया जो 2 वर्ष का है। ससुराल में दोबारा किलकारी गूंजने वाली थी क्योंकि नेहा गर्भवती थी उधर नेहा के ससुराली लगातार दहेज की मांग कर रहे थे शादी के कुछ समय बाद से ही नेहा का उत्पीड़न शुरू हो गया था। नेहा ने कई बार मायके में यह बात बतानी चाही लेकिन हर बार वह चुप हो जाती थी। मंगलवार शाम मोहल्ले में झगड़ा हुआ था घर से खूब शोर की आवाजें लोगों को सुनाई दीं थीं स्वजन का आरोप है कि पति विकास व गीता देवी और देवर आकाश ने गला रेत कर नेहा की हत्या कर दी जिसके बाद स्वजन को सूचना देकर घर बुलाया बुधवार पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि, शिकायती पत्र के आधार पर दहेज हत्या में प्राथमिक दर्ज कराई गई है। और जांच भी की जा रही है।

## एक नजर

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया

**मुरादाबाद।** श्री बालाजी महाराज भक्तजन सेवा समिति के तत्वाधन में गुरूपूर्णिमा महोत्सव कजल वाशान गंज स्थित श्री सिढेश्वर बाला जी महाराज दरवार में पूजन के बाद घास मण्डी गंज स्थित जैन धर्मशाला में गुरू पूर्णिमा हर्षोल्लास के साथ मनाई। प्रातः 8 बजे श्री सिढेश्वर बाला जी महाराज दरवार में बाबा का चौला चढ़ाया इसके बाद प्रातः 10 बजे बाला जी महाराज का महायज्ञ हुआ दोपहर में गुरू पूजा प्रारंभ हुई जिसमें गुरू महामंडलेश्वर श्री राकेशानन्द गिरी को भक्तों ने पफूलों का हार पहनाकर रोली चावल के टीका कर चरण स्पर्श कर आर्शीवाद लिया उज्जवल भविष्य की कामना के साथ भण्डारा प्रारंभ हुआ प्रभु इच्छा तक। कार्यक्रम का संच. ालन अध्यक्ष शशांक गुप्ता ने किया। व्यवस्था में राम कुमार सैनी, विजय सारस्वत, डा. राज कमल गुप्ता, अतुल जौहरी, कमल कांत सक्सैना, राम राजपूत राहुल शर्मा आदि का रहा। कार्यक्रम को सपफल बनाने में संयोजक शशांक यादव की भूमिका सराहनीय रहीं

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने राजकीय प्रक्षेत्र रौंडा, राजकीय प्रक्षेत्र पंडितपुर, राजकीय पौधशाला फहतुल्लागंज, पशु चिकित्सालय भोजपुर, राजकीय इंटर कॉलेज मुरादाबाद, अटल आवासीय विद्यालय सहित विभिन्न परियोजनाओं की भौतिक प्रगति को लेकर संबंधित कार्यदाई संस्थाओं से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि कार्यदाई संस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुसार निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं की गुणवत्ता और प्रगति को लेकर रैंडम जांच कराई जाए। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत कराए गए कार्यों की गुणवत्ता को लेकर भी जांच कराने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी भी मौजूद रहीं।

### तीन के खिलाफ किशोरी को अगवा करने का केस दर्ज

**भोजपुर।** गुरुवार को पुलिस ने धर्मपुर आंगा निवासी इकबाल पुत्र अख्तर की तहरीर पर मोहल्ले के शाहिद,जेद, अरमान एवं अज्ञात के खिलाफ बुधवार की रात को खाना खाने के बाद दरवाजे पर खड़ी 14वर्षीय नाबा. लिग बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तालाश शुरू कर दी है।

### कैंटीन में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट कर किया घायल

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में कैंटीन में घूसकर तोड़ फोड़ कर की मारपीट कर किया घायल पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर की कार्यवाही की मांग। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम फरीदनगर निवासी अताहुर्रहमान पुत्र हाजी अकबर अली ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसने घर में ही कैन्टीन संचालित कर रखी है। जिसमें 6 जुलाई की सुबह प्रार्थी का भाई कंटीन पर बैठा था। तभी गांव के ही कुछ व्यक्ति रंजिश की भावना से दुकान पर आये और प्रार्थी को व उसके भाई सनाउररहमान को दुकान के अन्दर घुसकर मारने पीटने लगे तथा दुकान का सामान तोड-फोड दिया।

### गुरु पूर्णिमा पर शिव महापुराण कथा का समापन

**डिलारी।** क्षेत्र के गांव, मलकपुर सेमली स्थित परमानन्द सरस्वती संन्यास आश्रम में गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर चल रही श्री शिव महा. पुराण कथा, यज्ञ और हवन का गुरुवार को पूर्णाहुति के साथ भव्य समापन हुआ। यह आयोजन 2 जुलाई से आरंभ हुआ था, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।समापन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी डिलारी मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह सैनी, ने कार्यक्रम में उपस्थित मंदिर के पुजारी, कथावाचक व्यास जी व समस्त आयोजकों का विधिवत पगड़ी पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया। मण्डल अध्यक्ष ने स्वयं यज्ञ में पूर्णाहुति देकर बाबा भोलेनाथ से क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान एडवोकेट कुलदीप सिंह, योगेंद्र शर्मा जी, वीरेंद्र सिंह सैनी,मुनिदेव प्रजापति, रविंद्र सिंह,निखिल चौहान , राम सिंह चौहान मंडल अध्यक्षआदि। उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मधपुरी ईनायतपुरी
### विकास खण्ड-छजलैट ( मुरादाबाद )।

पत्रांक मीमो/ग्राम निधि-मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2025-26 दिनांक: 10.07.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मधपुरी ईनायतपुरी विकास खण्ड छजलैट मुरादाबाद की ग्राम सभा की आयोजित बैठक में पारित कार्ययोजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त-मनरेगा/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत निर्माण कार्य ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार सामाग्री आपूर्ति दिनांक 18.07.2025 को 2.00 बजे तक अपनी अपनी निविदायें अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/ व्यापार कर विभाग में पंजीकरण की छायाप्रति सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफ०डी०आर० आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदायें सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदायें ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 18.07.2025 को अपराहन 3.30 बजे खोली जायेंगीं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | मद का नाम | अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत मधपुरी ईनायतपुरी में सरकारी उचित दर की दुकान एवं जन सुविधा केन्द्र का निर्माण कार्य। | - | 676690/- | 2% | 200/- | 6 माह |
| 2 | राशन की दुकान हेतु चयनित भूमि की बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य। | - | 405850/- | 2% | 200/- | 6 माह |

शर्तें-
1. आयकर, व्यापार कर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कोई भी निविदा सशर्त स्वीकार नहीं की जायेगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत मधपुरी ईनायतपुरी**
**विकास खण्ड छजलैट, मुरादाबाद**



## नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पासपोर्ट संख्या K703546 में मेरा नाम AYYUB KHAN दर्ज हो गया जो कि गलत है, जबकि सही नाम MOHD AYYUB है। मौ. अय्यूब S/O GULAM NAVI निवासी महौल्ला SARAYE FAROOKH KASIM NAGAR AGHWANPUR जिला मुरादाबाद।



## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को एतदद्वारा सूचना की जाती है कि HDFC बैंक लाजपतनगर मुरादाबाद धनराशि-2063491+ अन्य का कर्जदार श्री आरिफ हुसैन पुत्र रईस अहमद व आसमीन पत्नी आरिफ हुसैन निवासी ग्राम ईधनपुर हसनपुर तहसील बिलारी, मुरादाबाद की चल सम्पत्ति कुर्क किये जाने के पश्चात चल सम्पत्ति-मावा मशीन-1, क्रीम मशीन- 1, वीएएमसी चिलर-1, पनीर मशीन- 1, दूध ढोने वाली कैने-20, कांटे (क्षमता 50 किग्रा.)-3, टेस्टिंग मशीन- 3 उपरोक्त नीलामी हेतु 14.07.2025 समय प्रातः 11 बजे तहसील प्रांगण तहसील बिलारी में की जायेगी। आम जनता को सूचना दी जाती है कि नीलामी में समय से प्रतिभाग कर अधिक से अधिक बोली लगाकर नीलामी का लाभ उठायें।

**उपजिलाधिकारी**
**बिलारी।**



## खोया-पाया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शाह फैसल पुत्र गुलाम रसूल, निवासी 39 डी-7 किसरौल, निकट मस्जिद मौलसरी, तहसील व जिला मुरादाबाद। मेरा मूल विक्रय विलेख हंसराज पुत्र श्री फकीर चंद द्वारा कुमारी अनुराधा पुत्री श्री कृपाल सिंह के पक्ष में निष्पादित है, जो उप-पंजीयक मुरादाबाद में 09.04.1991 को विधिवत रूप से दर्ज और पंजीकृत है। मूल विक्रय विलेख, जो कचहरी हाउस जाने के समय खो गया था, दैनिक रूप से पुस्तक संख्या 01 खंड 1132/2801 पृष्ठ- 307/322 या 1/5 दस्तावेज संख्या 2653 दिनांक 09.04.1991 में दर्ज है।

यदि कोई इसे पाता है या किसी बैंक या वित्तीय संस्थान में जमा करता है, तो कृपया 7 दिनों के भीतर इस पते पर संपर्क करें।

**एडवोकेट कुल भूषण सक्सेना**
**कक्ष संख्या बी-10 अधिवक्ता कक्ष भवन न्यायालय परिसर मुरादाबाद**
**मोबाइल नं. 9897374176**


# सुरजननगर महाविद्यालय में किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजननगर।** चौकी क्षेत्र के गाँधी स्मारक महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित 37 करोड़ वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से कॉलेज परिसर में 200 वृक्षारोपण, जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

इस रैली में एनएसएस के स्वयंसेवकों व कॉलेज के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य भूपेंद्र चौहन के माध्यम से किया वहीं छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के महत्व को




समझाते हुए विभिन्न नारे जैसे- "सूखी धरती की यही पुकार, वृक्ष लगाकर करें श्रृंगार", "हम सबने ठाना है, वृक्षारोपण करने जाना है" जैसे नारों का उत्साहपूर्वक उच्चारण कर आमजन को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो. भूपेंद्र चौहान ने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षको द्वारा विभिन प्रकार के पौधों का वृक्षारोपण का कार्य किया जिसमे और अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु सजग रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर ,कॉलेज प्राचार्य भूपेंद्र चौहान ,डॉ ओम प्रकाश, डॉ एस पी शर्मा,डॉ कुलदीप कुमार , डॉ अमर प्रताप कनौजिया, डॉ देवेंद्र प्रकाश, प्रवेंद्र कुमार, शिव कुमार, दिनेश कुमार व मोना, ललिता, प्रीति,आरजू, सोनम, विवेक, अर्जुन, अभिषेक आदि छात्र उपस्थित रहे।


## खोया-पाया सूचना

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0807903 का प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **प्रीति कुमारी पुत्री चंद्रपाल सिंह, सहसपुरी डिलारी, जिला मुरादाबाद।**



## कार्यालय ग्राम पंचायत सहसपुरी
### विकास खण्ड-डिलारी ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: 01/पंचम वित्त/15वां वित्त/मनरेगा/अन्त्येष्टि/निविदा/ 2025-26 दि. 10.07.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पंचायती राज विभाग उ.प्र. शासन द्वारा विकास खण्ड डिलारी की ग्राम पंचायत सहसपुरी विकास खण्ड डिलारी की ग्राम पंचायत सहसपुरी में पंचम वित्त/15वां वित्त/अन्त्येष्टि स्थल निर्माण निधि/ मनरेगा योजनार्न्तगत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सीलबंद निविदाएं दिनांक 11.07.2025 से दिनांक 22.07.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर आमंत्रित की जाती है एवं उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे पर अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्राक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाकखाने की पासबुक/एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी। जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। अवकाश की दशा में उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत ( रू. लाख में ) | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण। | रेत, बजरफुट, बजरी, विक्ट्री फाईड टाईल्स सीमेंट, ईट, रोडी, लोहे के दरवाजे, सेनीटेशन टूल्स, सरिया व फिटिंग, प्राईमर, पेंट, इत्यादि एवं अन्य सामग्री व अन्त्येष्टि स्थल में काम आने वाली सामग्री। | 28 लाख | 56000/- | 500/- | 9 माह |
| 2. | महेंद्र सिंह के घर से प्रवीण सिंह के घर तक नाली मिट्टी सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | बजरी, बजरफुट, ईट, बारीक रेत, सीसी टाईल्स, मिट्टी, लोहा, सीमेंट, आदि। | 152508/- | 3050.16 | 500/- | 2 माह |

1. आयकर, व्यापारकर नियमानुसार देय होगा। ठेकेदारों को आयकर एवं व्यापार कर एवं टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देना होगा।
2. निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत सहसपुरी**
**वि० खं० डिलारी, मुरादाबाद।**



## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र तुषार चौधरी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में तुषार चौधरी के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेनदेन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**अनीत सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी चांदपुर थाना भगतपुर, तहसील व जिला मुरादाबाद।**



## कार्यालय ग्राम पंचायत सरकड़ा करीम
### विकास खण्ड-डिलारी (मुरादाबाद)।

पत्रांक मीमो/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/निविदा/विज्ञापन/2025-26 दि0: 10.07.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड डिलारी की ग्राम पंचायत सरकड़ा करीम में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना अर्न्तगत निम्नलिखित निर्माण कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 24.07.2025 की शाम 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्ते एवं प्राक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएसएसी/बैंक ड्राफ्ट/एफडीआर के रूप में जमा करनी होगी, जो ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अवकाश की दशा में उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2 प्रतिशत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लाला मान सिंह के घर से जय प्रकाश के घर तक नाली व सीसी टाईल्स निर्माण कार्य। | ईट, सीमेंट, रेत, टाईल्स रोड़ा आदि। | 347542/- | 6950/- | 100/- | 6 माह |
| 2. | पार्क का निर्माण कार्य। | ईट, सीमेंट, रेता, टाईल्स, सरिया, ग्रिल आदि। | 164862/- | 3297/- | 100/- | 6 माह |

मुख्य शर्तेः-
1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म टिन नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. कार्यों का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन/स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा। 3. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा। सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होंगी।

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत सरकड़ा करीम**
**विकास खण्ड डिलारी, मुरादाबाद**


# पुलिस लाइन में चल रही प्रतियोगिता का हुआ समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बरेली जोन की 50वीं अन्तर जनपदीय पुलिस जूडो कलस्टर(महिला/पुरूष)(जूडो,वुशु, ताइक्वांडो, कराटे एवं पेंचक सिलॉट) प्रतियोगिता-2025 का आयोजन पुलिस लाइन मुरादाबाद के क्रीडा स्थल पर किया गया, जिसमे बरेली परिक्षेत्र से जनपद बरेली,पीलीभीत,शाहजहॉपुर, एवं बदायूँ तथा मुरादाबाद परिक्षेत्र के जनपद मुरादाबाद, रामपुर, सम्भल,अमरोहा की टीमो के कुल 98 खिलाडियो ने भाग लिया । जनपद बिजनौर की टीम उक्त प्रतियोगिता मे भाग लेने हेतु उपस्थित नही हुई । गत वर्ष भी उक्त प्रतियोगिता जनपद मुरादाबाद मे आयोजित की गयी थी । प्रतियोगिता का शुभारम्भ दिनांक 8 जुलाई को कुवंर आकाश सिंह पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं गुरुवार को समापन सुभाष चन्द गंगवार पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा किया गया। जूडो प्रतियोगिता पुरूष वर्ग मे जनपद मुरादाबाद ने सर्वाधिक 04 गोल्ड प्राप्त कर टीम चौम्पियनशिप



प्राप्त की व जूडो प्रतियोगिता महिला वर्ग मे जनपद रामपुर ने सर्वाधिक 03 गोल्ड प्राप्त कर टीम चौम्पियनशिप प्राप्त की । इसी प्रकार वुशू पुरूष वर्ग प्रतिगोगिता मे जनपद मुरादाबाद ने 06 गोल्ड प्राप्त कर टीम चौम्पियनशिप प्राप्त की व वुशू महिला वर्ग प्रतियोगिता मे जनपद बरेली ने 03 गोल्ड प्राप्त कर चौम्पियनशिप प्राप्त की । इसी प्रकार ताइक्वांडो पुरूष वर्ग प्रतियोगिता मे जनपद मुरादाबाद ने सर्वाधिक 05 गोल्ड प्राप्त कर टीम चौम्पियनशिप प्राप्त की व ताइक्वांडो महिला वर्ग प्रतियोगिता मे जनपद रामपुर ने 03 गोल्ड प्राप्त कर टीम चौम्पियनशिप प्राप्त की। उक्त प्रतियोगिता को सकुशल सम्पन्न कराने मे रकम सिंह प्रतिसार निरीक्षक सुहैल अहमद, संजीव गिरी, श्री आलोक कुमार, मानवी महरोत्रा, यश कुमार, करतार सिंह, महेश चन्द पाण्डेय, आरक्षी रविन्द्र कसाना, मधु कश्यप व अन्य ने निर्णायक की भूमिका निभाई।




### भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास

# भारत ने इंग्लैंड में सीरीज जीती

**● भारतीय महिला टीम ने चौथे टी-20 मैच में इंग्लैंड को 18 गेंद शेष रहते छह विकेट से हराया, राधा यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** राधा यादव और श्री चरणी (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद स्मृति मंधाना (32) और शेफाली वर्मा (31) की शानदार पारियों की मदद से भारतीय महिला टीम ने चौथे टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को 18 गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त बना ली है। राधा यादव को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। बुधवार देर रात खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड के 127 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला टीम के लिए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 56 रन जोड़े। सातवें ओवर में शार्लेट डीन ने शेफाली वर्मा (19 गेंदो में 31 रन) को आउट इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी जेमिमाह रॉड्रिग्स ने मंधाना के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। नौवें ओवर में सोफी एक्लस्टोन ने स्मृति मंधाना (31 गेंदों में 32 रन) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। भारत का तीसरा विकेट कप्तान हरमनप्रीत कौर (26) रन के रूप में गिरा। अमनजोत कौर (दो) रनआउट हुई। भारतीय टीम ने 17 ओवर में चार विकेट पर 127 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया। जेमिमाह रॉड्रिग्स (22) और ऋचा घोष सात रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड की ओर से शार्लेट डीन, सोफी एक्लस्टोन और इसी वॉन्ग ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 126 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 21 रन के स्कोर पर अपना पहला विकेट डेनियल वायट (पांच) के रूप में गंवा दिया। उन्हें श्री चरणी ने अरुंधति के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद दीप्ति शर्मा ने लिए सोफिया डंकली (22) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। टैमी बोमॉन्ट (20) को राधा यादव ने तथा ऐलिस कैप्सी (18) को श्री चरणी ने पगबाधा आउट किया। एमी जोंस (नौ), पेज स्कोफील्ड (16) और शार्लेट डीन (चार) रन बनाकर आउट हुई। सोफी एक्लस्टोन (16) और इसी वॉन्ग 11 रन बनाकर नाबाद रही। भारत की ओर से राधा यादव और श्री चरणी ने दो-दो विकेट लिए। अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## महिला टी-20 विश्व कप 2026 के लिए तीन स्थानों पर होंगे अभ्यास मैच

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा है कि बर्मिंघम में 12 जून से शुरू होने वाले महिला टी-20 विश्वकप 2026 से पहले कार्डिफ सोफिया गार्डन्स, डर्बी काउंटी ग्राउंड और लॉफबोरो विश्वविद्यालय में अभ्यास मैच खेले जायेंगे। तीनों स्थलों ने हाल के दिनों में महिला क्रिकेट के महत्व को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अगले साल इंग्लैंड और वेल्स द्वारा आयोजित होने वाले टी-20 विश्वकप के 10वें संस्करण से पहले ये अभ्यास मैचों की मेजबानी करेंगे। इस टी-20 विश्वकप में भाग लेने वाली 12 टीमों में से आठ का चयन हो चुका है और अगले साल की शुरुआत में महिला टी-20 विश्व. कप क्वालीफायर के जरिए अंतिम चार टीमों का फैसला होगा। ये 12 टीमें 2026 में इंग्लैंड और वेल्स के सात स्थानों पर 24 दिनों तक 33 मैच खेलेंगी और खिताब के लिए अपनी दावेदारी पेश करेंगी। आईसीसी ने टी-20 विश्वकप के कार्यक्रम और ग्रुप की घोषणा पिछले महीने की थी। इंग्लैंड 12 जून को बर्मिंघम में टूर्नामेंट के पहले मैच में श्रीलंका की मेजबानी करेगा और उसके बाद पांच जुलाई को लॉर्ड्स में फाइनल होगा।

ग्रुप-1 में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, भारत और पाकिस्तान के साथ-साथ ग्लोबल क्वालीफायर की दो टीमें शामिल हैं।

**ग्रुप-2** में मेजबान इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और ग्लोबल क्वालीफायर की अन्य दो टीमें शामिल हैं। टूर्नामेंट के सभी मुकाबले एजबस्टन, हैम्पशायर बाउल, हेड्गिले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड और लॉर्ड्स में खेले जायेंगे।

## ओमान करेगी टी-20 विश्वकप एशिया और पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालिफायर की मेजबानी

**● 12 से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के लिए 9 टीमों को तीन-तीन के तीन समूहों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सुपर सिक्स चरण में पहुंचेगी**

**दुबई, वार्ता।** ओमान अक्टूबर में होने वाले टी-20 विश्वकप एशिया और पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालीफायर की मेजबानी करेगा। ओमान होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप एशिया और पूर्वी एशिया-प्रशांत क्वालीफायर में नौ टीमें भाग लेंगी। 12 से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट के लिए इन नौ टीमों को तीन-तीन के तीन समूहों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सुपर सिक्स चरण में पहुंचेंगी।

2024 के उप-क्षेत्रीय क्वालीफायर कुवैत, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, जापान और समोआ, नेपाल, पापुआ न्यू गिनी और मेजबान टीम अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व. कप में तीन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इन टीमों में से ओमान, नेपाल, पापुआ न्यू गिनी और संयुक्त अरब अमीरात पहले पुरुष टी-20 विश्वकप में भाग ले चुके हैं। यह टूर्नामेंट 10 दिनों तक चलेगा, जिसमें ग्रुप चरण के मुकाबले आठ से 10 अक्टूबर तक होंगे। सुपर सिक्स चरण के आखिर में, शीर्ष तीन टीमें भारत और श्रीलंका में आयोजित होने वाले पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में अपनी जगह पक्की करेंगी। ग्रुप 1 में संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया और कतर शामिल हैं, जबकि ग्रुप 2 में नेपाल और कुवैत के साथ-साथ पूर्वी एशिया-प्रशांत की उभरती हुई ताकत जापान शामिल है। मेजबान ओमान, पापुआ न्यू गिनी और समोआ के साथ ग्रुप 3 में है। इस बीच, पूर्वी एशिया-प्रशांत महिला टीम की टी-20 विश्व कप 2026 में शुरुआत की भी घोषणा कर दी गई है, जो सितंबर में होने वाले क्वालीफाइंग स्पर्धा के जरिए होगी। आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप ईएपी क्वालीफायर 9-15 सितंबर तक फिजी के सुवा में आयोजित किया जाएगा। मेजबान टीम क्वालीफायर के लिए वानुअतु, पापुआ न्यू गिनी, इंडोनेशिया, जापान, समोआ, कुक आइलैंड्स और फिलीपींस का स्वागत करेगी। फाइनल से पहले टीमों को चार-चार के दो समूहों में विभाजित किया जाएगा, जहां विजेता टीम आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप ग्लोबल क्वालीफायर के लिए क्वालीफाई करेगी।

## राधा यादव ऑस्ट्रेलिया दौरे पर संभालेगी भारत 'ए' टीमों की कप्तानी

**बीसीसीआई की महिला चयन समिति ने 7 से 24 अगस्त तक होने वाले आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम घोषित की**



**नई दिल्ली, वार्ता।** लेफ्ट आर्म स्पिनर राधा यादव अगस्त में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत ए टीमों की कप्तानी संभालेंगी। भारत इस दौरे में तीन टी-20 व इतने ही 50 ओवर के मैच खेलेगा, जिसके बाद एक चार दिवसीय मैच होगा। बीसीसीआईकी महिला चयन समिति ने 7 से 24 अगस्त, 2025 तक होने वाले आगामी बहु प्रारूप ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत ए महिला टीम की घोषणा कर दी है।

भारत ए महिला टीम तीन टी-20 और इतने ही 50 ओवर के मैच खेलेगी, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ एक चार दिवसीय मैच होगा। यह दौरा 7 अगस्त, 2025 को मैके में शुरू होगा, जहां तीन टी-20 मैच खेले जाएंगे। इसके बाद मुकाबला नॉर्थ्स, ब्रिस्बेन में होगा, जहां तीन 50 ओवर के मैच खेले जाएंगे और उसके बाद एलन बॉर्डर फील्ड में चार दिवसीय मैच खेला जाएगा।

**टी-20 टीम:** राधा यादव (कप्तान), मिन्नू मणि (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, डी-वृंदा, सजना , उमा छेत्री (विकेटकीपर), राघवी बिस्ट, श्रेयंका पाटिल, प्रेमा रावत, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), तनुजा कंवर, जोशिता वीजे, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, तितास साधु

**वनडे और बहु-दिवसीय टीम:** राधा यादव (कप्तान), मिन्नू मणि (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, तेजल , राघवी बिस्ट, तनुश्री सरकार, उमा छेत्री (विकेटकीपर), प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, नंदिनी , धारा, जोशितो, शबनम शकील, साइमा र, तितासु (श्रेयंका व प्रियाका चयनित हुई।

## डोप परीक्षण में विफल होने पर जैस्मीन निलंबित

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय शॉटपुट खिलाड़ी जैस्मीन कौर को नाडा ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है, क्योंकि उनके डोप परीक्षण में प्रतिबंधित पदार्थ की मौजूदगी का पता चला है। जैस्मीन का नाम अस्थायी निल. बन के तहत आने वाले एथलीटों की नवीनतम सूची में शामिल है, क्योंकि उनका परीक्षण टरबुटालाइन के लिए सकारात्मक आया था। टरबुटालाइन को एक उत्तेजक पदार्थ के रूप में वर्गीकृत किया गया है और यह अक्सर आम खांसी की दवाइयों में पाया जाता है। पंजाब का प्रतिनिधित्व करने वाली 22 वर्षीय इस एथलीट ने इस साल की शुरुआत में देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में 15.97 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीता था।




## रियल मैड्रिड को 4-0 से हराकर पीएसजी क्लब विश्वकप के फाइनल में

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने स्पेनिश दिग्गज रियल मैड्रिड को 4-0 से रौंदकर फीफा क्लब विश्वकप 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। अब उसका मुकाबला पहले सेमीफाइनल की विजेता चेल्सी एफसी से होगा। मेटलाइफ स्टेडियम में बुधवार रात खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में पीएस जी की ओर से फैबियन रुइज ने (छठे, 24वें) मिनट में गोल किये। वहीं ओस्मान डेम्बेले ने नौवें मिनट में गोल दागा। इसके आलवा स्थानापन्न गोंकालो रामोस ने 87वें मिनट में गोल करके अपनी की जीत सुनिश्चत कर दी। इस जीत के साथ ही फांसीसी चैंपियन ऐतिहासिक चौथा खिताब जीतने के बेहद करीब पहुँच गया है। मुकाबले में दो बेहतरीन गोल करने वाले रुइज को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

## भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड को हराया

**● टीम के शानदार खेल की बदौलत भारत ए ने आयरलैंड को 6-0 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की**




**नीदरलैंड, वार्ता।** भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने अपने दूसरे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए आयरलैंड को 6-0 से हराया। भारत ने आयरलैंड को पहले मैच में 6-1 से हराया था। बुधवार को यूरोपीय दौरे पर खेले गए दूसरे मुकाबले में भारत ए के उत्तम सिंह ने शुरुआत में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। कप्तान संजय ने गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया।

इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहील मौसीन ने लगातार दो प्रभावशाली गोल दागे। अमनद. ीप लाकड़ा और वरुण कुमार की ओर से किये एक-एक गोल किये। टीम के शानदार खेल की बदौलत भारत ए ने आयरलैंड को 6-0 से हराकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की। मैच के बाद भारतीय ए टीम के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा कि आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई अच्छे रहे हैं और मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूँ। अब हमारा मुकाबला फांसीसी टीम से होगा और उम्मीद है कि हम उतना ही प्रभावशाली प्रदर्शन करेंगे। भारत ए पुरुष हॉकी टीम का अगला मुकाबला इसी मैदान पर शनिवार को फ्रांस से होगा।

## एमसीसी संग्रहालय में सचिन तेंदुलकर के पोर्ट्रेट का अनावरण




**लंदन, वार्ता।** लॉर्ड्स में इंग्लैंड बनाम भारत पुरुष रोथसे टेस्ट मैच के पहले दिन गुरुवार को खेल शुरू होने से पहले एमसीसी संग्रहालय में भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के चित्र का अनावरण किया गया। कलाकार स्टुअर्ट पियर्सन राइट द्वारा बनाया गया यह चित्र इस साल के अंत तक एमसीसी संग्रहालय में रहेगा, जब इसे पवेलियन में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। तेंदुल. कर अब तक के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक हैं। 1989 से 2013 तक 24 साल के अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर में, तेंदुलकर ने भारत के लिए टेस्ट, एकदिवसीय और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 34,357 रन बनाए। यह कुल स्कोर दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज कुमार संगकारा (28,016) से 6,000 रन से ज्यादा है। यह चित्र कलाकार द्वारा 18 साल पहले मुंबई स्थित तेंदुलकर के घर में ली गई एक तस्वीर से लिया गया है। जैसे-जैसे काम आगे बढ़ा, पियर्सन राइट का दृष्टिकोण भी बदलता गया और अंतत: घिसे हुए एल्युमीनियम पर तेल से चित्रकारी की गई। अमूर्त पृष्ठभूमि तेंदुलकर की कालातीतता को दर्शाती है, जो किसी भी युग या विशिष्ट स्थान से अप्रतिबंधित है। एमसीसी के संग्रह में किसी भारतीय खिलाड़ी का यह पांचवां चित्र है, जिनमें से चार (कपिल देव, बिशन सिंह बेदी, दिलीप वेंगसरकर और तें. दुलकर) पियर्सन राइट द्वारा चित्रित किए गए हैं।

# तीसरा टेस्ट: इंग्लैंड ने चौथा विकेट भी गंवाया

## बुमराह ने हैरी ब्रुक को किया बोल्ड, जो रूट फिफ्टी बनाकर खेले रहे

**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट लंदन के लाड्र्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जा रहा है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी है। पहले दिन का आखिरी सेशन जारी है। इंग्लैंड ने पहली पारी में 4 विकेट पर 172 रन बना लिए हैं। जो रूट क्रीज पर हैं। रूट फिफ्टी बना चुके हैं।

हैरी ब्रुक (11 रन) को जसप्रीत बुम. राह ने बोल्ड कर दिया। बुमराह को मैच में पहला विकेट मिला है। ओली पोप (44 रन) को रवींद्र जडेजा ने तीसरे सेशन की पहली बाल पर आउट किया। दूसरा सेशन विकेट रहित रहा। लंच से पहले जैक क्राली 18 और बेन डकेट 23 रन बनाकर आउट हुए। दोनों को नीतीश कुमार रेड्डी ने ऋषभ पंत के हाथों कैच कराया। रूट ने भारत के खिलाफ 3 हजार रन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने इस पारी का 44वां रन बनाते हुए यह अचीवमेंट हासिल किया। रूट ने लाड्र्स स्टेडियम में 2 हजार रन पूरे कर चुके हैं। उन्होंने 51वें ओवर में जडेजा की बाल पर यह उपलब्धि हासिल की। लाड्र्स टेस्ट के पहले दिन ड्यूक की बाल 43 ओवर में खराब हो गई। गेज टेस्ट में फेल होने के बाद फील्ड अंपायर्स ने इसे बदल दिया। इस मैच से पहले भारतीय टीम के उप कप्तान ऋषभ पंत, इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स और भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने गेंद की क्वालिटी पर सवाल उठाया था। 55वें ओवर में इंग्लैंड ने चौथा विकेट गंवाया। यहां हैरी ब्रुक 11 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जसप्रीत बुम. राह ने ओवर की 5वीं बाल पर बोल्ड कर दिया। बुमराह को इस मैच में पहला विकेट मिला है। भारतीय टीम को तीसरा विकेट मिला गया। रवींद्र जडेजा ने पहले दिन के तीसरे सेशन की पहली बाल पर ओली पोप को पवेलियन भेज दिया। पोप को सब्सट्यूट विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने कैच किया। पोप 44 रन बनाकर आउट हुए। इसी के साथ शतकीय साझेदारी टूटी। पहले दिन का दूसरा सेशन इंग्लैंड के नाम रहा। 24 ओवर के इस सेशन में इंग्लैंड ने 70 रन बना डाले और कोई विकेट भी नहीं गंवाया। इस सेशन में जो रूट ने फिफ्टी पूरी कर ली। वे ओली पोप के साथ शतकीय साझेदारी कर चुके थे। 48वें ओवर में इंग्लैंड की टीम ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया था। रवींद्र जडेजा के ओवर की चौथी बाल पर रूट ने एक रन लेकर टीम स्कोर 150 पार पहुंचाया। 47वें ओवर में जो रूट और ओली पोप ने शतकीय साझेदारी पूरी कर ली। पोप ने आकाश दीप के ओवर की पहली बाल पर चौका लगाकर साझेदारी को 100 पार पहुंचाया। इंग्लैंड ने 44 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवाए थे। जो रूट ने भारत के 46वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर की। उन्होंने नीतीश कुमार रेड्डी की दूसरी बाल पर चौका मारकर अर्धशतक पूरा किया। रूट ने भारतीय टीम के खिलाफ 13वां अर्धशतक बनाया है। रूट भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं।

## भारत ने बनाया लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने का रिकॉर्ड

**लंदन, वार्ता।** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में गुरुवार को टॉस हारने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने का रिकॉर्ड बना दिया है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इस तरह भारत के नाम अब पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार सबसे ज्यादा टॉस हारने का रिकॉर्ड हो गया है। भारत अब तक लगातार 13 टॉस हार चुका है और उसने वेस्ट इंडीज के 12 टॉस हारने के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

**टॉस हारने का रिकॉर्ड**

13: भारत (31 जनवरी 2025 से 10 जुलाई 2025)

12: वेस्टइंडीज़ (2 फ़रवरी 1999 से 21 अप्रैल 1999)

11: इंग्लैंड (17 दिसंबर 2022 से 12 मार्च 2023)

# अतिक्रमण-पेयजल समस्या को लेकर हुई बैठक

## नगरपालिका भूमि पर अतिक्रमण व अवैध कब्जा, अमृत योजना की खामियां और समाधान पर हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** गुरुवार को नगरपालिका के अस्थायी कार्यालय पर नगर की समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्षा लता वार्ष्णेय ने की, जबकि अधिशासी अधिकारी धर्मराज, पालिकाध्यक्ष पति अखिलेश कुमार 'खिलाड़ी', सभी सभासद एवं नगरपालिका कर्मचारीगण मौजूद रहे। बैठक का मुख्य मुद्दा मोहल्ला लक्ष्मणगंज बारिशनगर में नगरपालिका भूमि पर अवैध कब्जा था। कई सभासदों ने सुझाव दिया कि जिन लोगों ने इस भूमि पर वर्षों से स्थायी मकान या दुकानें बना ली हैं, उन्हें सर्किल रेट पर भूमि विक्रय कर दी जाए, जिससे अतिक्रमण की समस्या का समाधान हो सके। इस पर पालिकाध्यक्ष पति अखिलेश कुमार ने कहा कि यह एक प्रक्रियात्मक कार्य है, जिसे पहले नगरपालिका बोर्ड से पारित करवाकर उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया जाएगा। वहीं अधिशासी अधिकारी धर्मराज ने इसे एक जटिल कानूनी प्रक्रिया बताया और स्पष्ट किया कि शासनादेश मिलने के बाद ही सरकारी भूमि का विक्रय संभव है। बैठक का दूसरा प्रमुख मुद्दा अमृत योजना के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति था। सभासदों ने आरोप लगाया कि योजना के अंतर्गत डाली जा रही नई पाइपलाइन में जगह-जगह लीकेज हो रही है, जिससे न सिर्फ पानी की बर्बादी हो रही है बल्कि सड़कों की खुदाई से नगर की सुंदरता भी प्रभावित हो रही है। ईओ धर्मराज ने बताया कि पाइपलाइन में अगर 15 दिन के भीतर लीकेज सामने आती है तो संबंधित ठेकेदार को भुगतान नहीं किया जाएगा। वहीं जलकल जेई अनुज कुमार ने कहा कि 50 प्रतिशत समस्या का समाधान हो चुका है और जल्द ही शेष कार्य भी पूर्ण किया जाएगा। जेई अनुज कुमार ने स्पष्ट किया कि ओवरहेड टैंक से लाखों गैलन पानी एक साथ छोड़ने पर अत्यधिक प्रेशर के कारण लीकेज होती है, जिसे शिकायत मिलते ही ठीक किया जा रहा है। अध्यक्षा लता वार्ष्णेय ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि नगरवासियों को पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है और कार्य धरातल पर दिखना चाहिए। उन्होंने एक अतिरिक्त ट्यूबवेल लगाने की भी संभावना जताई। बैठक में पालिकाध्यक्षा लता वार्ष्णेय, अधिशासी अधिकारी धर्मराज, पालिकाध्यक्षा पति अखिलेश कुमार खिलाड़ी, सफाई निरीक्षक सुनील कुमार, प्रियंका सिंह, प्रभाकर गुप्ता, अनुज कुमार, अवनेश कुमार, ऋषभ कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



# गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गुरुओं का किया सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वाधान में महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला के नेतृत्व में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के सद्गुरु, शिक्षा देने वाले गुरुओं आदि का स्वागत सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता रही। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अल्पना रितेश गुप्ता एवं महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर नमन किया। एवं वंदेमातरम गायन के उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कथावाचक धीरशांत दास अर्द्धमौनी एवं संचालन भाजपा महानगर उपाध्यक्ष विशाल त्यागी ने किया। महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि आज गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हम गुरुजनों के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं गुरु वह दीपक हैं जो हमारे अंदर के अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर हमारे अंदर ज्ञान का दीपक प्रज्वलित करते हैं आज यह मंच समर्पित है उन सभी शक्तियों को गुरुओं को जो हमें सिर्फ शिक्षा ही नहीं देते बल्कि हमें जीने की राह भी दिखते हैं आज गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर इस मंच से गुरु जनों का स्वागत एवं सम्मान किया जा रहा है।

हमें अपने धर्म को सर्वोपरणीय रखना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, गुरप्रीत दुआ, कथावाचक धीरशांत दास अर्द्धमौनी, विशाल त्यागी के कार्यक्रम संयोजक शशी किरण, कार्यक्रम सह संयोजक हरीश प्रजापति के अलावा उप्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व चेयरमैन डा विशेष गुप्ता, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, संजय शर्मा, कमल गुलाटी, महानगर उपाध्यक्ष विशाल त्यागी, सुमित चौहान आदि शामिल रहे।



# झमाझम बारिश से शहर तरबतर, गर्मी से राहत लेकिन जलभराव बना मुसीबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शहर में गुरुवार को दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश ने जहां भीषण गर्मी से राहत दिलाई, वहीं जलभराव की पुरानी समस्या एक बार फिर सामने आ गई। कई इलाकों में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया, जिससे दुपहिया वाहन बंद हो गए और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई और उमस से परेशान लोगों को सांस लेने जैसी राहत मिली, लेकिन शहर की जलनिकासी व्यवस्था की पोल भी खुल गई। स्टेशन रोड, फुब्बारा चौक, मालवीय चौक, घंटाघर चौराहा, सुभाष रोड, गौशाला रोड, कचहरी, कोतवाली आदि स्थानों पर तेजी से पानी भर गया, जिससे लोगों का निकलना मुश्किल हो गया। वहीं हर बार की तरह इस बार जलभराव पर नगरपालिका की व्यवस्था नजर नहीं आई। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि नगरपालिका नालों की समुचित सफाई, जलनिकासी की व्यवस्था और मुख्य चौराहों पर पानी निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम को ठीक करे अन्यथा हर वर्ष ऐसी बारिश से शहर बेहाल होता रहेगा।



# गुरु पूर्णिमा पर पांच कुंडीय यज्ञ का आयोजन

**कांठ।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गायत्री परिवार की ओर से चौधरी ऋषिपाल सिंह के आवास पर पंच कुंडीय है गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। टोली नायक जबर सिंह ने गुरु वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ कराया उनके सहयोगी प्रहलाद शर्मा ने गुरु का पूजन कराया और श्रद्धालुओं के सम्मुख मंत्रोउच्चारण किया। प्रेम शंकर गोला ने कहा कि गुरु का हमारे जीवन में महत्व एवं योगदान काफी होता है जन्म से मृत्यु तक के जीवन में मानव का गुरु के बिना कल्याण संभव नहीं है सभी श्रद्धालुओं से गुरु धारण करने का आह्वान किया शांतिकुंज हरिद्वार के संस्थापक युग दृश्य पंडित राम शर्मा आचार्य के जीवन पर भी इस अवसर पर प्रकाश डाला गया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में चौधरी ऋषिपाल सिंह मास्टर अशोक कुमार संजीव कुमार जयप्रकाश सिंह हरीराज सिंह कल्लू सिंह केशव शर्मा कमल सिंह महिपाल सिंह रविंद्र सिंह कोमल सिंह अजय कुमार सुरजीत सिंह राहुल बिश्नोई सतबीर सिंह हरिओम शर्मा मदन सिंह राम अवतार सिंह धर्म सोम गांधी सूर्यवंश रोहित कुमार ओंकार सिंह रणजीत सिंह रणवीर सिंह प्रदीप सिंह सुखबीर सिंह विक्की चौधरी ओम प्रकाश सिंह



आनंदपाल सिंह देवेंद्र सिंह वीरेंद्र सिंह श्रीमती शशिबाला ग्राम प्रधान कुचावली रीत चौधरी दिनेश चौधरी गीता चौधरी मनी चौधरी प्रियंका चौधरी नीता पंकज नीतू आदि महिला पुरुष और बच्चे मौजूद रहे।

## एक नजर

### बीएसए ने किया मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण



**कांठ।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने गुरुवार को नगर में स्टेशन रोड स्थित निर्माणाधीन मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया और ठेकेदार को मानक के अनुसार सामग्री लगाने के निर्देश दिए उन्होंने निर्धारित समय में निर्माण कार्य पूरा करने के लिए कहा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं डीसी निर्माण हर्षवर्धन कपिल ने निर्माण कार्य की प्रगति को देखा उन्होंने संबंधित ठेकेदार को मानक के अनुसार सामग्री लगाने के निर्देश दिएस इसी परिसर में स्थित पीएम श्री विद्यालय कांठ (कंपोजिट) का निरीक्षण भी किया उन्होंने स्टाफ की उपस्थिति आदि को चेक किया समस्त स्टाफ उपस्थित मिलास उन्होंने शिक्षण कार्य की प्रशंसा की और विद्यालय में शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना के बारे में इंचार्ज प्रधानाध्यापक उदयवीर सिंह से जानकारी प्राप्त की।

### गुरु पूर्णिमा के पर्व पर पुजारी को किया गया सम्मानित



**बिलारी।** गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ नगर व देहात क्षेत्र में मनाया गया। इस बीच लोगों ने गुरुओं का सम्मान किया। बिलारी मंडल में मंदिर पौड़ाखेड़ा पर भाजपा के पदाधिकारी पहुंचे। यहां पर मंदिर के पुजारी रोहित पाराशरी को सम्मानित किया गया। यहां पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजपाल सिंह, सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, रचित माथुर, भाजपा के बिलारी मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता के अलावा भारी तादाद में लोग पहुंचे। जहां उन्होंने उन्हें शाल उड़ाकर सम्मानित किया गया।

### योगशाला में किया साधु कौन है शांति के लिए हवन यज्ञ



**बिलारी।** शाहबाद रोड स्थित नगर पालिका परिषद में नवनिर्मित योगशाला में आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर सभी योग साधकों द्वारा सामूहिक रूप से यज्ञ का आयोजन किया गया। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वाधान में यज्ञ आचार्य सुनील आर्य द्वारा किया गया। यज्ञ में राष्ट्र निर्माण राष्ट्र सुरक्षा और संपूर्ण भारत के मंगल के लिए सभी साधको द्वारा हवन सामग्री और घृत की आहुति हवन कुंड में दी गई। यज्ञ के पश्चात योगशाला में प्रतिदिन जन-जन को स्वस्थ बनाने के लिए निशुल्क योग करने पर मीना गुप्ता, राशि शर्मा योग शिक्षिका के अतिरिक्त नगर पालिका परिषद सभासद योग शिक्षक निहाल सिंह लाठर, सुनील आर्य को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्र ऋषि स्वामी रामदेव जी को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु की मान्यता प्रदान करते हुए तिलक किया गया कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता नागरिक मंच के संयोजक संजय सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुनील आर्य, निहाल सिंह लाठर, व्रत पाल सिंह, विनय चौधरी, राकेश गुप्ता, डॉ राजवीर सिंह, चौधरी देशराज सिंह, नरेंद्र सिंह, राकेश चंद्रवंशी, अजय राठी, प्रमोद कुमार शर्मा, श्रवण कुमार, सुधीर कुमार गुप्ता सराफ के अतिरिक्त गीता रानी चंद्रवंशी, पूजा जैन, ममता सिंह, सरोज, मधु रानी आदि का सहयोग रहा।

### जत्थेदार-कैंप संचालक व भंडारा आयोजकों की डीएम ने ली बैठक

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में पंचायत भवन के सभागार में कावड़ यात्रा से सम्बन्धित जत्थेदार, कैंप संचालक और भंडारा आयोजकों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान वहां मौजूद लोगों की समस्याएं चिन्हित की गईं तथा उनके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में कावड़ मार्ग पर जगह जगह प्रकाश और साफ सफाई व्यवस्था कराई गई है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के स्तर से दिए गए निर्देशों के अनुसार कावड़ यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के भरपूर इंतजाम किए जा रहे हैं। कावड़ मार्गों पर भंडारे का आयोजन करने वाले आयोजकों से जिलाधिकारी ने कहा कि वे अस्थाई विद्युत कनेक्शन प्राप्त कर लें साथ ही भंडारे में तैयार होने वाले प्रसाद/भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखें। कावड़ मार्गों पर संचालित होटल और ढाबों पर शासन स्तर से जारी निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए खाद्य सुरक्षा से जुड़ी टीमें सक्रिय रहेंगी जो खाद्य पदार्थों से संबंधित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराएंगी। जिलाधिकारी ने कहा कि कावड़ यात्री अपने पास पहचान पत्र अवश्य रखें साथ ही किसी भी असुविधा की स्थिति में पुलिस प्रशासन से सहयोग प्राप्त करें। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन श्री गुलाब चंद्र, एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह, एसपी सिटी रणविजय सिंह, सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण मौजूद रहे।

# परिषद ने किया वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अधिवक्ता परिषद ब्रज जनपद इकाई सम्भल द्वारा गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में वरिष्ठ अधिवक्ताओं को पट्टाभिषेक करके स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता जे.एन. मिश्रा को श्रीगोपाल शर्मा, विष्णु मिश्रा एवं अनिल बाबू लोहिया ने मिष्ठान खिलाकर उनका आशीष प्राप्त किया। जे.एन. मिश्रा ने कहा कि जो नई पीढ़ी अपने पूर्वजों का सम्मान करती है वह विकास और उन्नति की राह पर सदैव अग्रसर रहती है और ईश्वर का आशीर्वाद हमेशा उनके साथ बना रहता है तथा जो शिष्य अपने गुरु से भी अधिक सफल एवं प्रसिद्ध होते हैं वो अपने गुरु को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। अंत मे कविता के रूप में उन्होंने अपने आशीष वचन सभी उपस्थित अधिवक्ताओं को दिए। राजीव शर्मा ने कहा कि अधिवक्ता परिषद संस्कारित अधिवक्ता का संगठन है। हम सदैव अपने वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान करते हैं और उनके मार्गदर्शन में अपने व्यावसायिक एवं सामाजिक कार्य करते हैं। इस अवसर पर दीपक राठौर, प्रवीण गुप्ता, विक्रम सिंह चौहान, रजनी शर्मा, विकास मिश्रा, उज्ज्वल चौधरी, महेश यादव, मोहनलाल मौर्य, अशोक कुमार सिंह आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# कल से महमूदपुर रजवाहे में चलेगा पानी, सिंचाई खंड की बैठक में लिया निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** सिंचाई खंड मुरादाबाद की वर्षा कालीन बैठक मंडल कार्यालय मुरादाबाद के मीटिंग हॉल में आयोजित की गई, जिसमे गत बैठक के कार्यों की समीक्षा की गई अधिकांश कार्य पूर्ण पाए गए नलकूप संख्या 244 एजी के पुनः बोरिंग का कार्य, मैटीरियल नए होने के कारण शुरू नहीं हो सका, आवश्यक सामग्री उपलब्ध होते ही नया बोरिंग हो जाने की जानकारी दी गई। तुमड़िया डैम की सभी नेहरो को पूरा पानी दिया जा रहा है केवल चार नहरे उत्तराखंड शासन की कमी के कारण बंद हैं जिन्हें वार्ता अनुसार शीघ्र ही चलवा दिया जाएगा। कालागढ़ डेम से 30 जून तक पानी मिलता है यह नहरें अब खो बैराज से संचालित होगी। खो बैराज के पानी में सिल्ट की अधिक मात्रा होने के कारण एक सप्ताह से सभी नहरे बंद थी अब सिल्ट की मात्रा कम हो रही है अतः महमूदपुर रजबाहा और उमरी रजवाहा 12 जुलाई से चला दी जाएगी। एक सप्ताह बाद अमरोहा राजबाह्य में भी पानी दे दिया जाएगा। शिवपुरी मुंडापांडे के महाविद्यालय के सामने नहर पर पुल की स्वीकृति संबंधी सभी कागजात पूर्ण करके लखनऊ शासन को भेज दिए गए हैं। सभी नहरों में कटिंग, कुलाबा और अपासी संबंधी कोई समस्या नहीं है। वर्तमान में 6 नलकूप यांत्रिक दोष एवं 7 नलकूप विद्युत दोष के कारण बंद है जिन्हें एक सप्ताह में ठीक करा कर सुचारू रूप से चलने का आदेश अध्यक्ष ने दिया। बताया कि मुरादाबाद खंड में सभी 540 सरकारी ट्यूबवेल निशुल्क पानी उपलब्ध करा रहे है। अंत में सिंचाई विभाग के सभी अधिकारियों को अध्यक्ष ने एक-एक पारिजात का पौधा अपने आंगन में लगाने के लिए दिया, तथा कार्यालय के बाहर पौ धारोपण का कार्य भी सभी के योगदान से पूरा किया गया। बैठक की अध्यक्षता मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन तथा संचालन नीरज गुप्ता अधिशासी अभियंता नलकूप प्रथम खंड ने किया। बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई, आरपी सिंह, सहायक अभियंता नलकूप प्रथम कुमारी पूजा, सहायक अभियंता नलकूप द्वितीय श्रीमती श्रद्धा भट्ट और अंकुश सक्सैना आदि अधिकारी मौजूद रहे।



# श्रावण मास कांवड़ यात्रा को लेकर सम्भल में ट्रैफिक डायवर्जन लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** श्रावण मास की पावन कांवड़ यात्रा को सकुशल और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु जनपद सम्भल में 12 जुलाई से 04 अगस्त 2025 तक विशेष यातायात डायवर्जन योजना लागू की गई है। मुख्य डायवर्जन मार्ग: मुरादाबाद से दिल्ली जाने वाले वाहन सराय चौक सम्भल से गवां, केसरपुर तिराहा, रजपुरा, नूरपुर तिराहा, इंद्रा चौक बबराला, नेह चौक गुणौर, नरौरा पुल होते हुए। मुरादाबाद से चंदौसी होकर दिल्ली/ अलीगढ़/ आगरा जाने वाले वाहन सिरसी तिराहा, हजरतनगर गढ़ी, सिरसी-बिलारी तिराहा, सम्भल, चौधरी सराय चौक, गवां, केसरपुर, रजपुरा, नूरपुर, बबराला, नेह चौक से नरौरा। बदायूं से चंदौसी होकर दिल्ली/अलीगढ़/आगरा जाने वाले वाहन चंदौसी से सम्भल, चौधरी सराय चौक, गवां, रजपुरा, बबराला मार्ग।

इस्लामनगर (बदायूं) से बहजोई होते हुए दिल्ली/अलीगढ़ जाने वाले वाहन बहजोई, बेहटा जयसिंह, टिट्टा रोड, रजपुरा, नूरपुर, बबराला, गुणौर होते हुए नरौरा पुल। दिल्ली/अलीगढ़ से सम्भल, चंदौसी, मुरादाबाद जाने वाले वाहन नरौरा से गुन्नौर, बबराला, रजपुरा, गवां से सम्भल। दिल्ली/अलीगढ़ से बरेली/शाहजहांपुर/लखनऊ जाने वाले वाहन नरौरा से सहसवान, बदायूं होते हुए। प्रमुख प्रतिबंधित मार्ग: राजघाट बबराला मार्ग, जोया असमौली संभल पातालेश्वर मार्ग, सैदनगली- हसनपुर- गजरौला मार्ग पर भारी वाहनों पर रोक। इन्द्रा चौक बबराला से नूरपुर तिराहा तक सिंगल वे ट्रैफिक, रोड का आधा हिस्सा केवल कांवडिय्यों के लिए। मार्गों पर बैरियर, रोड मार्किंग, पुलिस ड्यूटी एवं वैकल्पिक पार्किंग की व्यवस्था। विशेष होल्डिंग एरिया: राधा गोविंद इंस्टिट्यूट (चंदौसी बाईपास), गंगा एक्सप्रेस-वे के पास (खिरनी तिराहा), कांवडियों की संख्या और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक रूट और समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

# मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ने शुरू की रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ओपीडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज ने आज मुरादाबाद स्थित मैक्स मेडसेंटर में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की, जिससे शहर और आसपास के क्षेत्र में कैंसर के विशेष इलाज की पहुंच और बेहतर हो सकेगी। ओपीडी सेवाओं का उद्घाटन मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग की डायरेक्टर डॉ. त्रिप्ति सक्सेना की उपस्थिति में हुआ। वे अब हर महीने के दूसरे गुरुवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक मुरादाबाद में परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगी। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग की डायरेक्टर डॉ. त्रिप्ति सक्सेना ने कहा, "इन ओपीडी सेवाओं का उद्देश्य ऐसे मरीजों को परामर्श देना है जिन्हें शरीर में बिना वजह गांठें, खून की उल्टी, निगलने में परेशानी, वजन में कमी या अन्य गंभीर लक्षण महसूस हो रहे हों। समय पर निदान और उचित इलाज की दिशा दिखाने से अधिक से अधिक लोगों को जल्दी इलाज का लाभ मिल सकेगा।"रेडिएशन ऑन्कोलॉजी कैंसर के मल्टीडिसिप्लिनरी इलाज में एक अहम भूमिका निभाता है। यह तकनीक कैंसर सेल्स को सटीकता से निशाना बनाकर नष्ट करती है, जबकि आसपास के स्वस्थ टिशूस को सुरक्षित रखती है। आधुनिक इमेजिंग और डिलीवरी तकनीकों के साथ, रेडिएशन थेरेपी ने मरीजों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार, दोबारा कैंसर होने की संभावना को कम करने और जीवित रहने की संभावना को बढ़ाने में अहम योगदान दिया है। मुरादाबाद में इन सेवाओं को उपलब्ध कराकर, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज ने यह सुनिश्चित किया है कि मरीजों को विश्वस्तरीय कैंसर इलाज के लिए अब लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज विश्वस्तरीय कैंसर देखभाल को और अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है और उन्नत एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं के माध्यम से क्षेत्र के नागरिकों के स्वास्थ्य और जीवन गुणवत्ता में सुधार लाने के अपने प्रयासों को लगातार आगे बढ़ा रहा है।



# मुरादाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लि. के निदेशक मंडल की हुई बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मुरादाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक मण्डल की सातवीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में इलैक्ट्रिक बसों के संचालन हेतु शहरी गतिशीलता क्षेत्र के निर्धारण के संबंध में यह निर्णय लिया गया कि यह विषय शासन के अधिकार क्षेत्र में है, ऐसी स्थिति में शहरी गतिशीलता क्षेत्र का निर्धारण शासन स्तर से कराए जाने का अनुरोध किया जाना उचित होगा। उन्होंने निर्देशित किया कि मार्ग पर सघन चेकिंग कर टिकट चोरी प्रकरणों पर पूर्ण अंकुश लगाया जाए, टीएमयू मार्ग पर मरीजों को किराए में विशेष छूट प्रदान की जाए, शासन द्वारा दिव्यांग जनों को नगरीय बसों में नि:शुल्क यात्रा सुविधा प्रदान किए जाने तक पूर्ण रुप से दिव्यांग जनों को 50 प्रतिशत एवं उनके सहवर्ती को 25 प्रतिशत किराए में छूट प्रदान की जाए, नए मार्ग बिलारी/ कुंदरकी/ डींगरपुर का सर्वे कर आवश्यकतानुसार इलैक्ट्रिक बसों का संचालन कराया जाए। उन्होंने मूढापाण्डे तक इलैक्ट्रिक बसों के संचालन हेतु मार्ग पर पड़ने वाले टोल में विशेष छूट प्रदान करने हेतु परियोजना प्रबन्धक, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण मुरादाबाद को भी निर्देशित किया।

कोई भी रोडवेज बस ड्राइवर नशे में बस न चलाएं और कावड़ यात्रा के दौरान यातायात नियमों का भी गंभीरता पूर्वक पालन कराया जाए।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर विकास खंड छजलेट मुरादाबाद में नव ग्रह वाटिका की भी स्थापना की गई जिसमे नौ प्रकार के पौधों पलाश, गूलर, खैर, पीपल, अपामार्ग, शमी, मदार, दूव, और कुश का ग्रहों की दिशा अनुसार रोपण किया गया। वैदिक काल में ऋषि मुनियो ने नवग्रह वाटिका के महत्व का विभिन्न ग्रंथों में वर्णन किया है ग्रहों का वैदिक एवं आयुर्वेदिक महत्व होता है जिसके सभी नौ प्रकार के पौधों के महात्म्य के बारे में प्रधान अध्यापक वीरेंद्र चौधरी के द्वारा बच्चो को जानकारी दी गई वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि कुश का उपयोग पूजा में किया जाता है पलाश को ढांक और टेसू के नाम से भी जाना जाता है इसके छाल, फूल और बीज विभिन्न प्रकार की औषधि बनाने में प्रयोग होते हैं। दूव का उपयोग हिंदू संस्कारों और कर्मकांडों में किया जाता है। खैर की छाल से कत्था तैयार किया जाता है। पीपल देव वृक्ष माना जाता है इसके फल और पत्तियों का उपयोग बीपी शुगर के लिए किया जाता हैं। गूलर पाचन संबंधी बीमारी में लाभकारी होता है। अपामार्ग अंजन नेत्र विकारो में लगाया जाता है। शमी का प्रयोग पूजा में होता हैं। मदार एंटी फंगल होता हैं इसलिए इसका उपयोग औषधि के रूप में किया जाता है। विदित हो जुलाई माह में सरकार के निर्देशानुसार पौधारोपण पखवाड़ा चल रहा है इसी के अंतरगत प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर की इको क्लब टीम एवं स्कूल के स्टाफ के सहयोग से विभाग द्वारा प्राप्त पौधों के अलावा नवग्रहों पर आधारित वाटिका का निर्माण किया गया है आयुर्वेदिक नव ग्रह बाटिका निर्माण बहूत ही सराहनीय एवं नवाचारी पहल है इससे न केवल बच्चे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक हो सकेंगे बल्कि अपने नव ग्रह से जुड़े पौधों के महत्व से परिचित हो सकेंगे इस अवसर पर प्रधानाध्यापक/ ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी, श्रीमति सूर्यलता सहायक अध्यापक पूजा कुमारी और पारुल मेहरोत्रा, ममता रानी एवं इको क्लब के सदस्य बच्चो का विशेष सहयोग रहा।



# सम्पादकीय

शुक्रवार, 11 जुलाई 2025

## रोक से इन्कार

बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण का मामला सुप्रीम कोर्ट की दहलीज तक पहुंच गया है। कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने इस पर रोक लगाने के लिए याचिकाएं दायर की हैं। याचिकाकर्ताओं ने कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल, टीएमसी की सांसद मऊआ मोइत्रा, राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज कुमार झा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासिचव डी राजा, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सामंत, झामुमो के सांसद सरफराज अहमद और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के दीपांकर भट्टाचार्य ने याचिकाएं दायर कर दावा किया है कि चुनाव आयोग का यह कदम संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 325 और 326 के साथ-साथ जनप्रनिधित्व अधिनियम 1950 और मतदाता पंजीकरण 1960 के नियम 21 ए के प्रावधानों का उल्लंघन है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यदि इस आदेश को रद्द नहीं किया गया, तो मनमाने ढंग से उचित प्रक्रिया अपनाए बिना लाखों मतदाताओं को अपने प्रतिनिधियों को चुनने से वंचित किया जा सकता है। इससे देश में स्वतंत्र चुनाव बाधित होगा और लोकतंत्र कमजोर हो सकता है। गुरुवार को न्यायमूर्ति सुधांशू धूलिया और न्यायमूर्ति बागची की अंशकालीन कार्यदिवस की पीठ ने इस पर सुनवाई की। पीठ ने विशेष गहन पुनरीक्षण पर अंतरिम रोक लगाने से इन्कार किया। साथ ही चुनाव आयोग से मतदाताओं की पहचान साबित करने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, पहचान पत्र को अनुमति देने पर विचार करने को कहा और इस मामले की सुनवाई के लिए 28 जुलाई तय की है। उससे एक सप्ताह पहले 21 जुलाई तक चुनाव आयोग से हलफनामा दायर करने को कहा। साथ ही माना कि मामले की सुनवाई जरूरी है और इसे उपयुक्त पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए। अदालत ने बार-बार चुनाव आयोग से पूछा कि वह पहचान साबित करने के रूप में एक साधन के रूप में आधार को कैसे अस्वीकार कर सकता है। साथ ही पुनरीक्षण प्रक्रिया को पूरा करने के लिए समय सीमा पर सवाल उठाए और कहा कि यह सीमा बहुत कम है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 24 जून को बिहार में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के आदेश दिए थे। तमाम विपक्षी दल चुनाव आयोग के इस फैसले को एक षड्यंत्र के रूप में देख रहे हैं। उन्होंने नौ जुलाई को बिहार बंद रखकर जमकर प्रदर्शन भी किया था। असल में सारा बखेड़ा इस बात को लेकर भी है कि मतदाताओं को नए सिरे से अपनी पहचान बतानी होगी और अपनी पहचान बताने के लिए दस्तावेज भी देने होंगे। दिलचस्प बात यह है कि इस पहचान में आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसे बेसिक दस्तावेजों को पहचान से अलग रखा गया है। इससे यह आशंका पैदा हो रही है कि गरीब, दलित वर्ग के लोगों को एक तरह से षड्यंत्र के तहत चुनाव प्रक्रिया से अलग रखने की कोशिश की जा रही है। यह आशंका गलत भी नहीं है और यह प्रक्रिया एक महीने में पूरी होनी है इस पर भी सवाल उठ रहे हैं। बिहार में इसी वर्ष के अंत में चुनाव होने हैं। यह ठीक है कि फिल्हाल इस आदेश पर अदालत ने रोक नहीं लगाई लेकिन सुनवाई जारी है। देखना है इस पर क्या फैसला आता है।

### लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए



इमरजेंसी को सिर्फ भारतीय इतिहास के काले अध्याय के रूप में याद नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इससे सबक लेना जरूरी है, नसबंदी अभियान को मनमाना और क्रूर फैसला था, अनुशासन और व्यवस्था के लिए उठाए गए कदम कई बार ऐसी क्रूरता में बदल जाते हैं, जिन्हें किसी तरह उचित नहीं कहा जा सकता, संजय गांधी का जबरन नसबंदी अभियान चलाने का फैसला क्रूरता का उदाहरण बन गया, गरीब ग्रामीण इलाकों में टारगेट पूरा करने के लिए हिंसा और दबाव का सहारा लिया गया, नई दिल्ली जैसे शहरों में बेरहमी से झुग्गियां तोड़ी गईं। हजारों लोग बेघर हो गए। उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया, लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए, यह एक बहुमूल्य विरासत है, जिसे लगातार संरक्षित करना जरूरी है।

**-शशि थरूर, कांग्रेस सांसद**

## विकास की रफ्तार पर बोझ है बढ़ती जनसंख्या



विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई पर विशेष



योगेश कुमार गोयल

जनसंख्या संबंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करने के लिए प्रतिवर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। भारत के संदर्भ में देखें तो तेजी से बढ़ती आबादी के कारण ही हम सभी तक शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को पहुंचाने में पिछड़ रहे हैं।

बढ़ती आबादी की वजह से ही देश में बेरोजगारी की समस्या विकराल हो चुकी है। हालांकि विगत दशकों में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नए रोजगार जुटाने के कार्यक्रम चलाए गए, लेकिन बढ़ती आबादी के कारण ये सभी कार्यक्रम ऊंट के मुंह में जीरा ही साबित हुए। बढ़ती जनसंख्या के कारण ही देश में आबादी और संसाधनों के बीच असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वास्तविकता यही है कि विगत दशकों में देश की जनसंख्या जिस गति से बढ़ी, उस गति से कोई भी सरकार जनता के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने की व्यवस्था करने में सफल हो ही नहीं सकती थी।

आज देश की बहुत बड़ी आबादी निम्न स्तर का जीवन जीने को विवश है। देश में करीब 40 प्रतिशत आबादी आजादी के बाद से ही गरीबी के आलम में जी रही है। गरीबी में जीवन गुजार रहे ऐसे बहुत से लोगों की यही सोच रही है कि उनके यहां जितने ज्यादा बच्चे होंगे, उतने ही ज्यादा कमाने वाले हाथ होंगे किन्तु यह सोच वास्तविकता के धरातल से परे है। लगातार बढ़ती महंगाई के जमाने में परिवार बड़ा होने से कमाने वाले हाथ ज्यादा होने पर जितनी आय बढ़ती है, उससे कहीं ज्यादा जरूरतें और विभिन्न उत्पादों की कीमतें बढ़ जाती हैं, जिनकी पूर्ति कर पाना सामर्थ्य से परे हो जाता है। इसलिए जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रमों की सफलता के लिए सर्वाधिक जरूरी यही है कि घोर निर्धनता में जी रहे ऐसे लोगों को परिवार नियोजन कार्यक्रमों के महत्व के बारे में जागरूक करने की ओर खास ध्यान दिया जाए क्योंकि जब तक इस कार्यक्रम में इन लोगों की भागीदारी नहीं होगी, तब तक लक्ष्य की प्राप्ति संभव नहीं है।

देश में जनसंख्या वृद्धि का मुकाबला करने के लिए पिछले काफी समय से कुछ कड़े कानून बनाने की मांग हो रही है, लेकिन इस दिशा में कुछ राज्य सरकारें दो से ज्यादा बच्चों वाले परिवारों को सरकारी नौकरी तथा स्थानीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारी से अयोग्य अघोषित करने जैसे जिस तरह के उपायों पर विचार कर रही हैं, उन्हें तर्कसंगत नहीं माना जा सकता। हालांकि जनसंख्या वृद्धि मौजूदा समय में गंभीर चुनौती है लेकिन ऐसे उपायों को संवैधानिक नजरिए से भी तर्कसम्मत नहीं माना जाता। चीन में 1980 से पहले केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी, जिसका उल्लंघन करने पर दम्पति को न केवल सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाता था बल्कि सजा भी दी जाती थी लेकिन वहां यह नीति सफल नहीं हुई। इसीलिए चीन सरकार ने 2016 में इस नीति में बदलाव कर दो बच्चों की अनुमति दी और बाद में तीन बच्चों की अनुमति देनी पड़ी। चीन की तानाशाही सरकार द्वारा नीतियों में बड़ा बदलाव करते हुए दंपतियों को तीन बच्चे करने की अनुमति क्यों दी गई, इसके कारण समझना भी जरूरी है। दरअसल वहां लोगों की सामान्य प्रजनन दर में निरन्तर गिरावट आ रही है और कुछ विशेषज्ञों के मुताबिक यही स्थिति भारत में भी होनी है।

जनसंख्या में स्थायित्व और कामकाजी युवाओं की स्थिर संख्या के लिए महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और चीन में यह दर निरन्तर गिर रही है। 1970 में चीन में यह दर 5.8 थी, जो 2015 में घटकर 1.6 और 2020 में केवल 1.3 ही रह गई जबकि बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ती गई। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टेटिस्टिक्स के अनुसार आने वाले समय में आबादी में अधिक उम्र वालों की संख्या बढ़ने से संतुलित विकास और जनसंख्या को लेकर दबाव बढ़ेगा।

1982 में हुई जनगणना में चीन की जनसंख्या में 2.1 फीसदी की सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई थी लेकिन उसके बाद जनसंख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई, जिसके लिए वहां की कम्युनिस्ट सरकार द्वारा अपनाई गई दशकों पुरानी वन चाइल्ड पॉलिसी को जिम्मेदार माना जाता है। विगत एक दशक में चीन की जनसंख्या करीब सात करोड़ बढ़ी, लेकिन बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से चीन के लिए अलग ही समस्या उत्पन्न होने लगी है। दरअसल चीन को आशंका है कि अगले दस वर्षों में उसकी जनसंख्या में गिरावट आएगी, जिससे कामगारों की संख्या में कमी आने से उसकी खपत भी घटेगी। एनबीएस के आंकड़ों के मुताबिक चीन को जिन जनसांख्यिकीय संकट का सामना करना पड़ा था, वह और गहरा होने की उम्मीद थी, इसीलिए चीन को अपनी जनसंख्या नीति में बदलाव करने पर विवश होना पड़ा।

जहां तक भारत की बात है तो यहां 1994 में महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 3.4 थी, जो घटकर 2015 में 2.2 रह गई थी यानी सामान्य के करीब। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत की जनसंख्या 2050 तक बढ़ने के बाद से गिरनी शुरू हो जाएगी और 2100 तक पहुंचते-पहुंचते सामान्य प्रजनन दर केवल 1।3 ही रह जाएगी। इसका अर्थ है कि तब अधिकांश परिवारों में केवल एक ही बच्चा होगा और भारत उसी स्थिति में खड़ा होगा, जिसमें वन चाइल्ड पॉलिसी के बाद चीन खड़ा हुआ और उसे विगत सात वर्षों में दो बार अपनी जनसंख्या नीति में बड़ा परिवर्तन करना पड़ा। इसलिए टू चाइल्ड पॉलिसी जैसे कानूनों के जरिए जनसंख्या नियंत्रण की कोशिशों को व्यावहारिक नहीं माना जा रहा बल्कि इसके लिए डराने-धमकाने वाले कानूनों के बजाय लोगों में जागरूकता पैदा किया जाना सबसे जरूरी है। बगैर कड़े कानूनों के देश के ऐसे राज्यों में जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आई है, जहां साक्षरता दर ज्यादा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में गरीब महिलाओं की प्रजनन दर करीब 3.2 है जबकि सम्पन्न महिलाओं में यह दर केवल 1.5 पाई गई है। इसी प्रकार अनपढ़ महिलाओं के औसतन 3.1 बच्चे होते हैं जबकि शिक्षित महिलाओं में यह संख्या औसतन 1.7 है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि जनसंख्या विस्फोट का सीधा संबंध सामाजिक और शैक्षिक स्थितियों से जुड़ा है। शिक्षा के अभाव में ही देश की बड़ी आबादी को छोटे परिवार के लाभ को लेकर जागरूक नहीं किया जा सका है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## बारिश के मौसम में वाटरप्रूफ मेक-अप

**अपना मेकअप लगाने के बाद इसे मेकअप सेटिंग स्प्रे से सेट करना न भूलें। एक सेटिंग स्प्रे अंतिम टच-अप के रूप में काम करता है और आपके मेकअप को बनाए रखने में मदद करता है। यह त्वचा को चमकदार बनाता है और आपकी त्वचा का मेकअप ज्यादा लंबे समय तक चलता है। इसलिए एक बेहतरीन सेटिंग स्प्रे से अपने लुक को पूरा करें।**



शहनाज हुसैन

महिलाओं को मेकअप करने का काफी शौक होता है, लेकिन बारिश के मौसम में अगर बाहर निकलते हुए भीग जाएं तो मेकअप को संभालना काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है क्योंकि मानसून में नमी और पसीने के कारण मेकअप पिघल या फैल जाता है और स्किन काफी चिपचिपी सी दिखने लगती है। ऐसे में मेकअप लगाना काफी तनावपूर्ण हो सकता है।

इसलिए बारिश के मौसम में घर से बाहर निकलने से पहले मेकअप के लिए जरूरी टिप्स आप जरूर जान लीजिए ताकि आपका मेकअप खराब न हो।

1. **हाइड्रेटिंग प्राइमर का इस्तेमाल करें**

मानसून में मौसम में ह्यूमिडिटी बढ़ने से आपकी त्वचा ज्यादा तैलीय हो जाती है। इसलिए त्वचा को मॉइस्चराइज करने और मेकअप को मैल्ट होने से बचाने के लिए मेकअप करने से पहले हाइड्रेटिंग प्राइमर लगाएं।

2. **त्वचा की उचित देखभाल**

बदलते मौसम में डेली स्किन केयर रूटीन को फॉलो करना जरूरी है। आप फेस क्लीनिंग के बाद मॉइश्चराइजर लगाएं और सनस्क्रीन लगाना न भूलें लिक्विड या क्रीम फाउंडेशन के बजाय ऑयल फ्री मॉइश्चराइजर का हल्का कोट लगाया जा सकता है, टच अप के लिए हल्का कॉम्पैक्ट पाउडर लगा सकती हैं।

कुछ लोग गर्मी में स्किन को कभी भी मॉइस्चर नहीं करते हैं, इससे चेहरे पर पसीना आता है और आपका मेकअप फैलने लगता है। आपको ऐसा मॉइश्चराइजर चुनना चाहिए, जो ऑयल फ्री और नॉन कॉमेडोजेनिक हो इनके इस्तेमाल से पोर्स बंद नहीं होते हैं और स्किन भी हाइड्रेटेड बनी रहती है। यदि आप घर पर हैं तो मेकअप अप्लाई करने से पहले फेस को जरूर मॉइस्चर करें। स्किन केयर रूटीन को स्किप करने की गलती नहीं करें।

3. बारिश के मौसम में कम से कम मेकअप करें और इसे अच्छे से ब्लेन्ड करें। नेचुरल तरीकों से ग्लो बढ़ाने की कोशिश करें। मानसून में हैवी मेकअप पसीने और नमी की वजह से जल्दी फैल सकता है, ऐसे में लाइट और वॉटरप्रूफ मेकअप का इस्तेमाल करें ताकि स्किन को सांस लेने का मौका मिल सके और पिंपल्स न निकलें।

4. **वाटरप्रूफ मेकअप प्रोडक्ट चुने**

बारिश और नमी के कारण मेकअप जल्दी खराब हो सकता है। इसलिए वाटरप्रूफ फाउंडेशन, काजल और मस्कारा का उपयोग करें। ये प्रोडक्ट मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखते हैं। क्रीम आधारित सौन्दर्य उत्पादों की जगह पाउडर आधारित सौन्दर्य उत्पादों का उपयोग करें। लूज पाउडर के बजाय कॉम्पैक्ट पाउडर लंबे समय तक चलता है और एक स्मूथ फिनिश देता है। मेकअप को टच देने के लिए कॉम्पैक्ट पाउडर कैरी करें।



5. मानसून के दौरान हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि आपका ब्लश सौम्य और परिधान को सूट करते हुए होना चाहिए। पाउडर आईशैडो खरीदें क्योंकि यह क्रीम आई शैडो के मुकाबले ज्यादा देर तक टिके रहते हैं। हल्का रंग का थोड़ा सा आई शैडो लगाएं।

6. **अच्छी गुणबत्ता के उत्पाद उपयोग करें**

मानसून सीजन के दौरान अच्छी गुणबत्ता के मस्काराए, फाउंडेशन, लिपस्टिक, आई लाइनर और हाइलाइटर जैसे सौन्दर्य उत्पादों का उपयोग करें।

(लेखिका अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं)


## आतंकवाद में डिजिटल तकनीकों का उपयोग चिंताजनक



ललित गर्ग

टेरर फंडिंग पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की नई रिपोर्ट में आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते उपयोग पर चिंता जताई गई है। इस रिपोर्ट ने वैश्विक सुरक्षा के समक्ष एक नई और गहन चुनौती की ओर संकेत करते हुए आतंकवादी गतिविधियों में डिजिटल तकनीकों के बढ़ते प्रयोग को गहन चिन्ताजनक बताया है। रिपोर्ट में ई-कॉमर्स, ऑनलाइन भुगतान, सोशल मीडिया, क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट जैसे प्लेटफार्मों के माध्यम से आतंकवादी गतिविधियों के वित्तपोषण और संचालन के बढ़ते खतरे पर न केवल प्रकाश डाला गया है बल्कि गंभीर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट ने आतंकवाद के एक अलग ही पहलू की ओर ध्यान खींचा है।

इसमें बताया गया है कि टेक्नॉलजी तक आतंकी संगठनों की आसान पहुंच उन्हें और खतरनाक बना रही है। इससे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर नई रणनीति एवं नियंत्रण नीति की जरूरत है। विशेष रूप से पाकिस्तान जैसे देशों में पलने-बढ़ने वाले आतंकी संगठन इन तकनीकों का उपयोग कर न केवल फंडिंग जुटा रहे हैं, बल्कि गोपनीयता और पहुंच के नए मार्ग भी तलाश रहे हैं। इसके अलावा, आतंकवादी संगठन अब विकेंद्रीकृत मॉडल की ओर बढ़ रहे हैं, जैसेकि अल-कायदा क्षेत्रीय इकाइयों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर धन जुटाना और संचालन करना। भारत ने समय-समय पर पाकिस्तान पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद को बेनकाब करते हुए दुनिया से मिल रहे



आर्थिक सहयोग पर चिन्ता जताई और कठोर कार्रवाई की मांग की, इस रिपोर्ट को भारत के रुख का समर्थन करने वाले एक महत्वपूर्ण कदम माना जा सकता है।

एफएटीएफ के मुताबिक, 2019 में पुलवामा और 2022 में गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में हुए आतंकी हमलों के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया गया। पुलवामा में आतंकियों ने आईईडी का इस्तेमाल किया था और इसे बनाने के लिए एल्युमिनियम पाउडर एमेजन से खरीदा गया था। गोरखपुर में हुए हमले में पैसों के लेनदेन में ऑनलाइन जरिया अपनाया गया। गोरखपुर वाले केस में आतंकी विचारधारा से प्रभावित शख्स ने इंटरनेशनल थर्ड पार्टी ट्रांजेक्शन और वीपीएन सर्विस का उपयोग किया था। इस तरह से उसने आईएसआईएल के समर्थन में विदेश में धन भेजा था और उसे भी बाहर से आर्थिक मदद मिली थी। वीपीएन एक डिजिटल तकनीक है जो इंटरनेट उपयोगकर्ता की लोकेशन और पहचान को छुपाती है। जब कोई व्यक्ति वीपीएन का उपयोग करता है, तो उसका इंटरनेट ट्रैफिक एक एन्क्रिप्टेड सुरंग के माध्यम से किसी अन्य देश के सर्वर से होकर गुजरता है। इससे उसकी वास्तविक पहचान छिप जाती है और वह सेंसरशिप, ट्रैकिंग और जियो-रिस्ट्रिक्शन से बच सकता है।

2024 तक दुनिया में 150 करोड़ से अधिक वीपीएन यूजर्स हैं। इनमें से बड़ी संख्या एशिया और मध्य पूर्व से है, जहां सेंसरशिप या निगरानी से बचने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। भारत में 12 से 14 करोड़ वीपीएन उपयोगकर्ता हैं। भारत वीपीएन यूजर्स की संख्या में दुनिया के शीर्ष 3 देशों में शामिल है। वीपीएन का उपयोग कर आतंकी सोशल मीडिया और गुप्त चैनलों के जरिए युवाओं को बरगलाने और भर्ती करने का काम करते हैं। कुछ आतंकवादी समूह वीपीएन नेटवर्क का प्रयोग कर सरकारी वेबसाइटों, रक्षा प्रतिष्ठानों और बैंकिंग सिस्टम पर साइबर हमला करते हैं। दुनिया की एक तिहाई आबादी ऑनलाइन शॉपिंग करती है। इस साल ग्लोबल ई-कॉमर्स मार्केट के 7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। भारत इस लिस्ट में फिलहाल सातवें नंबर पर है, लेकिन सवाल यह है कि इस डेटा के बीच अगर कुछ संदिग्ध लोग कुछ हजार डॉलर की खरीदारी करते हैं, जिसका इस्तेमाल आगे जाकर किसी आतंकी हमले में होता है, तो उसे चिन्हित कैसे किया जाए? एफएटीएफ ने कुछ दिनों पहले पहलगाम को लेकर कहा था कि इतना बड़ा आतंकी हमला बाहरी आर्थिक मदद के बिना संभव नहीं हो सकता। उसकी हालिया रिपोर्ट इसी बात को और पुष्ट कर देती है। आतंकियों ने अपने काम का तरीका बदल लिया है। वे इंटरनेट की दुनिया की ओट ले रहे हैं, जो ज्यादा खतरनाक है।

एफएटीएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी समूहों ने अब पारंपरिक धन स्रोतों के साथ-साथ क्रिप्टोकरेंसी जैसे डिजिटल वित्तीय माध्यमों का भी उपयोग करना शुरू कर दिया है। यह माध्यम उन्हें सरकार की नजरों से बचाते हुए सीमाओं के पार फंडिंग जुटाने की सहूलियत देते हैं। साथ ही, एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप्स, फेक सोशल मीडिया अकाउंट्स, और ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर वे अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। पाकिस्तान एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से बाहर भले हो गया हो, लेकिन उसके खिलाफ लगे आरोपों में कोई कमी नहीं आई है। अनेक ग्लोबल इंटेलिजेंस रिपोर्ट्स और एफएटीएफ ऑब्जर्वेशन्स इस बात की पुष्टि करती हैं कि पाकिस्तान में आतंकी गुटों को डिजिटल इकोसिस्टम का खुले तौर पर उपयोग करने दिया जा रहा है, या कभी-कभी सरकार की मौन सहमति से। उदाहरण के रूप में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों ने बिटकॉइन और अन्य डिजिटल टोकन के जरिए फंड जुटाने की नई तरकीबें अपनाई हैं। कई मामलों में आतंकी फंडिंग के लिए फर्जी चैरिटेबल ट्रस्ट और सामाजिक मीडिया अभियानों का सहारा लिया गया है। गजवा-ए-हिंद जैसे डिजिटल प्रोपेगेंडा प्लेटफॉर्म्स पाकिस्तानी जमीन से संचालित होकर भारत में कट्टरपंथ को बढ़ावा देने में लगे हैं।

भारत के विरुद्ध हाइब्रिड वारफेयर और साइबर जिहाद की रणनीति पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों की नीति का हिस्सा बन चुकी है। एफएटीएफ की रिपोर्ट में यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि दक्षिण एशिया में भारत सबसे अधिक प्रभावित देश है, जहां डिजिटल माध्यम से न केवल फंडिंग, बल्कि ब्रेनवॉशिंग और भर्ती का कार्य भी तेजी से हो रहा है। जम्मू-कश्मीर में सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को आतंकी संगठनों की ओर आकर्षित किया जाता है। उत्तर पूर्व में उग्रवादी संगठनों को डिजिटल भुगतान और चौनलों के माध्यम से सहायता मिलती रही है। एफएटीएफ ने पाकिस्तान समेत उन सभी देशों से अपेक्षा की है कि वे डिजिटल वित्तीय निगरानी तंत्र को मजबूत करें। क्रिप्टो ट्रांजैक्शन पर नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करें। आतंकी संगठनों के ऑनलाइन अस्तित्व को समाप्त करने के लिए तकनीकी टूल्स विकसित करें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी टैरिफ नीति: भारत के लिए सौगात

## रिपोर्ट में दावा: भारत को निवेश हब बनने का मौका

**नई दिल्ली।** अमेरिका की नई टैरिफ नीति भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका भारत पर तय टैरिफ से कम टैरिफ लागू कर सकता है। वहीं दूसरी तरफ इंडो-पैसिफिक के कई देशों को भारी टैरिफ का सामना करना पड़ेगा। इससे भारत में विदेशी निवेश के अवसर बढ़ सकते हैं और देश की मैन्युफेक्चरिंग क्षमता को मजबूती मिल सकती है।

अरिहंत कैपिटल की रिपोर्ट के मुताबिक भारत कई अन्य एशियाई देशों की तुलना में अमेरिका के नए टैरिफ सिस्टम में बेहतर स्थिति में है। इससे भारत के पास निवेश को आकर्षित करने और मैन्युफेक्चरिंग बह बनने के लिए बड़ा मौका है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि कंबोडिया और वियतनाम जैसे देशों को जहां अधिक टैरिफ झेलना पड़ रहा है।

भारत द्विपक्षीय समझौतों और ग्लोबल ट्रेड फ्लो में बदलाव का लाभ उठा सकता है। ट्रम्प ने 8 जुलाई को जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा और दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्युंग को औपचारिक लेटर भेजकर टैरिफ की जानकारी दी थी। बाद में मलेशिया और कजाकिस्तान को भी इसी तरह के लेटर भेजे गए। हालांकि भारत को अभी तक ऐसा कोई लेटर नहीं मिला है। रिपोर्ट में इसे भारत के लिए अच्छा संकेत बताया गया है। एक्सपट्र्स के मुताबिक अमेरिका भारत को स्ट्रैटजिक पार्टनर होने के नाते रियायत दे सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका की इस नई टैरिफ नीति के चलते भारत की स्थिति बाकी देशों की तुलना में मजबूत है।

इसका फायदा उठाकर भारत ग्लोबल सप्लाई चेन का अहम हिस्सा बन सकता है। भारत की 'चाइना+1' रणनीति, पीएलआई योजनाएं और ट्रेड डील्स की वजह से भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मा, ऑटो और टेक्सटाइल जैसे क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने का मौका देगा। कता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 14 देशों पर नए टैरिफ लगाने की घोषणा की। इनमें कई देशों पर 25 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक के टैरिफ लगाए गए हैं।



- कई अन्य एशियाई देशों की तुलना में अमेरिका के नए टैरिफ सिस्टम में बेहतर स्थिति में
- कई देशों पर 22 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक के टैरिफ लगाए गए

### ब्राजील के राष्ट्रपति ने 50 प्रतिशत टैरिफ पर ट्रम्प का किया विरोध

**ब्रासीलिया।** ब्राज़ील के सामानों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ का विरोध करते हुए राष्ट्रपति लुईज़ इनासियो लूला दा सिल्वा ने कहा है कि ब्राज़ील एक संप्रभु राष्ट्र है जिसके पास स्वतंत्र संस्थाएं हैं और वह 'किसी भी प्रकार की नसीहत नहीं स्वीकार करेगा'। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर ट्रम्प की टिप्पणी का जवाब देते हुए लूला ने ज़ोर देकर कहा कि ब्राज़ील एक संप्रभु राज्य है और अपनी लोकतांत्रिक संस्थाओं या न्यायिक प्रक्रियाओं में बाहरी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं करेगा। लूला ने 'एक्स' पर कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बुधवार को सोशल मीडिया पर दिए गए सार्वजनिक बयान को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित बातों पर प्रकाश डालना ज़रूरी है कि ब्राज़ील एक संप्रभु राष्ट्र है जिसके स्वतंत्र संस्थान हैं और वह किसी भी प्रकार की नसीहत स्वीकार नहीं करेगा। अमेरिका और ब्राज़ील के बीच व्यापार असंतुलन को सिरे से खारिज करते हुए उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि टैरिफ वृद्धि का मसला ब्राज़ील के आर्थिक पारस्परिक कानून के अनुसार निपटाया जाएगा।



नई दिल्ली। विजय चौक पर बारिश से बचने के लिए छाता लगाकर जाते यात्री।

## ट्रम्प पर हमले के मामले में सीक्रेट सर्विस के 6 एजेंट सस्पेंड

- लापरवाही का आरोप, पिछले साल कान को छूकर निकली थी गोली

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर पिछले साल हुए जानलेवा हमले के दौरान सुरक्षा में चूक के आरोप में सीक्रेट सर्विस के 6 एजेंट्स को सस्पेंड कर दिया गया है। यह जानकारी एबीसी न्यूज ने अधिकारियों के हवाले से दी है। यह कार्रवाई ट्रम्प के हमले का एक साल पूरा होने से 4 दिन पहले हुई है। पेनसिल्वेनिया के बटलर में 13 जुलाई 2024 ट्रम्प पर गोली चलाई गई थी। यह गोली ट्रम्प के कान को लगती हुई निकल गई थी और वह घायल हो गए थे। इस हमले में ट्रम्प की रैली में शामिल एक फायरफाइटर कोरी कॉम्पेराटोर की मौत हो गई थी। जवाबी कार्रवाई में मौके पर मौजूद सीक्रेट सर्विस के स्नाइपर्स ने हमलावर थॉमस मैथ्यू क्रूक्स (20 वर्ष) को गोली मार दी थी। सस्पेंड किए गए एजेंट्स को अपील का अधिकार दिया गया है।

## खामेनेई के सलाहकार की ट्रम्प को ड्रोन हमले की धमकी

- कहा: धूप सेंकते समय माइक्रो-ड्रोन नाभि पर गिर सकता है, ट्रम्प बोले: धूप सेकना पंसद नहीं

**वॉशिंगटन/तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार मोहम्मद-जवाद लारीजानी ने 8 जुलाई को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर ड्रोन हमले की चेतावनी दी।

लारीजानी ने एक टी.वी चर्चा के दौरान हंसते हुए कहा: अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अपने मार-ए-लागो रिसॉर्ट में धूप सेंकते समय एक माइक्रो-ड्रोन निशाना बना सकता है। उन्होंने कहा ट्रम्प अब मार-ए-लागो में धूप नहीं सेंक सकते, क्योंकि जब वे लेटे होंगे, तो कोई माइक्रो-ड्रोन उन्हें निशाना बनाकर सीधे उनकी नाभि पर हमला कर सकता है। वहीं, ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इस बारे में पूछे जाने पर कहा-मुझे धूप सेकना पंसद नही, शायद आखिरी बार मैंने 7 साल की उम्र में धूप में बैठा था। ट्रम्प बोले वो इस बयान को बड़े खतरे के तौर पर नहीं देखते। खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार मोहम्मद- जवाद लारीजानी ने ट्रम्प पर ड्रोन हमले की चेतावनी दी।

लारीजानी के इस बयान को लेकर स्थानीय मीडिया ने एक रिपोर्ट में 'ब्लड पैक्ट' नामक एक ऑनलाइन क्राउड फंडिंग अभियान से जुड़े होने का दावा किया। ये अभियान खामेनेई का अपमान करने वालों के खिलाफ बदला लेने के लिए फंड जुटा रहा है। जिसके बारे में दावा किया गया है कि 8 जुलाई तक इसने 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि जुटा ली है। अमेरिका ने 22 जून को ईरान के 3 परमाणु ठिकानों पर हमला किया था।

## लाल सागर में मालवाहक जहाज पर हूती विद्रोहियों का हमला

**यरुशलम/सना।** यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में 'इटरनिटी सी' जहाज पर हमला कर उसे डुबोने का दावा किया। यूरोपीय संघ नौसैनिक बल ने बताया कि डूबे 'इटरनिटी सी' जहाज के क्रू मेंबर्स के छह सदस्यों को बचाया गया और अन्य 15 अभी भी लापता हैं। यह जानकारी अल जजीरा ने गुरुवार को यूरोपीय संघ के नौसैनिक बल के हवाले से दी। पिछले कुछ दिनों में यह इस तरह का दूसरा बड़ा हमला है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को हुए इस हमले में यूनान के स्वामित्व वाला जहाज इटरनिटी सी के डूबने से कम से कम चार नाविकों की मौत हो गई तथा 15 अन्य लापता हो गए। हूती ने एक बयान में कहा कि इटरनिटी सी जहाज पर हमला एक मानवर्रा. हत नाव और मिसाइलों का उपयोग कर किया गया था।

## कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग

### अज्ञात हमलावरों ने कई राउंड गोलियां चलाईं

- तीन दिन पहले हुआ था उद्घाटन




**ओटावा।** कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग हुई। तीन दिन पहले ही कैफे का उद्घाटन हुआ था। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने कैफे पर कई राउंड गोलियां चलाईं। हालांकि अभी तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है। कपिल शर्मा का यह कैफे कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सर्रे में स्थित है।

इसका नाम 'कप्स कैफे' है। इस कैफे के जरिए कपिल शर्मा ने रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में कदम रखा है। उनकी पत्नी गिन्नी चतरथ भी इससे जुड़ी हैं। रिपोर्ट्स का दावा है कि खालिस्तानी आतंकवादी और नेशनल इन्वेस्टिगेटिव एजेंसी (एनआईए) की लिस्ट में भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में शामिल हरजीत सिंह लाडी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। गोलीबारी के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीमें मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि हरजीत सिंह लाडी ने एक कॉमेडी शो के दौरान निहंग सिखों के खिलाफ टिप्पणी को लेकर कपिल शर्मा के कैफे पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। सोशल मीडिया पर हरजीत सिंह लाडी और तूफान सिंह नाम के एक अन्य व्यक्ति ने वीडियो के जरिए कपिल शर्मा को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की चेतावनी दी और कहा कि माफी नहीं मांगी तो मामला और बिगड़ सकता है।

## अमेरिका से नए शुल्क मसले पर वार्ता करेगा मेक्सिको



- राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए आयात शुल्क पर शीनबाम ने यह प्रतिक्रिया व्यक्त की

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने कहा है कि मेक्सिको का एक प्रतिनिधिमंडल अगले सप्ताह वाशिंगटन में अमेरिकी अधिका. रियों से मुलाकात कर नए व्यापार शुल्कों पर बातचीत कर बेहतर समाधान का प्रयास करेगा।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए आयात शुल्क पर उन्होंने यह प्रतिक्रिया व्यक्त की है। शीनबाम ने बुधवार को अपनी दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को वाशिंगटन डीसी जाएगा। शीनबाम ने कहा कि इस सप्ताह हमारी एक टीम इस वैश्विक समझौते पर काम करने के लिए अमेरिका की यात्रा पर जा रही है। हमने इस मामले में राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ जी7 में चर्चा की थी। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई वित्त मंत्री मार्सेलो एबरार्ड करेंगे और इसमें वित्त और विदेश मामलों के सचिवालयों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इस वार्ता का एजेंडा मुक्त व्यापार पर मौजूदा अमेरिका- मेक्सिको- कनाडा समझौते (यूएसएमसीए) से कही व्यापक होगा जिसमें सुरक्षा, आव्रजन और व्यापार के तीन प्रमुख मुद्दों पर व्यापक रणनीतिक सहयोग पर बात की जाएगी।

## ऑस्ट्रेलिया ने AI की मदद से नया सिंथेटिक प्रोटीन बनाया

- एआई ने प्रोटीन इंजीनियरिंग को दशकों से घटाकर सेकंडों में ला दिया है

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिकों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से एक सिंथेटिक प्रोटीन बनाया है जो ई. कोलाई जैसे एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी बैक्टीरिया को मारने में सक्षम है।

मेलबर्न स्थित मोनाश विश्वविद्यालय ने आज कहा कि यह पहली बार है जब किसी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने एआई का इस्तेमाल कर जैविक प्रोटीन बनाया है। इस उपलब्धि से ऑस्ट्रेलियाई टीम अधिक किफायती दवा बनाने और बीमा. रियों के निदान के लिए अनेक प्रकार के प्रोटीन तेज़ी से विक. सित करने वाले अमेरिका और चीन जैसे देशों की कतार में आ गई है। मोनाश विश्वविद्यालय के एक बयान के मुताबिक टीम ने उन्नत एआई-संचालित उपकरणों का उपयोग करके एआई प्रोटीन डिज़ाइन प्लेटफॉर्म विकसित किया है। इसमें हाल ही में विकसित सॉफ्टवेयर भी शामिल है जो दवा और चिकित्सकीय प्रयोगों के लिए प्रोटीन बनाने में सक्षम है। इस शोध दल के प्रमुख मोनाश विश्वविद्यालय में पीएचडी छात्र डैनियल फॉक्स ने कहा इन उपकरणों का इस्तेमाल कर हम प्रोटीन को एक विशिष्ट लक्ष्य या अणु अथवा रसायन के रूप में बांधने के लिए डिज़ाइन कर सकते हैं। इसकी मदद से बेहतर गतिविधि और स्थिर गुणों वाले एंजाइम डिज़ाइन कर सकते हैं।




शोध के सह-प्रमुख लेखक राइस ग्रिटर के अनुसार यह खोज अमेरिकी जैव रसायन और नोबेल पुरस्कार विजेता डेविड बेकर के अग्रणी कार्य पर आधारित है। नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित इस अध्ययन में बताया गया है कि एआई ने प्रोटीन इंजीनियरिंग को दशकों से घटाकर सेकंडों में ला दिया है जिससे संक्रमण, कैंसर, सर्पदंश और अन्य बीमारियों के इलाज में तेज़ी आई है।

## हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का मामला चलेगा

- प्रदर्शन कर रहे 1400 लोगों की हत्या का आरोप बांग्लादेश के पूर्व पुलिस प्रमुख ने जुर्म कबूला

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर गुरुवार को बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल (आईटीसी) ने मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में आरोप तय किए। हसीना के अलावा देश के पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व आईजीपी चौधरी अब्दुल्लाह अल मामून को सह-आरोपी बनाया गया है। मुकदमे की सुनवाई 3 अगस्त से शुरू होगी।

मामून ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है, और मामले में सरकारी गवाह बनने के लिए याचिका दायर की है। मामून फिलहाल जेल में हैं, ए मुकदमा बाकी दो आरोपियों की गैर मौजूदगी में चलेगा। आईटीसी में हसीना के खिलाफ अब तक 5 मामले दर्ज किए हैं। इसमें 1400 लोगों की हत्या, भीड़ को उकसाना और सरकारी ताकतों का गलत इस्तेमाल शामिल हैं। अगस्त, 2024 में तख्तापलट के बाद से हसीना भारत में रह रहीं हैं। क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने 6 जनवरी, 2025 को 11 और लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। देश के पूर्व आईजीपी चौधरी अब्दुल्लाह अल मामून ने कोर्ट में सरकारी गवाह बनने के लिए याचिका दायर की है। बांग्लादेश में 5 जून, 2024 को बांग्लादेश हाईकोर्ट ने जॉब में 30 प्रतिशत कोटा सिस्टम लागू किया था, इस आरक्षण के खिलाफ ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। यह आरक्षण स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिया जा रहा था। हालांकि, हसीना सरकार ने यह आरक्षण बाद में खत्म कर दिया था।




## रूसी सेना को मिली सुखोई जहाजों की एक और खेप

**मॉस्को।** यूक्रेन के साथ युद्ध में उलझी रूसी फौज को जंगी जहाज सुखोई -34 की एक और खेप मिल गई है। इन जहाजों को बनाने का काम यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (यूएसी) के पास है। यूएसी की मूल कंपनी रोस्टेक ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्रालय को लड़ाकू बमवर्षक सुखोई -34 की पांचवीं खेप सौंप दी गई है। रोस्टेक ने एक पायलट के हवाले से कहा कि सुखोई-34 की ताकत यह है कि यह कई तरह के कामों को बखूबी अंजाम दे सकता है। खासतौर पर इसके हथियारों की रेंज और लड़ाकू अभियानों को अंजाम देने के तरीका विशिष्ट है।







